# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-07-2022

# पीएसी में शामिल हुए 366 रिक्रूट

गोरखपुर (एसएनाबी)। मंगलवार को गोरखपुर के पुलिस लाइंस में 30वीं वटालियन पीएसी के और 26 वाहिनी पीएसी के कुल 366 रिक्रूट ट्रेनिंग पूरी करने के वाद पीएसी में शामिल हो गए। पुलिस लाइंस में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एडीजी जोन अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इसके वाद उन्होंने रिक्रूटों को देशभाव की शपथ दिलाया। पुलिस के अनुसार लाइंस में आयोजित दीक्षांत में कुल 247 जवान पास हुए। जवकि 250 जवान थे जिसमें से 249 ट्रेनिंग में आए थे। 2 रिक्रूट पास नही हुए। वंही पीएसी में हुए पासिंग आउट परेड में कुल 199 जवान ट्रेनिंग दिए और सभी पास हो गए।



26वीं वाहिनी पीएसी के दीक्षान्त परेड का निरीक्षण करतीं पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरन यादव।

**सर्वोच्च कैडेट को किया सम्मानित :** कार्यक्रम के दौरान ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अभिषेक राय को सर्वोच्च कैडेट से सम्मानित किया गया। पासिंग आउट परेड की सलामी कराने वाले परेड कमांडर कैडेट्स राघवेंद्र साहनी को भी पुरस्कार दिया गया। साथ ही अलग-अलग आंतरिक और वाह्य विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट को भी पुरस्कार दिया गया। तो वहीं पासिंग आउट परेड में सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार विपुल गुर्जर को दिया गया। इसके अलावा अजीत पटेल को भी पुरस्कार मिला।

एडीजी अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी लेकर दिलाया शपथ, सर्वोच्च कैडेट अभिषेक राय हुए सम्मानित

**कार्यक्रम में मौजूद रहे अधिकारी :** कार्यक्रम के दौरान गोरखपुर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरन यादव, 26वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक कुंतल किशोर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी लाइन राहुल भाटी, सीओ एलआईयू पंकज, सीओ लाइन प्रशाली गंगवार, सीओ ट्रैफिक जय प्रताप सिंह, आरटीसी प्रभारी मृत्युंजय राय, आरआरआई हरिशंकर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**रिक्रूट के मेहनत और परिश्रम का फल उन्हें आज मिला: एडीजी**

गोरखपुर। कार्यक्रम के दौरान रिक्रूट को संवोधित करते हुए एडीजी जोन अखिल कुमार ने पहले उन्हें शपथ दिलाई। रिक्रूट ने पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता, चौत्यता, परिश्रम से अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। एडीजी ने कहा कि आज जो ये रिक्रूट पीएसी का हिस्सा वन रहे हैं यह उनकी मेहनत, लगन और ट्रेनिंग के दौरान त्याग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि रिक्रूट की असली परीक्षा अव शुरू होगी। उन्हें पूरे मनोयोग और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर खुद को सावित करना होगा। जिससे पुलिस और पीएसी का मान वढ़े।

# कार सवार ने सिपाही को किया अगवा, कूद कर बचायी जान

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट थाने के सिपाही को कार सवार वदमाशों ने अगवा करने का प्रयास किया। कार से कूद कर सिपाही ने किसी तरह जान वचाई। पुलिस ने एक आरोपी को आजमगढ से कार सहित गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार 9 जुलाई की रात आजमगढ़ जिले से वेतियाहाता में वारात आयी थी। रात करीव दस वजे वारात में आये मनवढ़ युवक मुंशी प्रेम चन्द्र पार्क के पास मारपीट कर रहे थे। इस दौरान किसी ने ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पर तैनात सिपाही मंगलदीप यादव और सहयोगी देवेन्द्र यादव को सूचना दी। सादे वर्दी में वे अपने सहयोगी अर्जुन शर्मा व अशोक यादव के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मौके पर पहुंची तो शराव के नशे में मनवढ़ किसी को पीट रहे थे। मना करने के वाद भी मनवढ़ नहीं माने तो एक सिपाही मोवाइल से मनवढ़ों का वीडियो वनाने लगा। यह देख मनवढ़ों ने सिपाही मंगलदीप को कार में खींच कर वैठा लिया।

कार सवार मनवढ़ सिपाही को पीछे वैठा कर वाराणसी रोड की तरफ भाग निकले। मामले की जानकारी एसएसपी को दी गयी। एसएसपी ने फौरी तौर पर रात में ही एसपी सिटी को मामले को तत्काल टेकअप करने का निर्देश दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई तत्काल राजघाट थाने पहुंचे और कार नम्वर के आधार पर कार का लोकेशन लेना शुरू कर दिया। इसी वीच रास्ते में मनवढ़ों ने कार को रोका तो सिपाही कूद कर भाग निकला। कार सवार मनवढ़ों को यह पता नहीं था कि जिसे अगवा किया था वह सिपाही है। भाग कर सिपाही ने तत्काल एसपी सिटी को कार से कूद कर भागने की जानकारी दी। इस दौरान कार सवार रात में करीव तीन वजे आजगमढ़ अपने आवास पर पहुंच गए। एसपी सिटी की अगुवाई में दूसरे दिन सुवह पुलिस टीम आजमगढ़ रवाना हुई और आजमगढ़ कोतवाली इलाके के मातवरगंज निवासी उमेश साह्नी पुत्र लालवहादुर साहनी को दवोच लिया। घटना में इस्तेमाल कार भी वरामद कर लिया। इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने वताया कि कार सवार अन्य आरोपितों के खिलाफ कैंट थाने में सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों की पहचान हो गयी हैं। जहां घटना की रात में ही सिपाही को वरामद कर लिया साथ ही कार सवार वदमाशों का लोकेशन आजमगढ़ पता चला जहां पुलिस टीम ने आरोपी को मय गाड़ी के साथ इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय की टीम गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



एसपी सिटी की सर्तकता से सिपाही की बची जान, आरोपी हुआ बेनकाब

बेतियाहाता में मारपीट की सूचना पर पहुंचे थे ट्रासपोर्टनगर चौकी पर तैनात सिपाही

आजमगढ़ से दबोचा गया आरोपी, अपहरण का केस दर्ज भेजा गया जेल

# लावारिस वाहनों की खुली नीलामी आज

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)** । 13 जुलाई बुधवार को कैम्पियरगंज थाना परिसर में एसडीएम पंकज दीक्षित एवं प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह की उपस्थिति में लावारिस वाहनों (दो पहिया एवं चार पहिया) की खुली नीलामी होगी। उक्त जानकारी एस एस आई राकेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने वताया कि इच्छुक वोलीदाता प्रातः 11 वजे थाना परिसर में उपस्थित होकर वीस हजार रुपए जमानत राशि जमा कर वोली में भाग ले सकते हैं।

# वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। मारपीट के आरोपी राहुल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने वताया कि पिड़हनी निवासी सोनू यादव ने तहरीर देकर वताया कि प्रतिवादी गण द्वारा वादी को निजी हिस्से के खेत को कोड़ते समय गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डे से मारा पीटा गया जिससे वादी लहुलुहान होकर गिर गया। साथ ही आरोपियों के जान से मारने की धमकी दी। इस सम्वन्ध में पिड़हनी निवासी वादी सोनू यादव ने प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस ने राहुल यादव पुत्र भगवान यादव व भगवान यादव सहित चार व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 308੯323੯506 के तहत मुकदमा पंजीत किया गया। मंगलवार की सुवह पिड़हनी निवासी राहुल यादव को पुलिस टीम द्वारा पिड़हनी चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया।

# पांच के विरुद्ध हत्या का केस

बांसगांव (एसएनबी)। वांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कटवर में 4 जुलाई को दिन में गांव के वाहर एक युवक के पानी में गिरे होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर पुलिस शव स्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत युवक की पहचान राम सजीवन उर्फ सोनू के रुप मे हुई। मृतक की पत्नी शशिकला की तहरीर पर कटवर गांव के रंजीत श्रीवास्तव, हरिकेष, इंद्रसेन ,यतेन्द्र,डव्ल्यू के विरुद्ध 147, 149, 352, 302, 3(2)(अ),एससी एसटी की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

टीपीनगर (एसएनबी)। टीपी नगर चौकी प्रभारी अनूप कुमार मिश्रा ने एक व्यक्ति को मंगलवार की दोपहर चकरा दोयम अमरुतानी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित के पास से 500 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराव, 3 किलोग्राम यूरिया, 2 किलोग्राम नौसादर व एक वाइक वरामद की। आरोपित की पहचान प्रद्युम्न पुत्र पाहुल निवासी कठउर थाना रामगढ़ताल जिला गोरखपुर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपत को धारा 272 आईपीसी एवं 60 व 72 आवकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर न्यायालय भेजा दिया।

# रिश्वत लेने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर (एसएनबी)। रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए आरोपित हरैया तहसील के तत्काली राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम कोर्ट तनू भटनागर ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि 9 जून 2022 को शिकायतकर्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उसका कहना था कि उसकी पत्नी रेखा श्रीवास्तव के नाम ग्राम खेमराजपुर में एक बैनामा शुदा जमीन है। जिसकी पैमाईश के लिए उसकी पत्नी ने प्रार्थना पत्र एक वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी हरैया के न्यायालय में दाखिल किया था। प्रार्थना पत्र राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी को प्राप्त हुआ। शिकायतकर्ता अपनी जमीन की पैमाईश के लिए आरोपित राजस्व निरीक्षक से मिला तो आरोपित ने शिकायतकर्ता से जमीन की पैमाईश के लिए 15 हजार रुपया रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता की शिकायत पर एक ट्रैप टीम का गठन हुआ और आरोपित को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

# पीड़ितों को एफआईआर के लिए बारम्बार थाने पर न दौड़ाएं : योगी

**सीएम ने एनसीआर की जगह एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रित रहने को कहा**

**सीएम ने कहा- माफिया पनपने न पाएं**

गोरखपुर (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों के साथ बैठक में कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों को एफआईआर के लिए बारम्बार न दौड़ाया जाए। एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जाए और अपराध पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। माफियाओं को पनपने नहीं दिया जाए, समय रहते कार्रवाई कर उनके हौसले पस्त किए जाएं।

मुख्यमंत्री मंगलवार की शाम गोरखनाथ मंदिर में प्रशासन एवं पुलिस के अफसरों के साथ जिले की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा किये। उन्होंने कहा कि एनसीआर का कोरम पूरा करने के बजाय पुलिस एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रित रहे। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि 2021 की अपेक्षा कम एफआईआर दर्ज है जबकि एनसीआर की संख्या अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफआईआर की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं, लेकिन लोगों को न्याय मिलना चाहिए। एडीजी जोन अखिल कुमार ने मंदिर सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। बैठक में मुख्यमंत्री ने पूछा कि- आपके स्तर पर कार्रवाई हो रही है तो जनता दरबार में इतनी भीड़ क्यों आ रही है। उन्होंने कहा कि थाने और तहसील स्तर के मामले भी वहीं पर निस्तारित किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई की जाए। बड़े अफसर, नियमित इसकी समीक्षा करें। उन्होंने एसडीएम एवं सीओ को संयुक्त रूप से भ्रमण करने का निर्देश दिया। एडीजी जोन ने कुछ दिनों पहले एनेक्सी भवन में की गई जनसुनवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इसका काफी प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास करते रहने चाहिए। बैठक में काफी देर तक जनसुनवाई को लेकर ही चर्चा होती रही। मुख्यमंत्री इस मामले को लेकर काफी गंभीर थे। बैठक में जीडीए उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल में संचालन के लिए क्रूज का आर्डर हो चुका है। उन्होंने क्रूज व फ्लोटिंग रेस्त्रां की फोटो भी मुख्यमंत्री को दिखाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था हो कि लोग परिवार के साथ क्रूज का मजा ले सकें। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने जलभराव पर नियंत्रण के उपायों से अवगत कराया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि पैडलेगंज से फिराक चौराहा तक की सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने जलभराव से निपटने के लिए चल रही परियोजनाओं के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शराबी पति से लिया तलाक, अब कर रहा बदनाम

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 July):** शराबी पति की हरकत से तंग आकर महिला ने चार साल पहले तलाक ले लिया. इधर चार माह से पूर्व पति फेसबुक, इंस्टाग्राम पर महिला के नाम से फर्जी आइडी बनाकर आपत्तिजनक तस्वीर के साथ परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर शेयर कर रहा है, जिसको लेकर पूरा परिवार परेशान है. पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मियां बाजार के रहने वाले आरोपित के खिलाफ आइटी एक्ट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है.

महिला ने कोतवाली थाना पुलिस को बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के मियां बाजार निवासी युवक से हुई थी, जो नशे का आदी है. रोजाना रात को नशे में घर आने के बाद उसे प्रताड़ित करता था. सात साल तक यह सोचकर साथ रही कि सुधर जाएगा, लेकिन व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया. आजिज आकर चार साल पहले पति से तलाक ले लिया. चार माह पहले परिचितों ने बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर उसकी आपत्तिजनक तस्वीर किसी ने पोस्ट की है. जिस पर परिवार के लोगों के मोबाइल नंबर के साथ ही सभी लोगों के गलत कार्य में लिप्त होने की बात लिखी गई थी. छानबीन करने पर पता चला कि परिवार को बदनाम करने के लिए पूर्व पति ने फोटो पोस्ट की है. शिकायत करने पर आरोपित फोन कर जान से मारने की धमकी देता है. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है. आरोपित की तलाश चल रही है.

क्राइम करने गोरखपुर में...

# SHOOTER AGAIN

SHOCKING



"शहर में अमन शांति के लिए कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में हमेशा काम होता है. बड़े अपराधी जिन्होंने बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है या शूटर की श्रेणी में आते हैं, उनकी कुंडली एक बार फिर खंगाली जाएगी. उनका रूटिन क्या है, प्रेजेंट टाइम में क्या कर रहे है इसका पता लगाया जाएगा.

**डॉ. गौरव ग्रोवर,**
एसएसपी गोरखपुर

## शूटर को दी 3 लाख की सुपारी

**केस 01**

दस जुलाई को हरपुर बुदहट इलाके के रघुनाथपुर में महिला प्रधान को दरवाजे पर चढ़कर चार बदमाशों ने गोलियां मारी. इस मामले में पूर्व प्रधान पप्पू शुक्ला पर आरोप लगा कि उन्होंने शूटर को तीन लाख रुपए में महिला प्रधान को जान से मारने की सुपारी दी थी. घटना के दूसरे ही दिन पुलिस ने इसमें शामिल शॉर्प शूटर संजय यादव को अरेस्ट कर घटना का खुलासा कर दिया. शूटर संजय यादव पर 32 हत्या, हत्या का प्रयास समेत अन्य गंभीर धाराओं में अलग-अलग थानों में मुकदमा दर्ज है. इस मामले में अन्य आरोपियों को तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है.

## यूपी बिहार के माफिया के टच में शूटर

**केस 02**

चार जुलाई जब नए एसएसपी रात में गोरखपुर में पदभार ग्रहण कर रहे थे. उस दिन देर रात में कोतवाली के चरणलाल चौक पर रिटायर्ड दरोगा के बेटे रोहित सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना को अंजाम रोहित के दोस्तों ने ही दिया था. पुलिस की जांच में ये बात आई कि पांच लाख रुपए के लिए रोहित की हत्या हुई. लेकिन इस मामले में जो आरोपी बने वे सभी सूद से लगाए कई गलत काम लिप्त थे. यही नहीं इस घटना में शामिल शैलेन्द्र यादव शॉर्प सूटर भी है. गोरखपुर से लगाए बिहार तक में कई बड़ी घटनाओं को इसने अंजाम दिया है. शैलेन्द्र यादव को नाम कई बड़े शूटरों के साथ जोड़ा जाता है.

## सवाल बनकर रह गया कौन थे शूटर

**केस 02**

बड़हलगंज कोतवाली इलाके में 24 जून को सब्जी कारोबारी राजेन्द्र दुबे की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई. सुबह वो सब्जी लेकर वापस घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में बदमाशों ने उनके सीने में सटाकर गोली मारी. इस मामले में जमीन विवाद में हत्या की बात सामने आई. लेकिन हत्या करने का तरीका देखकर वहां के लोगों ने कहा कि शूटर की तरह बदमाश ने गोली मारी है. पुलिस ने भी इस बात को माना कि इस हत्या में किसी शूटर का इन्वाल्वमेंट हो सकता है. लेकिन अभी तक गोली मारने वालों का नाम पता पुलिस नहीं पता लगा पाई.

anurag.pandey@inext.co.in


**GORAKHPUR (12 July):** हाल फिलहाल में घटी ये 3 घटनाएं बता रही हैं कि भीगी बिल्ली बने बदमाश एक बार फिर सिर उठाने लगे हैं. कहीं ना कहीं खाकी का भी टेरर कम हुआ है. सीएम योगी सरकार में पुलिस का ऐसा टेरर बना था कि अपराधी खुद हाथ उठाए थाने पहुंचकर सरेंडर कर रहे थे. गोरखपुर में भी घर गृहस्थी, भाई-भाई के झगड़े छोड़कर बड़ी आपराधिक घटनाएं खत्म हो गई थीं और कई माफिया बदमाश तो दूसरे जिले में शिफ्ट हो गए थे. एक बार फिर गोरखपुर में अपराधी पांव पसार रहे हैं अगर पुलिस ने सख्ती नहीं दिखाई तो अपना शहर जो पहले अपराध के लिए जाना जाता था, फिर से वही पहचान बन जाएगी.

## इन घटनाओं ने शहर को किया बदनाम

- सात जुलाई को गुलरिहा इलाके में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई.
- दस जुलाई को हरपुर बुदहट में महिला प्रधान के घर चढ़कर हत्या का प्रयास.
- चार जुलाई को कोतवाली इलाके में दरोगा के बेटे की गोली मारकर हत्या
- 24 जून को बड़हलगंज में सब्जी कारोबारी की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या
- 27 जून को एक किशोरी के साथ कुसम्ही जंगल में गैंगरेप
- 25 जून को बहन का विडियो बनाने से रोकने पर युवक की हत्या
- 8 जुलाई को कैंट इलाके में मंदिर की देखभाल करने वाली वृद्ध महिला की हत्या




● दीक्षांत समारोह में एडीजी ने ली परेड की सलामी.





# पीएसी में शामिल हुए 366 रिक्रूट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 July):** पुलिस लाइंस में 30वीं बटालियन पीएसी के और 26 वाहिनी पीएससी के कुल 366 रिक्रूट ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मंगलवार को पीएसी में शामिल हो गए. गोरखपुर पुलिस लाइंस में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एडीजी जोन अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली. इसके बाद उन्होंने रिक्रूट जवानों को शपथ दिलाई. पुलिस के अनुसार लाइंस में आयोजित दीक्षांत में कुल 247 जवान पास हुए. जबकि 250 जवान थे, जिसमें से 249 ट्रेनिंग में आए थे. 2 रिक्रूट पास नही हुए. वहीं, पीएसी में हुए पासिंग आउट परेड में कुल 199 जवान ने ट्रेनिंग दी और सभी पास हो गए.

## सर्वोच्च कैडेट भी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अभिषेक राय को सर्वोच्च कैडेट से सम्मानित किया गया. पासिंग आउट परेड की सलामी कराने वाले परेड कमांडर कैडेट्स राघवेंद्र साहनी को भी पुरस्कार दिया गया. इस मौके पर गोरखपुर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरन यादव, 26वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक कुंतल किशोर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी लाइन राहुल भाटी आदि मौजूद रहे.

# सिपाही को बदमाशों ने किया किडनैप मालवाहक से कूदकर बचाई जान

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (12 July): राजघाट थाने के सिपाही को 9 जुलाई को बदमाशों द्वारा किडनैप करने का मामला प्रकाश में आया है. सिपाही मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने बीच-बचाव करने पहुंचा था, जिसके बाद उसे किडनैप किया गया. छात्रसंघ चौराहा पर सिपाही ने गाड़ी से कूदकर खुद को बचाया. गाड़ी नंबर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, मारपीट और धमकी देने का केस दर्ज कर कैंट पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया. वह आजमगढ़ जिले के रहने वाला है. वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है.

## मारपीट की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

इंस्पेक्टर कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि 9 जुलाई को आजमगढ़ से बेतियाहाता में बरात आई थी. रात करीब 10 बजे बरात में आए मनबढ़ युवक प्रेमचंद पार्क के पास मारपीट कर रहे थे. सूचना मिलने पर ट्रांसपोर्ट



पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

नगर चौकी पर तैनात सिपाही मंगलदीप यादव अपने सहयोगी सिपाही देवेंद्र यादव, अर्जुन शर्मा और अशोक यादव के साथ मौके पर पहुंचे.

## मारपीट कर गाड़ी में बैठा ले गए बदमाश

बीच-बचाव की कोशिश करने पर मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने मंगलदीप को खींचकर अपने मालवाहक टेंपो में बैठा लिया और पीटने के बाद अपने साथ लेते गए. इस बीच छात्रसंघ चौराहे पर मौका मिलते ही मंगलदीप गाड़ी से कूदकर भाग निकले. उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी. गाड़ी नंबर के आधार पर पुलिस 6 लोगों के खिलाफ अपहरण की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, धमकी देने का केस दर्ज कर जांच की जा रही थी.

## फरार बदमाशों की तलाश जारी

इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि घटना में इस्तेमाल गाड़ी आजमगढ़ जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के मातवरगंज निवासी उमेश साहनी की है. वह घटना के समय मौजूद था. मंगलवार को उसे पुलिस ने बेतियाहाता के पास गिरफ्तार कर लिया. वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान हो गई है. जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# शराबी पति से लिया तलाक, अब कर रहा बदनाम, मुकदमा दर्ज

- आरोपित ने फेसबुक व इंस्टाग्राम पर डाली आपत्तिजनक तस्वीर
- महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शराबी पति की हरकत से परेशान होकर महिला ने चार साल पहले उससे तलाक ले लिया। तबसे वह मायके में रहकर गुजारा कर रही है। इधर, चार माह पूर्व पति फेसबुक, इंस्टाग्राम पर महिला के नाम से फर्जी आइडी बनाकर आपत्तिजनक तस्वीर के साथ परिवार के लोगों का मोबाइल नंबर शेयर कर रहा है। इसको लेकर पूरा परिवार परेशान है। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने मियां बाजार के रहने वाले आरोपित के खिलाफ आईटी एक्ट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

महिला ने कोतवाली थाना पुलिस को बताया कि 11 साल पहले उसकी शादी कोतवाली क्षेत्र के मियां बाजार निवासी युवक से हुई थी। वह नशे का आदी है। रोजाना रात को नशे में घर आने के बाद उसे प्रताड़ित करता था। सात साल तक यह सोचकर साथ रही कि सुधर जाएगा लेकिनं व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ। आजिज आकर चार साल पहले पति से तलाक ले लिया। चार माह पहले परिचितों ने बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर उसकी आपत्तिजनक तस्वीर किसी ने पोस्ट की है। जिस पर परिवार के लोगों का मोबाइल नंबर के साथ ही सभी लोगों के गलत कार्य में लिप्त होने की बात लिखी गई थी। छानबीन करने पर पता चला कि परिवार को बदनाम करने के लिए पूर्व पति ने फोटो पोस्ट किया है। पूछने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इंटरनेट मीडिया पर शेयर हुए फोटो व मोबाइल नंबर की वजह से पूरे परिवार की बदनामी हो रही है।

## पॉक्सो एक्ट के आरोपी के घर की होगी कुर्की

बांसगांव। 16 माह पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर अपहृत करने के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर बांसगांव पुलिस ने मंगलवार को कुर्की का नोटिस चस्पा किया और मुनादी कराई है। 27 मार्च को बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पालीखास निवासी व्यक्ति ने बताया कि 15 वर्षीया भांजी को गांव का ही वसीम पुत्र नसीरूद्दीन बहला फुसलाकर गोरखपुर ले गया।

## मारपीट में आरोपित वांछित की गिरफ्तारी

बड़हलगंज। मारपीट के आरोपी राहुल यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मंगलवार को कोतवाल मधूपनाथ मिश्र ने बताया कि पिड़हनी निवासी सोनू यादव ने तहरीर देकर बताया कि प्रतिवादी गण द्वारा वादी को निजी हिस्से के खेत को कोड़ते समय गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डे से पीटकर लहुलुहान कर दिया।

# 50 दिन बाद भी खाली हाथ पुलिस

**बमनाथ हत्याकांड**

## जनसुनवाई पोर्टल पर परिजनों ने लगाई गुहार

बमनाथ की हत्या के बाद से ही परिजन थाने से लेकर अधिकारियों के कार्यालय तक चक्कर लगा रहे हैं। कुछ दिन पहले परिजनों ने जनसुनवाई पोर्टल पर हत्याकांड के खुलासे को लेकर पुलिस पर सुस्ती का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। आईजीआरएस रिपोर्ट में बीट पुलिस अधिकारी ने आख्या लगाई है कि हत्यारों के विषय में जानकारी करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**गगहा, हिन्दुस्तान संवाद।** गगहा थाना क्षेत्र के कोठा निवासी बमनाथ दुबे (60) की हत्या के 50 दिन बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने हत्याकांड के खुलासे के लिए गगहा थाना से दो टीमों का गठन किया था। लेकिन, अभी तक पुलिस को कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लगा है। कई लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन फिर छोड़ दिया।

हालांकि, पुलिस का दावा है कि सभी बिंदु पर जांच चल रही है। इससे पुलिस हत्यारों तक पहुंच सके। तत्कालीन एसओ संजय कुमार सिंह को हटाए जाने के बाद नए एसओ विनोद कुमार अग्निहोत्री ने मामले का खुलासा करने के लिए नए सिरे से जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। बता दें कि 19 मई को इलाके के कोठा नहर के पास एक खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था।

पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया था लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। 20 को मोर्चरी में रखे शव की शिनाख्त कोठा निवासी बमनाथ दुबे (60) के रूप में मृतक के सबसे छोटे बेटे प्रभाशंकर ने की थी। परिजनों का कहना था कि मृतक बमनाथ दुबे 17 मई को रात 10 बजे घर से निकले थे और फिर घर नहीं लौटे थे। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से गला रेतने एवं शरीर के अन्य जगहों पर जख्म मिलने की पुष्टि हुई है।

रिपोर्ट में यह सामने आया कि मृतक के शरीर पर कई घाव थे और उसे बेरहमी से पीटा भी गया था। छोटे बेटे प्रभाशंकर के तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया।

# पांच के खिलाफ हत्या व एससीएसटी का केस

बांसगांव। थाना क्षेत्र के ग्राम कटवर के समीप नहर के पास बने पानी से भरे एक बड़े गड्ढे से पुलिस द्वारा गत 6 जुलाई को 35 वर्षीय रामसजीवन उर्फ सोनू के बरामद किये गये शव की घटना में युवक की मां शशिकला पत्नी स्वामीनाथ की तहरीर पर पुलिस ने कटवर निवासी रंजीत श्रीवास्तव, हरिकेश, इन्द्रसेन यादव, यतेन्द्र तथा डब्लू सहित पांच के खिलाफ 147, 149, 352, 302, 506 तथा एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (2) 5 के तहत केस दर्ज किया है।

# जिले में ट्रेनिंग पूरी कर पीएसी में शामिल हुए 446 रिक्रूट

**दीक्षांत समारोह**

**26** वीं वाहिनी पीएसी परिसर के दीक्षांत में शामिल हुए 199 रिक्रूट

- पुलिस लाइंस परिसर के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए 247 रिक्रूट
- गोंडा और बाराबंकी पीएसी के रिक्रूटों की यहां चल रही थी ट्रेनिंग



पीएसी ग्राउण्ड पर मंगलवार को दीक्षान्त परेड में मार्चपास्ट करते रिक्रूट आरक्षी। • हिन्दुस्तान

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर में पीटीएस और पुलिस लाइंस में ट्रेनिंग पूरी करने के बाद 446 रिक्रूट मंगलवार को पीएसी में शामिल हो गए। 26वीं वाहिनी स्थित पीएसी ग्राउंड में पीटीएस में ट्रेनिंग लिए 199 रिक्रूट तो वहीं गोरखपुर पुलिस लाइंस में ट्रेनिंग पाए 247 रिक्रूटों का पुलिस लाइंस में दीक्षांत समारोह हुआ।

पुलिस लाइंस में आयोजित दीक्षांत में मुख्य अतिथि एडीजी जोन अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। पीएसी में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक किरण यादव व सेनानायक कुन्तल किशोर ने परेड की सलामी ली।

**30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा के 250 रिक्रूट का हो रही थी ट्रेनिंग** :पुलिस लाइन गोरखपुर में आधारभूत प्रशिक्षण के लिए 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा से 250 पीएसी रिक्रूट आरक्षी आवंटित होकर आए थे। 13 जनवरी 2022 से पुलिस लाइन गोरखपुर में मृत्युंजय राय प्रभारी आरटीसी की देखरेख में इनकी ट्रेनिंग शुरू हुई। 249 पीएसी रिक्रूट वाह्य एवं अन्तः विषय के अंतिम परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें से 247 पीएसी रिक्रूट आरक्षी उत्तीर्ण होकर दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित हुए। सर्वांग सर्वोत्तम अभिषेक राय चेस्ट को प्रथम तथा राघवेन्द्र साहनी को द्वितीय और अजीत पटेल को तृतीय पुरस्कार मिला।

**रिक्रूट के मेहनत और परिश्रम का फल मिला:** रिक्रूट को संबोधित करते हुए एडीजी जोन ने पहले उन्हें शपथ दिलाई। रिक्रूट ने पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता, चैत्यता, परिश्रम से अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। एडीजी ने कहा कि आज जो ये रिक्रूट पीएसी का हिस्सा बन रहे हैं यह उनकी मेहनत, लगन और ट्रेनिंग के दौरान त्याग का परिणाम है।

**199 रिक्रूटों ने ली देश सेवा की शपथ:** 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में 10वीं वाहिनी बाराबंकी के 199 रिक्रूट आरक्षियों ने पासिंग आउट परेड में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरण यादव व सेनानायक कुन्तल किशोर ने विजेता आरक्षियों को पुरस्कृत किया।

# तीन के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के अपहरण करने का मामला सामने आया था। मंगलवार को पुलिस ने नाबालिग की मां की तहरीर पर तीन के खिलाफ अपहरण के साथ ही अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। नाबालिग की मां का आरोप है कि उसकी 17 वर्ष की पुत्री 11 जुलाई की रात नौ बजे घर के बाहर दरवाजे पर बैठी थी। गांव के ही तीन लोग पुरानी रंजिश को लेकर अपने दबंगई के बल पर उसकी पुत्री को दरवाजे से जबरन उठा ले गए।

# हत्या के जुर्म में एक को आजीवन कारावास

**गोरखपुर।** हत्या के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सीयर निवासी अभियुक्त रामकिशुन को आजीवन कारावास एवं 22 हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं बृजेश सिंह का कहना था कि वादी उदयराज खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सीयर का निवासी है। 24 जून 2017 को वादी के गांव के ही अभियुक्त रामकिशुन ने वादी के लड़के रामनयन की अपने ही घर में हत्या कर लाश छत की कुंडी से लटका दिया।

# दबंगों ने सिपाही को अगवा किया, एक पकड़ा गया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने बीच-बचाव करने पहुंचे टीपीनगर चौकी के सिपाही को अगवा कर लिया। छात्रसंघ चौराहा पर सिपाही ने गाड़ी से कूदकर खुद को बचाया। गाड़ी नंबर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदम दर्ज कर जांच कर रही कैंट पुलिस ने मंगलवार की सुबह आजमगढ़ जिले के रहने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि नौ जुलाई को आजमगढ़ से बेतियाहाता में बारात आयी थी। रात में 10 बजे बारात आए मनबढ़ युवक प्रेमचंद पार्क के पास मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने पर टीपीनगर चौकी पर तैनात सिपाही मंगलदीप यादव अपने सहयोगी सिपाही देवेंद्र यादव, अर्जुन शर्मा व अशोक यादव के साथ मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने की कोशिश करने पर मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने

- टीपीनगर चौकी पर तैनात सिपाही मारपीट होने पर पहुंचा था
- आजमगढ़ के रहने वाले आरोपित बेतियाहाता में आए थे बारात में

मंगलदीप को खींचकर अपने मालवाहक टेंपो में बैठा लिया। पकड़कर पीटने के बाद अपने साथ ले जाने लगे। छात्रसंघ चौराहा पर मौका मिलते ही गाड़ी से कूद गया।

गाड़ी नंबर के आधार पर अपहरण की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, धमकी देने का छह अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। छानबीन में जानकारी मिली कि घटना में इस्तेमाल गाड़ी आजमगढ़ जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के मातवरगंज निवासी उमेश साहनी की है। वह घटना के समय मौजूद था। मंगलवार की सुबह आरोपित को बेतियाहाता के पास गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान हो गई है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# किसी भी दशा में कोई नया माफिया न पनपे

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी दशा में कोई नया माफिया पनपना नहीं चाहिए। माफिया के हौसले पस्त करें। उन्होंने कहा कि एनसीआर के स्थान पर एफआईआर दर्ज करें। थाने पर आने वाले पीड़ितों को एफआईआर के लिए दौड़ाएं नहीं बल्कि आरोप सही हो तो एफआईआर दर्ज कर तफ्तीश करें।

मुख्यमंत्री मंगलवार की शाम गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एफआइआर दर्ज करने में लापरवाही न करें। सीएम के पूछने पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 2021 में अपेक्षाकृत कम एफआइआर दर्ज हैं जबकि एनसीआर की संख्या अधिक है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि लोगों को न्याय मिले, इसके लिए एफआइआर की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं। एडीजी जोन अखिल कुमार ने मंदिर सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना से सीएम को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आने वाली भीड़ को लेकर सभी अधिकारियों से सवाल किए। पूछा कि आखिर जनता दर्शन से ही उम्मीद क्यों है? निर्देश दिया कि समस्याओं का निस्तारण थाना व तहसील स्तर पर गंभीरता से करें।

**अफसरों ने दिया भरोसा :** अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर निस्तारण कराया जाएगा। एसडीएम एवं सीओ भी संयुक्त रूप से भ्रमण करेंगे। एडीजी जोन ने कुछ दिनों पहले एनेक्सी भवन में की गई जन सुनवाई का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास करते रहने चाहिए।

## जलभराव नियंत्रण की समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जलभराव के कार्यों की समीक्षा की। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने जलभराव पर नियंत्रण के लिए किए गए उपायों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि पैडलेगंज से फिराक चौराहे तक की सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इस सड़क के चौड़ीकरण का निर्देश पिछले दौरे पर मुख्यमंत्री ने दिया था।

# मनबढ़ों ने सिपाही को किया अगवा, एक गिरफ्तार

## मारपीट की सूचना पर टीपीनगर चौकी के सिपाही पहुंचे थे, आरोपितों की तलाश तेज

- आजमगढ़ के रहने वाले आरोपित बेतियाहाता में आए थे बरात
- छात्रसंघ चौराहे पर सिपाही ने गाड़ी से कूदकर खुद को बचाया

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने बीच-बचाव करने पहुंचे टीपी नगर चौकी के सिपाही को अगवा कर लिया। छात्रसंघ चौराहे पर सिपाही ने गाड़ी से कूदकर खुद को बचाया। गाड़ी नंबर के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, मारपीट व धमकी देने का मुकदम दर्ज कर जांच कर रही कैंट थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह आजमगढ़ जिले के रहने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि नौ जुलाई को आजमगढ़ से बेतियाहाता में बरात आयी थी। रात में 10 बजे बरात आए युवक प्रेमचंद पार्क के पास मारपीट कर रहे थे। सूचना मिलने पर राजघाट थाने के टीपी नगर चौकी पर तैनात सिपाही मंगलदीप यादव सहयोगी सिपाही देवेंद्र यादव, अर्जुन शर्मा व अशोक यादव के साथ मौके पर पहुंचे। बीच-बचाव करने पर मारपीट कर रहे मनबढ़ों ने मंगलदीप को मालवाहक टेंपो में खींच लिया। उसकी पिटाई करने के बाद अपने साथ ले जाने लगे। छात्रसंघ चौराहे पर मौका मिलते ही मंगलदीप गाड़ी से कूद गया। गाड़ी नंबर के आधार पर अपहरण की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, बलवा, धमकी देने का छह अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। छानबीन में जानकारी मिली कि घटना में इस्तेमाल गाड़ी आजमगढ़ जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र के मातवरगंज निवासी उमेश साहनी की है। वह घटना के समय मौजूद था। मंगलवार की सुबह आरोपित को बेतियाहाता के पास गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान हो गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मारपीट के बाद सिपाही को अगवा करने का आरोपित • जागरण

# एफआइआर करने में कंजूसी न बरतें

## सीएम ने गोरखनाथ मंदिर में की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि थाने पर आने वाले पीड़ितों को एफआइआर के लिए दौड़ाया न जाए। उनकी एफआइआर आसानी से दर्ज की जाए। एनसीआर की जगह एफआइआर दर्ज करने पर फोकस करें और यह ध्यान रहे कि किसी भी दशा में माफिया पनपने नहीं चाहिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार की शाम को गोरखनाथ मंदिर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर एफआइआर दर्ज करने में कंजूसी न हो। एसएसपी गौरव ग्रोवर ने बताया कि 2021 में अपेक्षाकृत कम एफआइआर दर्ज हैं जबकि एनसीआर की संख्या अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफआइआर की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं लेकिन लोगों को न्याय मिलना चाहिए। एडीजी जोन अखिल कुमार ने मंदिर सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आने वाली भीड़ को लेकर सभी अधिकारियों से सवाल किया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि थाना व तहसील स्तर पर समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा। एसडीएम एवं सीओ को संयुक्त रूप से भ्रमण करने को कहा जाएगा।

एडीजी जोन ने एनेक्सी भवन में की गई जनसुनवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इसका काफी प्रभाव पड़ा है। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने सड़कों के विस्तारीकरण और नई पर योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जीडीए उपाध्यक्ष प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि रामगढ़ताल में संचालन के लिए क्रूज का



सीएम का बालप्रेम : गोरखपुर क्लब में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बालप्रेम उमड़ पड़ा। अन्नप्राशन से पहले बच्ची को गोद में लेकर दुलारने लगे। ● संगम दूबे

- **एफआइआर की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं लोगों को न्याय मिलना चाहिए**
- **यह ध्यान रहे कि किसी भी दशा में प्रदेश में माफिया नहीं पनपने चाहिए**

आर्डर हो चुका है। उन्होंने क्रूज व फ्लोटिंग रेस्टोरेंट की फोटो भी मुख्यमंत्री को दिखाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था हो कि लोग परिवार के साथ क्रूज का मजा ले सकें। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने जलभराव पर नियंत्रण के लिए किए गए उपायों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि पैडलेगंज से फिराक चौराहा तक की सड़क को फोरलेन करने का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। इस सड़क के चौड़ीकरण का निर्देश पिछले दौरे पर मुख्यमंत्री ने दिया था। मुख्यमंत्री ने जलभराव से निपटने के लिए चल रही परियोजनाओं के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्यारोपित को आजीवन कारावास

**गोरखपुर :** हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश मिश्र ने खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सीयर निवासी अभियुक्त रामकिशुन को आजीवन कारावास एवं 22 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को सात माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं बृजेश सिंह का कहना था कि वादी उदयराज खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सीयर का निवासी है। 24 जून 2017 को वादी के गांव के ही अभियुक्त रामकिशुन ने वादी के लड़के रामनयन की अपने ही घर में हत्या कर शव छत की कुंडी से लटका दिया। घटना से एक सप्ताह पूर्व अभियुक्त ने मृतक को हत्या करने की धमकी भी दी थी।

# जनता बनाएगी पुलिस के आपरेशन त्रिनेत्र का लोगो

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** आपरेशन त्रिनेत्र का लोगो भी जनता बनाएगी। बुधवार से शुरू हो रही आनलाइन प्रतियोगिता 10 दिन तक चलेगी। विजयी प्रतिभागियों को सिनेमा का टिकट, उपहार व फ्री भोजन का कूपन मिलेगा। एडीजी जोन कार्यालय से जारी हुए वाट्सएप नंबर व ईमेल आइडी पर प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को लोगो के साथ अपना नाम, मोबाइल नंबर भेजना होगा। एडीजी अखिल कुमार की पहल पर जोन के सभी जिलों की पुलिस जनसहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर सीसी कैमरे लगवा रही है। इसे आपरेशन त्रिनेत्र नाम दिया गया है। शहर में इस अभियान से डाक्टर, इंजीनियर, व्यापारी, स्कूल, कोचिंग, नर्सिंग होम संचालक तेजी से जुड़ रहे हैं।

सीसी कैमरे लगवाने के लिए 55 चौराहा को गोद ले चुके हैं। आपरेशन त्रिनेत्र के लोगो का चयन करने के लिए आनलाइन प्रतियोगिता कराई जा रही है जिसका जिम्मा ओरियन माल के संचालक ने लिया है। इस प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का कोई भी छात्र-छात्र व व्यक्ति भाग ले सकता है। आपरेशन त्रिनेत्र का लोगो बनाकर मोबाइल नंबर 9517636465 पर वाट्सएप करने के साथ ही ईमेल आइडी Info@orionmalgo:akhpur.com पर भी भेज सकते हैं।

- **आज से शुरु होगी आनलाइन प्रतियोगिता**
- **प्रथम,द्वितीय व तृतीय विजेता को मिलेगा इनाम**

**इस तरह बनाना है लोगो :** आपरेशन त्रिनेत्र का लोगो बनाने के लिए कुछ शर्त भी जिसका पालन करना है।

लोगो के बैकड्राप में कैमरा लगाने वाले का नाम व त्रिनेत्र को अंकित करना है। इसको बनाने में अलग-अलग रंग व डिलाइन का प्रयोग किया जा सकता है। 22 जुलाई तक चलने वाली प्रतियोगिता के विजेता का चयन निर्णाणक मंडल करेगा।

# युवक को मृत समझ सड़क किनारे छोड़ भागे आरोपित

**भटहट कस्बे में मंगलवार की सुबह मिला अचेत, पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया महराजगंज जिले के युवक को**

**जागरण संवाददाता, भटहट :** परिचितों के साथ सोमवार की शाम भटहट कस्बे में आया युवक मंगलवार की सुबह गंभीर स्थिति में सड़क किनारे मिला। बेरहमी से उसे पीटा गया था। आशंका जताई जा रही है कि अचेत होने पर मृत समझकर आरोपित फरार हो गए थे। महराजगंज जिले के रहने वाले युवक को गुलरिहा थाना पुलिस ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।

महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र स्थित परसिया इंद्रपुर निवासी रामनगीना सोमवार की शाम घर से अकेले निकले थे। रास्ते में मिले गांव के तीन युवकों के साथ घूमने के लिए भटहट चले आए। देर रात तक घर न पहुंचने पर स्वजन ने खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। मोबाइल नंबर भी बंद बता रहा था। मंगलवार की सुबह गुलरिहा थाना पुलिस ने भटहट बाजार में सड़क किनारे अचेत मिलने की सूचना दी। स्वजन को आरोप है कि शराब पीने के दौरान हुए विवाद में रामनगीना को पीटा गया है। भटहट चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि घायल के होश में आने पर स्थिति स्पष्ट होगी। साथ में आए युवक कौन थे, उनके बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# पीएसी में शामिल हुए 366 रिक्रूट


पीएसी कैंप बिछिया में परेड का निरीक्षण करती एसपी पीटीएस किरन यादव ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पुलिस लाइन में 30वीं बटालियन पीएसी और पीएसी परिसर में प्रशिक्षण ले रहे 366 रिक्रूट प्रशिक्षण पूरा होने के बाद मंगलवार को पीएसी में शामिल हो गए। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित दीक्षांत में मुख्य अतिथि एडीजी जोन अखिल कुमार व पीएसी में एसपी पीटीएस किरन यादव ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली और रिक्रूटों को देश सेवा की शपथ दिलाई।

एडीजी जोन अखिल कुमार ने शपथ दिलाते हुए कहा कि रिक्रूट ने पूरी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, निष्पक्षता,परिश्रम से अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ ली। आज से सभी लोग पीएसी का हिस्सा बन गए हैं। सभी की असली परीक्षा अब शुरू होगी।पूरे मनोयोग और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर खुद को साबित करें ताकि पुलिस और पीएसी का मान बढ़े।

परेड ग्राउंड आयोजित दीक्षांत में 247 रिक्रूट शामिल हुए।पुलिस लाइन में 250 रिक्रूट का प्रशिक्षण होना था जिसमें 249 शामिल हुए। इसमें दो रिक्रूट फेल हो गए।

पीएसी परिसर में कुल 199 रिक्रूट का प्रशिक्षण हुआ जिसमें सभी पास हो गए।एडीजी जोन अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड के बाद प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट अभिषेक राय व परेड कमांडर राघवेंद्र साहनी को पुरस्कार किया।आंतरिक और बाह्य विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट को भी सम्मानित किया गया। पासिंग आउट परेड में सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार विपुल गुर्जर को दिया गया।परेड ग्राउंड में आयोजित पासिंग आउट परेड के दौरान एसएसपी डा. विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी नार्थ मनोज अवस्थी, एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह, एसपी लाइन राहुल भाटी,एसपी यातायात डा. एमपी सिंह,पीएसी परिसर में कमांडेंट 26वीं वाहिनी पीएसी कुंतल किशोर, उप सेनानायक राजेश कुमार यादव, सहायक सेनानायक निष्ठा उपाध्याय, सहायक शिविर पाल रविन्द्र सिंह, आरटीसी प्रभारी संजय राय उपस्थित रहे।

# देश सेवा का संकल्प लेकर 366 रिक्रूट पीएसी में शामिल

## पुलिस लाइंस में एडीजी जोन अखिल कुमार ने ली सलामी, अभिषेक राय को सर्वोच्च कैडेट चुना गया

अमर उजाला ब्यूरो



एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर व अन्य अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षिओं के साथ तस्वीर खिचाई। संवाद

**गोरखपुर।** पुलिस लाइंस में 30वीं बटालियन पीएसी और पीएसी कैंपस में 20वीं वाहिनी पीएसी के कुल 366 रिक्रूट ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मंगलवार को पीएसी में शामिल हो गए।

गोरखपुर पुलिस लाइंस में आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एडीजी जोन अखिल कुमार ने पासिंग आउट परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने रिक्रूटों को शपथ दिलाई। सभी ने देश सेवा का संकल्प लिया। पुलिस लाइंस में कुल 249 रिक्रूट ट्रेनिंग का हिस्सा बनें। जिनमें दो पास नहीं हुए। पीएसी कैंपस में में 199 रिक्रूट को ट्रेनिंग दी गई और सभी पास हो गए।

दीक्षांत समारोह के दौरान ट्रेनिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अभिषेक राय को सर्वोच्च कैडेट का पुरस्कार दिया गया। पासिंग आउट परेड की सलामी कराने वाले परेड कमांडर कैडेट्स राघवेंद्र साहनी को भी पुरस्कार दिया गया। साथ ही आंतरिक और बाह्य विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट भी पुरस्कृत किए गए। पासिंग आउट परेड में सर्वांग सर्वोत्तम का पुरस्कार विपुल गुर्जर को दिया गया। इसके अलावा अजीत पटेल को भी पुरस्कार मिला।

एडीजी जोन अखिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रिक्रूट की असली परीक्षा अब शुरू होगी। उन्हें पूरे मनोयोग और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन कर खुद को साबित करना होगा। जिससे पुलिस और पीएसी का मान बढ़े।

कार्यक्रम में गोरखपुर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, पुलिस अधीक्षक पीटीएस किरन यादव, 26वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक कुंतल किशोर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी लाइन राहुल भाटी,आरटीसी प्रभारी मृत्युंजय राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दिव्यांग युवक का अंतिम संस्कार करने आए लोग शव छोड़ भागे

## सिकरीगंज के नरायनपुर उर्फ कोटिया के रहने वाले थे सिकंदर

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** बोरे में दिव्यांग युवक का शव लेकर कुछ लोग सोमवार रात आमी नदी के अजगईबा घाट पर अंतिम संस्कार करने पहुंचे। डोम ने शव की स्थिति देखकर हत्या की आशंका जताते हुए डायल 112 पर सूचना दी।

पुलिस ने चिता से अधजली लाश को कब्जे में ले लिया। जबकि शव लेकर आए लोग भाग निकले। परिजनों ने मामा पर साथियों के साथ मिलकर दिव्यांग भांजे की हत्या

### मामा समेत तीन लोगों पर हत्या के आरोप में केस दर्ज

करने का आरोप लगाया है।

वाराणसी जिले के चौक क्षेत्र के मीरघाट निवासी रोहित चौधरी ने बताया कि वह आमी नदी के अजगईबा घाट पर डोम का काम करते हैं। सोमवार रात तीन लोग बोरे में शव लेकर घाट पर अंतिम संस्कार करने आए। शव की स्थिति देखकर आशंका हुई कि हत्या करचुपके से शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पूछताछ करने पर तीनों चिता पर रखे शव को छोड़कर भाग गए।

डोम ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कोतवाली क्षेत्र के जंगलऊन के बेलदारी टोला निवासी संजय अपने दो साथियों के साथ भांजे सिकंदर पुत्र रामनगीना निवासी नरायनपुर उर्फ कोटिया थाना सिकरीगंज जिला गोरखपुर का शव लेकर थे। पिता राम नगीना ने साले संजय पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। कोतवाल ने बताया कि डोम रोहित चौधरी की तहरीर पर मामले में केस दर्ज किया गया है।

# हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर एक को आजीवन कारावास

## साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त पर 22 हजार रुपये का अर्थदंड भी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। खजनी इलाके में युवक की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का जुर्म सिद्ध होने पर कोर्ट ने आरोपी सीयर निवासी रामकिशुन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश मिश्र ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त पर 22 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर सात माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ल एवं बृजेश सिंह का कहना था कि वादी उदयराज खजनी थाना क्षेत्र के ग्राम सीयर का निवासी है।

बताया गया कि 24 जून 2017 को वादी के गांव के ही अभियुक्त रामकिशुन ने वादी के लड़के रामनयन की अपने ही घर में हत्या कर लाश छत की कुंडी से लटका दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की धारा में केस दर्ज किया। तत्कालीन इंस्पेक्टर नासिर हुसैन ने विवेचना कर चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने मंगलवार को सजा सुनाई गई।

## घूस लेने के आरोपी राजस्व निरीक्षक की जमानत नामंजूर

गोरखपुर। रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए हरैया तहसील के तत्कालीन राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी गई। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम न्यायालय तनू भटनागर ने जमानत अर्जी खारिज करने का फैसला सुनाया।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रमेश राम त्रिपाठी का कहना था कि 9 जून 2022 को शिकायतकर्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उनका कहना था कि उनकी पत्नी रेखा श्रीवास्तव के नाम ग्राम खेमराजपुर में एक बैनामा शुदा जमीन है। जिसकी पैमाइश के लिए उनकी पत्नी ने एक प्रार्थना पत्र एक वर्ष पूर्व उपजिलाधिकारी हरैया के न्यायालय में दाखिल किया था, जो राजस्व निरीक्षक घनश्याम चौधरी को प्राप्त हुआ। शिकायतकर्ता अपनी जमीन की पैमाइश के लिए आरोपी राजस्व निरीक्षक से मिला। आरोपी ने शिकायतकर्ता से जमीन की पैमाइश के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। पीड़ित की शिकायत पर एक ट्रैप टीम का गठन हुआ और आरोपित को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। ब्यूरो

# सिपाही मंगलदीप का अपहरण करने का आरोपी उमेश गिरफ्तार

## नौ जुलाई को जबरन बैठा लिया था गाड़ी में, रास्ते में की थी मारपीट, गाड़ी से कूदकर बचाई थी जान

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** सिपाही मंगलदीप यादव के अपहरण और मारपीट के आरोपी को कैंट पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने नौ जुलाई की रात सिपाही को उस वक्त जबरन गाड़ी में बैठा लिया था जब वह मुंशी प्रेमचंद्र पार्क के पास मारपीट की सूचना पर गए थे। आरोपी ने सिपाही को गाड़ी में बैठाने के बाद मारापीटा भी था। छात्रसंघ चौराहे के पास सिपाही ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई थी।

गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को दूध मंडी-बेतियाहाता रोड से गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। पूछताछ में कुछ और आरोपियों का नाम सामने आए हैं। पुलिस ने आरोपी की गाड़ी बरामद कर ली है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आजमगढ़ के कोतवाली इलाके के मातवगंज निवासी उमेश साहनी के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि सिपाही ने मारपीट करने से रोका था, इस वजह से उसे गाड़ी में जबरन बैठा लिया था।

### कैंट पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर केस दर्ज किया था



गिरफ्तार आरोपी उमेश साहनी।

जानकारी के मुताबिक, गाजीपुर के मरदह थाना क्षेत्र के बैदवली गांव निवासी मंगलदीप यादव की वर्तमान में ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी में तैनाती है। नौ जुलाई की रात लगभग 12:07 बजे वह ड्यूटी पर थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने मारपीट की सूचना दी। कहा कि मुंशी प्रेमचंद पार्क के पास कुष्ठ सेवा आश्रम के करीब कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं।

सूचना पर मंगलदीप साथी सिपाही देवेंद्र यादव, अर्जुन शर्मा व अशोक यादव के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कुछ लोग मारपीट कर रहे थे। इससे एक व्यक्ति को चोट लगी थी। घायल को अस्पताल ले जाने की बात की जा रही थी।

इसी दौरान मारपीट के आरोपी ने मंगलदीप यादव को जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया। सिपाही ने विरोध किया तो उस पर ईंट से हमला किया। खुद को सुरक्षित न देख मंगलदीप ने छात्रसंघ चौराहे के पास गाड़ी से कूदकर जान बचाई। कैंट पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर लोकसेवक के काम में बाधा डालने, अपहरण, मारपीट, बलवा की धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

सिपाही के अपहरण के मामले में गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भिजवा दिया है। -**कृष्ण कुमार विश्नोई,** एसपी सिटी

### आरोपी का पीछा करते आजमगढ़ सीमा तक पहुंच गए थे एसपी सिटी

**घटना** की जानकारी होने पर एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई रात में खुद अपनी गाड़ी दौड़ा दी। आरोपी का नंबर उनके हाथ लग गया था। सर्विलांस की मदद से वह आजमगढ़ बार्डर तक पहुंच गए थे, लेकिन इसके बाद संपर्क टूट गया। बाद में एसपी सिटी के आदेश पर कैंट पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपी को दबोच लिया।

### साथी सिपाही समझ ही नहीं पाए

**साथ** में गए सिपाही मारपीट वाले स्थान पर थे, इस बीच कुछ दूरी पर आए मंगलदीप का अपहरण हो गया। साथी सिपाहियों को इस बारे में पता चलता तब तक आरोपी मंगलदीप को लेकर छात्रसंघ चौराहे के पास पहुंच गए थे।

# एनसीआर की जगह केस दर्ज करें : मुख्यमंत्री योगी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस को एनसीआर दर्ज करके कोरम पूरा करने से बचना चाहिए। थाने पर आने वाले पीड़ितों को दौड़ाया न जाए। आसानी से एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना कराई जाए। विवेचना में अपराध साबित हो तो आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार देर शाम गोरखनाथ मंदिर परिसर के सभागार में कानून-व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा की। कहा कि किसी भी दशा में माफिया को पनपने नहीं दिया जाए। समय से जरूरी कार्रवाई कर उनके हौसले पस्त किए जाएं। इस बीच एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि 2021 में एफआईआर कम दर्ज हैं, जबकि एनसीआर की संख्या अधिक है।

इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एफआईआर की संख्या बढ़ती है तो कोई बात नहीं, लेकिन लोगों को न्याय मिलना चाहिए। एडीजी जोन अखिल कुमार ने मंदिर सुरक्षा से जुड़ी कार्ययोजना के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।



**मुख्यमंत्री ने कहा-किसी भी दशा में पनपने न पाएं माफिया, हौसले पस्त करें**

## कार्रवाई हुई तो जनता दरबार में भीड़ क्यों?

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रभावी कार्रवाई की बात कही तो मुख्यमंत्री ने सवाल कर दिया। उन्होंने कहा कि कार्रवाई हो रही तो जनता दरबार में इतनी भीड़ क्यों आ रही। उन्होंने कहा कि थाने और तहसील स्तर के मामले वहीं पर निस्तारित किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर कार्रवाई की जाए। आला अफसर, नियमित समीक्षा करें। उन्होंने एसडीएम एवं सीओ को संयुक्त रूप से भ्रमण करने का निर्देश दिया। एडीजी जोन ने कुछ दिनों पहले एनेक्सी भवन में की गई जनसुनवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इसका काफी प्रभाव पड़ा है।

# आज जनता दरबार में समस्याएं सुनेंगे कल मानसरोवर मंदिर जाएंगे मुख्यमंत्री

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। तीन दिवसीय दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार की सुबह मंदिर में आयोजित होने वाले जनता दरबार में फरियादियों की समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में ही आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री, बृहस्पतिवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

## बृहस्पतिवार को कोटेदारों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे सीएम योगी

सुबह 10 बजे मानसरोवर मंदिर में जाकर विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। सुबह 11 बजे तारामंडल स्थित योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कोटेदारों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री यहां कोटेदारों का कमीशन बढ़ाने की घोषणा भी कर सकते हैं।

## 7.64 करोड़ से मानसरोवर मंदिर, रामलीला मैदान का हुआ है सुंदरीकरण

गोरखपुर। बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री, मानसरोवर शिव मंदिर और वहीं पर स्थित रामलीला मैदान अंधियारी बाग के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कार्यों का भी लोकार्पण करेंगे। मानसरोवर शिव मंदिर को सजाने-संवारने में 6 करोड़ खर्च किए गए हैं। रामलीला मैदान (अंधियारी बाग) का जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण 1. 64 करोड़ से कराया गया है।

# DEORIA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-07-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 13-7-22

# जिपं सदस्य अजय कुशवाहा पर वृद्ध की मौत का आरोप

भाटपाररानी(एसएनबी)। खामपार थाना क्षेत्र के छपिया मिश्र निवासी 72 वर्षीय वृद्ध भाजपा कार्यकर्ता रामआशीष कुशवाहा की पिटाई के बाद हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र उपेन्द्र कुशवाहा व परिजनों द्वारा क्षेत्र के बसपा नेता व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह कुशवाहा द्वारा की गयी मारपीट को मौत का कारण मानते हुए नामजद तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत करने की मांग किया है। उधर स्थानीय पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट की समीक्षा करने में जुटी हुई है। घटना के 48 घंटे बाद भी मृतक वृद्ध के पुत्र के तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत नही हो सका था।

मृतक के पुत्र उपेन्द्र कुशवाहा द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर के अनुसार रविवर/सोमवार की रात विहार सीमा स्थित छपिया मिश्र निवासी रामआशीष खेत की सिचाई के लिए सोये हुए थे कि रात में अजय कुशवाहा के कोल्डस्टोरेज पर रहने वाले चौकीदार ने पम्पसेट में लगे डिलेवरी पाइप को निकालने लगे इसका विरोध करने पर चौकीदार सत्येन्द्र ने अपने मालिक को फोन कर बुलाया तो मौके पर पहुंचे अजय कुशवाहा पुत्र बंका चार अज्ञात बदमाशों के साथ फार्चुनर गाड़ी से पहुंच गये। तहरीर के अनुसार अजय अपने बदमाश साथियों के साथ मिलकर वृद्ध से मारपीट कर धमकी देने लगे शोर सुनकर मृतक के परिजन व पुत्र पहुंचे जिन्हें बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर फरार हो गये। मारपीट की घटना के पश्चात सुबह इलाज हेतु परिजन ले जाने की तैयारी में थे कि घायल वृद्ध की मौत हो गयी। परिजन आनन फानन में पुलिस को सूचना देकर शव को अन्त्य परीक्षण हेतु ले गये देर रात तक अंतिम संस्कार करने के उपरान्त मृतक के पुत्र ने नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। जिस पर मुकदमा पंजीकृत करने में पुलिस आना कानी कर रही थी। इस बावत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष वृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट की अस्पष्ट छायाप्रति मिली है । पढ़ने का प्रयास किया जा रहा है शीघ्र ही मुकदमा पंजीकृत कर लिया जायेगा ।

राष्ट्रीय सहारा दि०-13-7-22

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

खुखुन्दू। थाना क्षेत्र के एक गांव में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर ली हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव की चार साल की बच्ची गांव के बागीचे मे खेल रही थी। गांव का किशोर उसे बहला फुसलाकर दुष्कर्म किया। पीड़ित की मां ने देखा तो वह भागने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट के तहत मुकर्दमा दर्ज कर लिया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि०-13-7-22

# एक अदद तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस क्षेत्र में भ्रमणशील थी, कि उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कां. दिलीप कुमार, राजेश प्रताप सिंह को जरिये मुखबीर की सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति घूम रहा है। जरिये मुखबीर की सूचना पर रुद्रपुर नकईल मार्ग पर एक व्यक्ति को रोक कर पकड़ा गया, जिसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस मिला। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। जहां पूछताछ में उसने अपना नाम सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र कमला प्रसाद ग्राम डाला थाना रुद्रपुर बताया। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्त को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि०-13-7-22

# 163 रिक्रूट आरक्षियों ने ली शपथ



देवरिया(एसएनबी)। पीएसी के 163 रिक्रूट आरक्षियों ने शहर के पुलिस लाइन में भारत की सम्प्रभुता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। इसके लिए दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने छह माह तक प्रशिक्षण लेने के बाद शपथ लिया। इस अवसर पर दीक्षांत परेड समारोह की सलामी पुलिस अक्षीक्षक संकल्प शर्मा ने लिया। इसके पहले उन्हेंने परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षित आरक्षियों की सराहना की।

मुख्य अतिथि एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षित आरक्षी निष्ठा, पारदर्शिता एवं पूरे मनोयोग से कार्य करें। निष्पक्ष रहें। उन्होंने कहा कि मैं रिक्रूट आरक्षियों का शनदार प्रदर्शन देखकर उत्साहित हूं। आरक्षियों ने अनुशासन का परिचय दिया। सभी प्रशिक्षित आरक्षी अपने तैनाती स्थल पर अपने कर्तव्यों का ईमादानरी से पालन करेंगे। जनता से मधुर व्यवहार रखेंगे। भविष्य चुनौतियों से भरा है, जिसका वे भलिभांति सामना करेंगे। उन्होंने सभी का आहवान किया कि अन्तरात्मा से अपने जीवन में अनुशासन लाएं। मैं रिक्रूट आरक्षियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। सभी प्रशिक्षित आरक्षी पीड़ितों की मदद करेंगे। ऐसी उम्मीद करता हूं। अपराधियों के प्रति कठोर कार्रवाई प्रशिक्षित आरक्षियी का दायित्व है।

## दीक्षांत परेड समारोह

मुख्य अतिथि एसपी संकल्प शर्मा ने इनडोर एवं आउटडोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सर्वांग, सर्वोत्तम रिक्रूट आरक्षी रिपुसूदन मणि त्रिपाठी एवं अन्तःकक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त रिक्रूट आरक्षी रिकेश यादव, बाह्यकक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षी विशाल मल्ल तथा परेड कमांडर प्रथम रिक्रूट आरक्षी रिपुसूदन मणि त्रिपाठी, द्वितीय कमांडर रिक्रूट आरक्षी विशाल शर्मा, तृतीय कमांडर रिक्रूट आरक्षी रोहन राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी बरहज पंचमलाल,क्षेत्राधिकारी कार्यालय विनय कुमार यादव, प्रशिणाधीन क्षेत्राधिकारी अंशुमान, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक मृत्युंजय सिंह के अलावा सभी आईटीआई/ पीटीआई तथा रिक्रूट आरक्षियों के परिजन मौजूद थे।

राष्ट्रीय सहारा दि० 13-7-22

# लूट की घटना का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। जिले की एसओजी टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर एक सप्ताह पूर्व शहर कम्पलेक्स में हुई लूट की घटना का पर्दाफाश करने का दावा किया है। इस लूट की घटना में शामिल दो बदमाश अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

सदर कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में एएसपी राजेश सोनकर ने बताया कि गत 5 जुलाई 22 को थाना सदर कोतवाली अंतर्गत शहर के कोऑपरेटिव चौराहे पर उमा श्री काम्प्लेक्स में स्थित अमरेन्द्र कुमार तिवारी की दुकान त्रिपाठी फारेक्स मार्ट प्रा.लि. में तीन अज्ञात अभियुक्तों द्वारा असलहे के बल पर लूट की घटना कारित की गई थी। इस सम्बन्ध में वादी अमरेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र स्व. पुरुषोत्तम तिवारी निवासी ग्राम लुअठही बाजार थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया के तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर देवरिया में मु.अ.सं. 453/2022, भादवि की धारा 323, 392, 411 के तहत अभियोग पंजीत किया गया।।

उन्होंने बताया कि घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु मंगलवार को प्रभारी एसओजी मय टीम व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मय पुलिस टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि मुखबिर की सूचना पर पिपरपाती पुलिस के पास से एक अभियुक्त अभिषेक खरवार उर्फ गोलू पुत्र मोती खरवार निवासी ग्राम व थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा जमा तलाशी से अभियुक्त के पास से ₹ 10 हजार नगद तथा एक अदद देशी तमंचा 12 बोर मय दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

एएसपी श्री सोनकर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि मैं तथा



गिरफ्तार अभियुक्त के साथ पुलिस टीम।

मेरा दोस्त सुनील पुत्र स्व.रूमती गोंड ग्राम नौतन थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) तथा एक आदमी और जो सुनील का दोस्त है हम लोगों का एक संगठित गिरोह है। हम तीनों लोग एक पास बैठ कर आपस में योजना बनाए कि बिहार में हम लोगों का घर है जहां पर हम लोगों को काफी लोग पहचानते और जानते है अपने यहां घटना किया जायेगा तो पकड़ में आ जायेंगे तो सुनील ने कहा कि हम लोगों के गांव से कुछ दूरी पर उत्तर प्रदेश राज्य लगता है तथा जिला देवरिया पास में है हम लोग देवरिया जिले में गोरखपुर रोड पर उमा श्री कामपेलेक्स मे स्थित एक दुकान जिसमे शीशो पर काली पन्नी लगी है जहां रुपयों- पैसों का लेन देन होता है। जिसमे काफी रूपया पैसा रहता है। लूट करने पर कोई देख भी नहीं पायेगा तथा काफी धन मिलेगा। उसी दुकान पर लूट की घटना कारित कर बिहार भाग आयेंगे तो हम लोगो को कोई नहीं जानेगा। यही सोचकर हम तीनों गत 5 जुलाई 2022 को दोपहर मे सुनील द्वारा जो प्लेटिना मोटरसाइकिल लाया गया था उसी से तीनों बैठ कर देवरिया शहर पहुंच कर गोरखपुर रोड पर उमा श्री काम्प्लेक्स में स्थित एक दुकान जिसमे रुपयो पैसो का लेन देन का काम होता है उसी के अन्दर हम तीनों लोग घुस गये जहां काउन्टर पर एक व्यक्ति बैठा था तथा वहां पर एक लड़का और बैठा था। हम लोगों को देखकर भागने लगा तो सुनील का दोस्त जिसका नाम पता मुझे याद नहीं है वह उस लड़के को उसी दुकान के अन्दर रोक लिया तथा मै अपने पास रखा कट्टा को निकाल कर काउन्टर पर बैठे व्यक्ति के ऊपर तान दिया। सुनील काउन्टर में रखा पैसा को जल्दी जल्दी बैग में रख लिया। उसके बाद हम तीनों मोटरसाइकिल से बिहार भाग गये थे। भागते समय सुनील ने मुझे ₹ 20 हजार देकर बस मे बैठा दिया था। उसके बाद सुनील और उसका दोस्त जिसका नाम पता मुझे मालुम नहीं है वह दोनों मोटरसाइकिल से चले गये। आज मै देवरिया शहर मे घटना करने के इरादे से आया था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। लूट के पैसे से मुझे 20 हजार मिला था उसी पैसे में से ₹ 10 हजार मेरे पास मिला है तथा ₹ 10 हजार खर्च हो गए। एएसपी श्री सोनकर ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिललूट की घटना का पर्दाफाश करने वाली टीम में सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी अनिल कुमार, थाना कोतवाली के एसआई प्रहलाद गौड़, एसआई अंकित अवस्थी वएसआई धर्मेन्द्र सिंह, एसओजी के मु.आ. शशिकान्त राय व मु.आ. धनंजय, एसओजी के कां. सुदामा यादव, कां. दिव्यशंकर राय एवं थाना कोतवाली के कां. प्रदीप गुप्ता, कां. नरेन्द्र कुमार वकां. रितेश सोनकर शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि०-13-07-22

# दुकान में लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

देवरिया, निज संवाददाता। कोतवाली थाना क्षेत्र के कोऑपरेटिव चौराहे के समीप बीते 5 जुलाई को असलहे से लैस बदमाशों ने कांप्लेक्स में स्थित एक दुकान में घुसकर लूटपाट किया था। इसमें शामिल एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए मंगलवार को घटना का खुलासा किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के पास से कारतूस, देशी तमंचा और दस हजार रुपये भी बरामद किया है।

शहर के कोऑपरेटिव चौराहे पर रुद्रपुर थाना क्षेत्र के लुअठही बाजार निवासी अमरेन्द्र कुमार तिवारी उमा श्री काम्प्लेक्स में त्रिपाठी फारेक्स मार्ट प्रा. लि. के नाम से अपनी दुकान चलाते हैं। 5 जुलाई को तीन अज्ञात अभियुक्तों ने असलहे के बल पर दुकान में घुसकर लूटपाट किया था। तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। मंगलवार को इस घटना



दबोचे गए बदमाश के साथ कांप्लेक्स स्थित दुकान में हुई लूट की घटना का मंगलवार को खुलासा करते एएसपी, सीओ व अन्य।

का खुलासा करते हुए एएसपी राजेश सोनकर व सीओ सीटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि एसओजी प्रभारी और कोतवाली निरीक्षक पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली की लूट करने वाला एक बदमाश पिपरपाती पुलिस के पास है। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना नाम पता अभिषेक खरवार ऊर्फ गोलू पुत्र मोती खरवार निवासी ग्राम व थाना विजईपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 10,000 रुपये नगद, 12 बोर का एक देशी तमंचा और 2 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। उसने बताया गया कि दोस्त सुनील पुत्र स्व. रूमती गौड़ ग्राम नौतन थाना रजईपुर गोपालगंज बिहार तथा एक अन्य व्यक्ति संगठित गिरोह चलाते हैं। तीनों ने मिलकर योजना बनाई कि गांव से कुछ दूरी पर उत्तर प्रदेश राज्य का इलाका शुरू हो जाता है।

## गिरफ्तार करने वाली टीम में ये रहे शामिल

अभियुक्त गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली देवरिया के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, उ. नि. प्रहलाद गौड़, उ. नि. अंकित अवस्थी, उ. नि. धर्मेन्द्र सिंह, कां. प्रदीप गुप्ता, कां. नरेन्द्र कुमार, कां. रितेश सोनकर और एसओजी देवरिया की टीम से प्रभारी एसओजी उ. नि. अनिल कुमार, मु. आ. शशिकान्त राय, मु. आ. धनंजय, कां. सुदामा यादव, कां दिव्यशंकर राय शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि0-13-7-22

# सरयू तट व मेला मैदान का एसपी ने लिया जायजा

भागलपुर। कांवरियों की सुविधा के लिए भागलपुर सरयू तट और मेला मैदान का पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा ने निरीक्षण किया। श्रावण मास के प्रथम दिन सरयू नदी में स्नान कर जल लेकर बाबा हंसनाथ धाम सोहगरा बिहार और दिर्घेश्वर धाम मझौलीराज सलेमपुर में जल चढ़ाने वाले शिव भक्त कांवरियों का आना एक दिन पूर्व गुरू पूर्णिमा की संध्या से होने लगता है।

# मारपीट के मामले में चार पर केस

महुआडीह। महुआडीह थाना क्षेत्र के करौदी निवासी अनूप कुमार पुत्र रामवशिष्ठ प्रसाद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि गांव के ही कुछ लोगों ने बिना वजह उनके साथ मारपीट की। उन्होंने बताया कि मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए भोला पुत्र रुदल प्रसाद और विकास प्रसाद को भी मार-पीट कर घायल कर दिया गया। उन्होंने गांव के आदर्श सिंह, अनूप, आकाश यादव, सौरभ राय के खिलाफ केस दर्ज कराया है। तहरीर के आधार पर महुआडीह पुलिस सभी के खिलाफ धारा 323 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

हिन्दुस्तान दि०-13-7-22

हिन्दुस्तान दि० -13-07-22

# दो दिन से किशोरी गायब, केस दर्ज

महुआडीह। महुआडीह थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर निवासी कमलेश प्रसाद की बेटी बीते दो दिनों से गायब है। उन्होंने महुआडीह थाने में तहरीर देते हुए बताया है की उनकी बेटी सुमन (17) सोमवार की सुबह ९ बजे से ही गायब है। उन्होंने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस धारा 363 के तहत केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

हिन्दुस्तान दि०-13-07-22





रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार को 163 रिक्रूट आरक्षियों के दीक्षान्त परेड की एसपी संकल्प शर्मा ने सलामी ली। (बाएं) दीक्षांत परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक रिक्रूट आरक्षी को एसपी ने पुरस्कृत किया।

### पुलिस लाइन में आयोजित दीक्षांत परेड में मार्च पास्ट रहा आकर्षण का केंद्र, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षी सम्मानित

# 163 रिक्रूट ने ली सम्प्रभुता व अखण्डता की शपथ

**आयोजन**

देवरिया, निज संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन्स देवरिया में विगत 6 माह से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 163 रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षान्त परेड मंगलवार को हुई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आरक्षियों को निष्पक्ष, पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं मनोयोग के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन तथा भारत की सम्प्रभुता और अखण्डता अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई। समारोह में रिक्रूटों की मार्च परेड आकर्षण का केंद्र रही।



दीक्षान्त परेड के बाद माता-पिता व बच्चे के साथ रिक्रूट ने खुशी का इजहार किया।

परेड की सलामी लेने के बाद रिक्रूटों को सम्बोधित करते हुए एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि परेड के माध्यम से आपने अनुशासन का परिचय दिया है। इसी प्रकार अपने आने वाली नियुक्ति पर भी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करते हुए अपने 06 माह के सिखलाई का अनुशासनात्मक परिचय देते रहेंगे। उन्होंने कहा कि अनुशासन किसी के डर से नहीं अपितु अपनी अन्तर आत्मा से अपने जीवन में लाना चाहिए। भविष्य में कई चुनौतियां मिलेंगी। पीड़ित की बात धैर्यपूर्वक सुनकर, उनकी मदद करने एवं अपराधियों के प्रति कठोर कार्यवाही कर अपने दायित्वों के निर्वहन करना होगा।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर [illegible], क्षेत्राधिकारी बरहज [illegible], क्षेत्राधिकारी कार्यालय विनय कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन अंशुमान, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक मृत्युन्जय सिंह आदि उपस्थित रहे।

**पीएसी कैंप में भेजे जाएंगे 163 रिक्रूट आरक्षी:** प्रदेश के गाजीपुर, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, मिर्जापुर, जौनपुर और बस्ती समेत अन्य जिलों के 163 रिक्रूट आरक्षी पुलिस लाइन में प्रशिक्षण के लिए आए थे। रिक्रूट आरक्षियों का 6 माह का प्रशिक्षण लगभग पूरा हो चुका है। लिखित परीक्षा भी हो चुकी और सभी उसमें पास हो गए है। इसके बाद इनकी पासिंग आउट परेड मंगलवार को हुई। पासिंग आउट परेड के बाद रिक्रूट आरक्षियों को पीएसी कैंपों में भेज दिया जाएगा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मिला सम्मान

इनडोर एवं आउटडोर दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर रिक्रूट आरक्षी रिपुसूदन मणि त्रिपाठी, एवं अन्त कक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान रिक्रूट आरक्षी विवेक यादव, बाह्य कक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान रिक्रूट आरक्षी विशाल मल्ल तथा परेड कमाण्डर प्रथम रिक्रूट आरक्षी रिपुसूदन मणि त्रिपाठी आदि सम्मानित किया गया।

दैनिक जागरण दि०-13-07-22

# फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव, पति समेत तीन पर मुकदमा

**नौ मई को हुई थी शादी, मौके पर पहुंचे सीओ ने की जांच, पुलिस ने सास, ससुर को लिया हिरासत में**

**जासं, लार :** उपनगर के पकड़ी टोला में मंगलवार की सुबह कमरे में नवविवाहिता का शव छत की कुंडी में फंदे से लटका मिला। पुलिस की मौजूदगी में शव कुंडी से नीचे उतारा गया। इस मामले में पुलिस ने पति, सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पकड़ी टोला के रहने वाले विमल कुमार की शादी नौ मई को बरियापुर थाना क्षेत्र के मठिया टोला की रहने वाली खुशबू के साथ हुई थी। सुबह उसके कमरे में कुंडी से लटका शव मिला। पुलिस के अनुसार सास, ससुर दूसरे कमरे में आराम कर रहे थे। सुबह जगने पर कोई आहट नहीं हुई तो आसपास के लोगों की मदद से स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ससुराल के लोगों को भी सूचना दिया। उसके बाद विवाहिता की मां मंजू देवी, पिता दीनदयाल रिश्तेदारों के साथ पकड़ी पहुंचे। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि दहेज में रुपये कम मिलने पर ससुराली आए दिन खुशबू को प्रताड़ित करते थे। ससुरालियों ने दहेज के लिए हत्या की है। पति मुंबई में एक निजी कंपनी में काम करता है, कुछ दिन पहले ड्यूटी पर मुंबई गया है। सीओ देवानंद ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। सास, ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

दैनिक जागरण दि०-13-7-22

# एक नामजद समेत 12 पर मुकदमा दर्ज

**जासं, मदनपुर**: शिक्षक की बेरहमी से की गई पिटाई के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित 12 लोगों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही मंगलवार को दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। सोमवार को गनियारी स्थित इंटर कालेज के शिक्षक व यदू परसिया के रहने वाले रुद्रप्रताप तिवारी की मानस मोड़ पर मनबढ़ों ने बुरी तरह पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मदनपुर कस्बा निवासी नीतेश सोनकर व 11 अज्ञात के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। जबकि मंगलवार को मुख्य आरोपित नीतेश व इरफान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि फरार अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

दैनिक जागरण दि०-13-07-22

# कांवड़िया मेला का आयोजन आज, तैयारी पूरी

जासं, भागलपुर: पवित्र श्रावण मास के एक दिन पूर्व बुधवार को पूर्व भागलपुर मेला मैदान में कांवड़िया मेले का आयोजन किया गया है। मेले में दूर-दूर से पहुंचे शिव भक्त कांवड़ियों और क्षेत्रीय जनता के लिए भोजपुरी फिल्म कलाकारों द्वारा शिव जागरण, झांकी और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

पवित्र श्रावण मास के एक दिन पूर्व सायं काल भारी संख्या मे बिहार राज्य के सिवान, गोपालगंज सहित देवरिया जनपद के कोने कोने से श्रद्धालु यहां प्रतिवर्ष आते हैं। बाबा हंसनाथ सोहगरा धाम, बाबा दिर्घेश्वर नाथ मझौली राज शिव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए कांवरिया मेला में सैकड़ों दुकानें सज रही हैं।

भगवान शिव की शानदार झांकी निकाली जायेगी। शिव जागरण में भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री व गायिका निशा दूबे, फिल्म अभिनेता व गायक धनंजय शर्मा, प्रमोद परदेशी सहित क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह तक चलता रहेगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम के आयोजन जगत जायसवाल ने दी। कस्बा व्यवसायी कृष्ण कुमार, अश्वनी कुमार की तरफ से सभी कांवड़ियों के लिए भंडारे का व्यवस्था किया गया है। ग्राम प्रधान की तरफ से उनके स्वजन बृजभूषण यादव ने बताया कि घाट पर प्रकाश व्यवस्था, नाव और मैदान में साफ सफाई कराया जा रहा है। मईल पुलिस कांवड़ियों के किसी प्रकार की असुविधा न हो और मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात रहेगी।

भागलपुर पवित्र सरयू नदी के कालीचरण स्नान घाट पर श्रावण मास के प्रथम दिन गुरुवार की भोर से ही श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारों के साथ कांवड़ में मंत्रोच्चार संकल्प के साथ सरयू जल भर कर बाबा हंसनाथ, बाबा दीर्घेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान करेंगे।



भागलपुर के कालीचरण घाट का निरीक्षण करते एसपी संकल्प शर्मा • जागरण

- **हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजेगा भागलपुर कस्बा**
- **गेरुआ वस्त्र में शिव भक्तों के जयघोष से बहेगी भक्ति की धारा**

दैनिक जागरण दि०-13-07-22

# एक नामजद समेत पांच लोगों पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

**जासं, तरकुलवा**: पांच दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने एक नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या व बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। उसके बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है। ग्राम बजराटार महुअवा के रहने वाले बलवंत गोंड आठ जुलाई की रात शौच करने के लिए नहर की तरफ गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। तलाश करने के बाद पता चला कि एक मकान के पीछे घायलावस्था में पड़े हैं। शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले। स्वजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने भाई राजेश गोंड की तहरीर पर गांव के गौतम निषाद व चार अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट व गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक टीजे सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दैनिक जागरण दि० 13-7-22

# खुखुंदू में चार वर्ष की बालिका से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, खुखुंदू** : बागीचे में अमरुद देने के बहाने मासूम को ले जाकर एक युवक द्वारा हैवानियत करने का मामला प्रकाश में आया है। चार वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के साथ ही गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं रात को अचानक एसपी संकल्प शर्मा थाने पर पहुंच गए। एसपी ने घटना की जानकारी ली और स्वजन से भी मुलाकात भी किए।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव की चार वर्षीय बालिका अपनी मां के साथ खेती की तरफ गई थी। प्राइमरी विद्यालय के समीप खेत में मां काम करने लगी, इस बीच पड़ोस का एक युवक पहुंचा और बालिका को अमरुद खिलाने के बहांने बागीचे में ले गया और उसके साथ हैवानियत की। घटना के बाद बालिका अचेत हो गई और उसकी हालत बिगड़ गई। कुछ देर बाद बेटी को ढूढते हुए मां पहुंची तो बेटी को देख वह परेशान हो गई। इस बीच आरोपित मौके से फरार हो गया। बालिका को मां लेकर घर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

दैनिक जागरण दि0-13-07-22

# ग्राम प्रधान समेत तीन के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, रुद्रपुर : क्षेत्र के पिपरा कछार की रहने वाली एक दलित महिला की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत तीन के विरुद्ध दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम पिपराकछार की रहने वाली मधु देवी पत्नी कोतवाल प्रसाद ने आरोप लगाया है कि मेरे पति कोतवाल को पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में तीन लोगों ने पैर और लाठी डंडे से बेरहमी से पीटा। विरोध करने पर दरवाजे पर चढ़कर मुझे भी बाल खींचकर पीटा। आरोपित काफी मनबढ़ व्यक्ति हैं। आए दिन जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हैं। इस मामले में पुलिस ने रंजीव सिंह और संजीव सिंह पुत्रगण बिहारी सिंह और ग्राम प्रधान कृष्णा सिंह पुत्र जवाहर सिंह के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने कहा कि तीन के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है।



दैनिक जागरण दि-13-7-22

# मनी एक्सचेंज कार्यालय में लूट का पर्दाफाश

## एसओजी व पुलिस ने गोपालगंज जनपद के एक लुटेरे को किया गिरफ्तार, कार्बाइन लेकर आए थे लुटेरे

जागरण संवाददाता, देवरिया: मनी एक्सचेंज कार्यालय में पांच जुलाई को दिनदहाड़े एक लाख रुपये लूटने के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मंगलवार को गोपालगंज जनपद के रहने वाले लूट के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटे गए 10 हजार रुपये, 12 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किया। लूट की घटना को अंजाम देने लुटेरे कार्बाइन लेकर आए थे। कार्बाइन बरामद करने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है।

कोआपरेटिव बैंक के निकट गोरखपुर रोड पर रुद्रपुर के लुअठही गांव के अमरेंद्र कुमार तिवारी की त्रिपाठी फारेक्स मार्ट प्राइवेट लिमिटेड नाम से कार्यालय है। जो मनी एक्सचेंज का काम करती है। पांच जुलाई को तीन बदमाशों ने असलहे के बल पर कार्यालय पर बैठे कर्मचारी आकाश गुप्ता से एक लाख रुपये लूट लिए।

सदर कोतवाली में मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपित (मध्य में) प्रेसवार्ता को संबोधित करते एसपी डा. राजेश सोनकर, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी (दाएं) • जागरण

डा. राजेश सोनकर व सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि एसओजी व पुलिस टीम ने मंगलवार को पिपरपाती गांव के पास से लूट की घटना में शामिल आरोपित अभिषेक खरवार उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया।

वह बिहार के गोपालगंज के विजयीपुर का रहने वाला है। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि लूट की घटना में गोपालगंज के विजयीपुर थानाक्षेत्र के नौतन निवासी उसका दोस्त सुनील पुत्र स्व. झरनी गोंड व एक अन्य युवक शामिल है। जिसका नाम पता नहीं है। पुलिस दोनों आरोपितों को नहीं पकड़ सकी है। कार्बाइन बरामद करने के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी अनिल यादव, एसआइ प्रहलाद गौड़ आदि शामिल रहे।

### लूट के पहले की थी कार्यालय की रेकी

इनका संगठित गिरोह है। तीनों ने एक पास बैठकर लूट की योजना बनाई। घटना के तीन दिन पूर्व कार्यालय की रेकी की थी। आरोपित अभिषेक ने यह बात पुलिस के सामने स्वीकार की है। उसने बताया कि बिहार में घर होने से काफी लोग पहचानते व जानते हैं। इसलिए देवरिया शहर में लूट की योजना बनाई। ताकि पकड़े न जा सकें।


- आरोपित के पास से 10 हजार रुपये, एक तमंचा व दो कारतूस बरामद
- एसपी डा. राजेश सोनकर व सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने दी जानकारी

**एक ही बाइक से आए थे तीनों बदमाश:** घटना को अंजाम देने तीनों बदमाश एक ही बाइक से आए थे। दुकान पर रुपये का लेन देन कर रहे आकाश गुप्ता व एक अन्य किशोर को बदमाशों ने तमंचा के बल पर काबू में किया। तमंचा तानकर एक लाख रुपये रुपये लूट लिए। तीनों बाइक से बिहार की तरफ भागे।

आरोपित सुनील ने पकड़े गए बदमाश अभिषेक को बीस हजार रुपये देकर बस में बैठा दिया। लुटेरा अभिषेक हाईस्कूल पास है।


SHREE DEV BHOOMI
INSTITUTE OF EDUCATION SCIENCE & TECHNOLOGY
DEHRADUN
Estd. 2004
APPROVED BY: AICTE, PCI & NCTE New Delhi, Ministry of HRD, Govt. of Uttarakhand & Directorate of Medical Education Uttarakhand Dehradun, Uttarakhand Nurses & Midwives Council



पुलिस लाइन में शपथ लेते रिक्रूट आरक्षी • जागरण



रिक्रूट आरक्षियों के पासिंग आउट परेड की सलामी लेते पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा • जागरण

# पासिंग आउट परेड में पीएसी को मिले 163 जवान

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ दीक्षांत परेड समारोह, पारदर्शिता से दायित्वों का निर्वहन करने की ली शपथ



पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड के बाद कूद कर खुशी का इजहार करते रिक्रूट आरक्षी • आनंद मणि



रिक्रूट आरक्षी रोहन राय को मिठाई खिलातीं उनकी मौसी दीपा राय, माता वदना राय (बाएं) व बहन साक्षी राय (दाएं) • जागरण

- एसपी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को किया सम्मानित
- परेड के माध्यम से आरक्षियों ने अनुशासन का दिया परिचय

**जागरण संवाददाता, देवरिया**: पुलिस लाइन के मैदान में मंगलवार की सुबह पीएसी के 163 रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत (पासिंग आउट) परेड समारोह आयोजित किया गया। रिक्रूट आरक्षियों को निष्पक्ष होकर पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता व मनोयोग के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, भारत की संप्रभुता व अखंडता अक्षुण्य रखने की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया।

पुलिस लाइन के रिक्रूट प्रशिक्षण केंद्र में रिक्रूट आरक्षियों ने छह का प्रशिक्षण पूरा किया। एसपी ने परेड के निरीक्षण के बाद सलामी ली। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन देखकर प्रशंसा की। कहा कि दीक्षांत परेड समारोह में रिक्रूट आरक्षियों के शानदार प्रदर्शन किया है। परेड के माध्यम से अनुशासन का परिचय दिया है। कहा कि अनुशासन किसी के डर से नहीं, बल्कि अपनी अंतरआत्मा से जीवन में लाना चाहिए। आम जनता के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। पीड़ित की बात धैर्यपूर्वक सुनें। उनकी मदद करने व अपराधियों के प्रति कठोर कार्रवाई के अपने दायित्व निभाएं। इस अवसर पर एएसपी डा. राजेश सोनकर, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी, सीओ रुद्रपुर जिलाजीत, सीओ बरहज पंचमलाल, सीओ कार्यालय विनय यादव, सीओ प्रशिक्षणाधीन अंशुमान, प्रतिसार निरीक्षक पंकज सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया सेल निरीक्षक मृत्युन्जय सिंह आदि मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षी हुए सम्मानित** : एसपी ने इनडोर व आउटडोर दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सर्वोत्तम रिक्रूट आरक्षी रिपुसुदन मणि त्रिपाठी, अंत कक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रिकेश यादव, वाह्य कक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विशाल मल्ल व परेड कमांडर प्रथम रिपुसुदन मणि त्रिपाठी, द्वितीय कमांडर विशाल शर्मा, तृतीय कमांडर रोहन राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**दो आरक्षी नहीं ले पाए प्रशिक्षण**: पीएसी के 165 रिक्रूट आरक्षियों में दो प्रशिक्षण नहीं ले सके। एक आरक्षी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। दूसरा आरक्षी मेडिकल परीक्षण में फेल होने से प्रशिक्षण लेने से वंचित रह गया। उसे दोबारा मौका दिया जाएगा।



दीक्षांत परेड के बाद पैर छूकर मां का आशीर्वाद लेते रिक्रूट आरक्षी • जागरण



कुशीनगर जनपद के फाजिलनगर के रहने वाले रिक्रूट आरक्षी वैभव मिश्रा को मिठाई खिलातीं उनकी दादी रामसुदरी • जागरण

### आरक्षियों के साथ स्वजन ने ली सेल्फी, मिठाई खिलाकर दी बधाई

दीक्षांत परेड समारोह मे कई रिक्रूट आरक्षियों के स्वजन भी शामिल हुए। परेड के बाद कुशीनगर के फाजिलनगर के रहने वाले रिक्रूट आरक्षी रोहन राय को मौसी दीपा राय ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर उनकी माता वदना राय, बहन साक्षी राय व चचेरे भाई प्रवीण राय भी मौजूद रहे। इसके बाद सेल्फी ली। फाजिलनगर के ही रिक्रूट आरक्षी वैभव मिश्र को उनकी दादी राम सुंदरी ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। महराजगज जनपद के राहुल पासवान व शैलेश सिंह के स्वजन भी परेड देखने आए थे। सभी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।

दैनिक जागरण दि0-13-7-22

# तमंचा के साथ एक धराया

रुद्रपुर : क्षेत्र के रुद्रपुर–नकइल मार्ग पर ग्राम डाला के समीप पैदल जा रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। सोमवार की रात तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व दो कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित का आर्म्स एक्ट में चालान कर दिया। उसकी पहचान क्षेत्र के ग्राम डाला का रहने वाला सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र कमला प्रसाद के रूप में हुई। (जासं)

दैनिक जागरण दि०-13-07-22

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हो रहे मुकदमे

जासं, मदनपुर: जिले में फरियादियों की बात पुलिस नजरअंदाज कर रही है। जिसका नतीजा यह है कि लोगों को न्याय के लिए अब न्यायालय में अर्जी देकर मुकदमा दर्ज कराना पड़ रहा है। मदनपुर थाने में दस दिनों में दो मामले न्यायालय के आदेश पर दर्ज किए गए हैं।

कन्हौली के रहने वाले श्रीकांत सिंह के निवेदन पर न्यायालय द्वारा दिए आदेश के अनुपालन में गांव के ही गणेश यादव सहित छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी तरह 10 जुलाई को जद्दू परसिया गांव के रहने वाले सुखारी सिंह की गुहार पर न्यायालय द्वारा दिए आदेश से जटाधारी मंडल निवासी गुप्तार बागान, जगत दल 24 परगना पश्चिम बंगाल के खिलाफ पीड़ित के पुत्र को मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम ढाई लाख रुपये की जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया गया। उत्पीड़न को लेकर पीड़ित थाने की दुत्कार के बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए न्यायालय तक का सफर तय करना पड़ा। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं।

अमर उजाला दि०-13-07-22

# एसपी ने भागलपुर चौकी और श्रावणी मेला स्थल का किया निरीक्षण

भागलपुर। एसपी ने मंगलवार शाम को काली चरण सरयू नदी घाट पर श्रावणी पूर्णिमा पर लगने वाले मेले की तैयारी का हाल जाना।

सावन मास के प्रथम दिन शिव भक्त पूर्णिमा की शाम ही सरयू नदी के तट पर पहुंचकर विश्राम करते हैं। आधी रात के बाद सरयू नदी में जल भरकर बाबा दिग्देश्वर नाथ मझौली राज और हंसनाथ बाबा सोहगरा में चढ़ाते हैं।

बुधवार शाम को एसपी संकल्प शर्मा ने मेले का सरयू नदी घाट, रैनबसेरा, मेला मैदान का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद भागलपुर चौकी का निरीक्षण किया।

पुल के बैरियर को ठीक कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीओ बरहज पंचमलाल, एसओ अनिल कुमार, एसआई शैलेश कुमार, योगेंद्र यादव, शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि०-13-7-22

# तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

रुद्रपुर। तमंचा के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान डाला गांव के सुरेंद्र प्रसाद के रुप में हुई। प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह ने बताया कि पुलिस को रुद्रपुर नकईल मार्ग पर सोमवार की रात एक संदिग्ध के जाने की सूचना मिली। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। संवाद

अमर उजाला दि० -13-07-22

# युवक की हत्या में एक नामजद समेत पांच पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही पुलिस

देवरिया। तरकुलवा थानाक्षेत्र के महुअवा बजराटार गांव निवासी युवक की शुक्रवार को हुई मौत के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

तरकुलवा थानाक्षेत्र के महुअवा बजराटार गांव के रहने वाले बलवंत गोंड (35) शुक्रवार की देर रात शौच के लिए नहर की ओर गए थे। शनिवार की सुबह वह घायलावस्था में एक व्यक्ति के घर के पीछे खेत में पड़े थे।

परिजन जब मौके पर पहुंचे तो उनकी हालत गंभीर थी। उनके सिर से खून टपक रहा था और शरीर पर कई जगह गंभीर चोट के निशान थे। उसी दिन शाम को जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई।

इस मामले में मृतक के बड़े भाई राजेश गोंड की तहरीर पर तरकुलवा पुलिस ने गौतम निषाद निवासी महुअवा बजराटार थाना तरकुलवा और उसके अन्य चार सहयोगियों के खिलाफ बलवा एवं हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि एक नामजद समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम दबिश दे रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमर उजाला दि० 13-07-22

# पीएसी में शामिल हुए 163 रिक्रूट आरक्षी

## रिजर्व पुलिस लाइंस में दीक्षांत परेड समारोह का हुआ आयोजन, रिक्रूट आरक्षियों ने ली भारत को अक्षुण्ण बनाने की शपथ




पुलिस लाइंस में पीएसी के रिक्रूट आरक्षियों ने ली भारत की अखंडता अक्षुण्ण रखने की शपथ। परेड के बाद खुशी का इजहार करते आरक्षी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। रिजर्व पुलिस लाइंस में मंगलवार को आयोजित दीक्षांत परेड में 163 रिक्रूट आरक्षियों को पीएसी में शामिल किया गया। मुख्य अतिथि एसपी संकल्प शर्मा ने उन्हें शपथ दिलाई। आरक्षियों ने भारत की संप्रभुता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों की प्रशंसा की।

एसपी ने कहा कि दीक्षांत परेड समारोह में रिक्रूट आरक्षियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताई। कहा कि आरक्षियों ने परेड के माध्यम से अनुशासन का परिचय दिया है। इसी प्रकार आगे भी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी एवं जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करते रहेंगे।

कहा कि अनुशासन किसी के डर से नहीं, अपनी अंतरात्मा से अमल में लाना चाहिए। रिक्रूट आरक्षियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अच्छे टर्न आउट में रहकर एक अनुशासित एवं प्रशिक्षित बल का आदर्श प्रस्तुत करें।

आम जनता के साथ सम्मानजनक, मृदुल व्यवहार करने तथा पीड़ित की बात धैर्यपूर्वक सुनकर, उनकी मदद कर अपराधियों के प्रति कठोर कार्रवाई कर अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। सर्वोत्तम अंतःकक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रितेश यादव, वाह्य कक्षीय प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विशाल मल्ल तथा परेड कमांडर प्रथम रिपुसूदन मणि त्रिपाठी, द्वितीय कमांडर विशाल शर्मा, तृतीय कमांडर रोहन राय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीयश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत, क्षेत्राधिकारी बरहज पंचमलाल, क्षेत्राधिकारी कार्यालय विनय कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन अंशुमान, प्रतिसार निरीक्षक पंकज कुमार सिंह व रिक्रूट आरक्षियों के परिजन आदि मौजूद रहे।



परिजनों के साथ रिक्रूट आरक्षी। संवाद

अमर उजाला दि० 13-07-22

# विद्युत कर्मी से मारपीट करने वाले युवकों पर केस दर्ज

## तेलियां कला उपकेंद्र से आपूर्ति बहाल, क्षेत्र के लोगों ने ली राहत की सांस

संवाद न्यूज एजेंसी

मईल। मईल थाना क्षेत्र के तेलियां कला उपकेंद्र विद्युत कर्मी से मारपीट करने वाले युवकों पर केस दर्ज हो गया। इसके बाद क्षेत्र की आपूर्ति बहाल हो गई। इस दौरान उमस भरी गर्मी से 30 गांवों के लोग परेशान रहे।

मईल थाना क्षेत्र के तेलियां कला विद्युत उपकेंद्र पर सोमवार की रात एसएसओ विशुनदेव साहनी की ड्यूटी थी। आरोप है कि एक गांव के कुछ युवक बाइक से पहुंचे और शट डाउन की मांग करने लगे। कर्मी ने आपूर्ति बाधित होने की बात कह शट डाउन देने से मना कर दिया। इस बात से नाराज युवकों ने उनकी पिटाई कर दी।

### घटना से नाराज कर्मियों ने ठप कर दी थी आपूर्ति

वह घायल हो गए। युवकों ने रजिस्टर भी फाड़ दिया। किसी ने घटना की सूचना जेई दीपक मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचे जेई ने घायल कर्मी को अस्पताल पहुंचाया। उधर, साथी की पिटाई से नाराज कर्मचारियों ने आपूर्ति ठप कर थाने पहुंच आरोपियों पर केस दर्ज करने की मांग करने लगे।

आपूर्ति बाधित होने से तीस से अधिक गांवों की बिजली गुल रही। लोग उमस भरी गर्मी में परेशान रहे। देर रात करीब दो बजे जेई दीपक मिश्रा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद नरसिडाढ़ निवासी राहुल व भोलू और कुछ अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज किया।

इसके बाद आपूर्ति बहाल हुई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

अमर उजाला दि०-13-7-22

# चार साल की मासूम से किशोर ने किया दुष्कर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। एक गांव में चार साल की बच्ची से मंगलवार की दोपहर में गांव के ही 15 वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी संकल्प शर्मा ने पीड़ित बच्ची की मां को त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एक गांव की महिला बगीचे के पास खेत की सिंचाई कर रही थी। तेज धूप होने से उसने अपनी चार वर्ष की बच्ची को खेलने के लिए बगीचे में छोड़ रखा थी। बताया जा रहा है कि दोपहर में गांव का किशोर बगीचे में पहुंचा और बच्ची से दुष्कर्म किया।

खेत से बच्ची की मां को आता देख वह भागने लगा। मां ने उसे पकड़ने की कोशिश की, मगर वह बच निकला। फिर वह चीखने-चिल्लाने लगी।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई। एसओ नवीन चौधरी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसपी भी थाने पहुंच गए और प्रकरण की जानकारी लेकर पीड़िता की मां को त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दयिा। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

अमर उजाला दि०-13-7-22

# कोर्ट के आदेश पर पश्चिम बंगाल के शख्स पर केस दर्ज

बरहज/मदनपुर। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर यद्दू परसियां गांव निवासी सुखारी सिंह की तहरीर पर पश्चिम बंगाल के एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। आरोप है कि शख्स ने नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपये ऐंठ लिया है।

पुलिस ने पश्चिम बंगाल के गुफ्तार बगान, जगतदल 24 परगना निवासी जटाधारी मंडल पर धोखाधड़ी आदि का केस दर्ज किया है। सुखारी का कहना है कि जटाधारी मंडल ने मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपये ऐंठ लिया है। जबकि नौकरी भी नहीं दिलाया। पैसा मांगने पर आनाकानी कर रहा है। मदनपुर थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। संवाद

अमर उजाला दि०-13-7-22

# दो नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ हत्या का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**खामपार/भाटपाररानी।** खामपार थाना के ग्राम छपिया मिश्र में एक दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना में वृद्ध की मौत के मामले में उनके पुत्र ने दो नामजद व चार अज्ञात के विरुद्ध हत्या का आरोप लगाया है। घटना के 36 घंटे बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। इससे गांव वालों में आक्रोश है।

तहरीर में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा है कि उनके पिता रामअशीष कुशवाहा (60) ने बगल के एक गांव के व्यक्ति से बंटाई खेत लेकर धान की रोपाई की थी। सिंचाई के लिए उन्होंने पंप सेट में डिलीवरी पाइप लगाकर छोड़ रखा था। बगल में एक पार्टी के नेता के निर्माणाधीन व्यावसायिक भवन का चौकीदार रात्रि में चोरी की नीयत से डिलीवरी पाइप खोलने लगा। पिता रामअशीष की नींद टूटी और उन्होंने उसे खदेड़ दिया। बाद में चौकीदार अपने मालिक को फोन कर बुलाया और उसने मेरे पिता पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया।

कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से रामअशीष पर हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर हम लोग भी पहुंचे। घायल पिता को घर ले आए। सुबह अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय उनकी मौत हो गई। उपेंद्र ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। अभी न्यायालय के काम से जिला मुख्यालय पर हूं।

अमर उजाला दि०-13-7-22

# बिहार के तीन बदमाशों ने की थी लूट, एक गिरफ्तार

## एएसपी ने घटना का किया पर्दाफाश, दो बदमाश अब भी पुलिस की पकड़ से दूर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर के कोऑपरेटिव चौराहे के पास मनी एक्सचेंज से एक लाख रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने मंगलवार को पर्दाफाश कर दिया है। वारदात में शामिल एक बदमाश को लूट के दस हजार रुपये और तमंचा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बिहार के तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था।

शाम को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर और सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने कोतवाली परिसर में घटना का खुलासा करते प्रेसवार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांपलेक्स में अमरेंद्र कुमार तिवारी की दुकान में पांच जुलाई को बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक लाख रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया था।

सीसीटीवी फुटेज के जरिए संदिग्धों की पहचान की गई, जिसमें कुछ बदमाशों का हुलिया मिलताजुलता नजर आया। इसी आधार पर सुबह सदर कोतवाली के पिपरपाती पुलिया के पास से अभिषेक खरवार उर्फ गोलू निवासी ग्राम व थाना विजईपुर जनपद गोपालगंज (बिहार) को हिरासत में लिया।

पूछताछ के दौरान उसने लूट की घटना के बारे में सच्चाई उगल दी। उसने बताया कि हमने दोस्त सुनील निवासी ग्राम नौतन थाना रजईपुर गोपालगंज बिहार तथा सुनील के एक दोस्त के साथ घटना को अंजाम दिया है। हम तीनों ने योजना बनाई कि बिहार में हम लोगों का घर है। अपने इलाके में वारदात की तो पकड़े जाएंगे।

सुनील ने देवरिया शहर में वारदात की योजना बनाई। इसमें सुनील के दोस्त ने रेकी कर जानकारी दी कि शहर के गोरखपुर रोड पर कांपलेक्स स्थित एक दुकान है, जहां पर रुपये का लेन-देन होता है। काला शीशा होने के कारण बाहर से कोई देख भी नहीं पाएगा। इस पर हम तीनों बाइक से दुकान पर पहुंचे। दुकान के अंदर घुसने पर दो व्यक्ति बैठे थे। इसमें से एक देखते ही भागने लगा तो पिस्टल तान दी गई।

इसके बाद काउंटर में रखे रुपये को सुनील ले लिया, उसमें से सुनील ने मुझे बीस हजार रूपये देकर बस में बैठा दिया था। इसके बाद दोनों बाकी रुपये लेकर बाइक से चले गए।



लूट की घटना की जानकारी देते एएसपी। संवाद

---

अमर उजाला दि०-13-7-22

# छह लोगों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज/मदनपुर। न्यायालय के आदेश पर मदनपुर पुलिस ने छह पर गंभीर धारा में केस दर्ज किया है।

कन्हौली गांव निवासी श्रीकांत सिंह ने न्यायालय में गुहार लगाई थी। उसके आदेश के क्रम में मदनपुर पुलिस ने गांव के ही गणेश यादव समेत छह लोगों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मदनपुर बीबी राजभर ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

## श्रीकांत सिंह ने न्यायालय में गुहार लगाई थी

KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को किया सीज

**खड्डा।** पुलिस ने रामपुरगोनहा से अवैध खनन के बालू लदे टैक्टर ट्राली को सीज कर दिया है। रामपुरगोनहा से कुछ पुलिस कर्मियों की मिलीभगत से अवैध बालू खनन का खेल चल रहा है। एसओ धनवीर सिंह ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया।

# वारंटी व वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने सोमवार को अलग-अलग मामलों में एक वारंटी व एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाने में दर्ज मुकदमे में न्यायालय में हाजिर न होने पर पुलिस ने वारंटी प्रभात कुमार पांडेय पुत्र दिग्विजय नाथ पांडेय निवासी ग्राम रामपुर माफी थाना अहिरौली बाजार को थाना क्षेत्र के होलिया परतावल सड़क की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

### पुलिस लाइन में छह महीने के आरटीसी प्रशिक्षण के बाद हुई सिपाहियों की दीक्षांत परेड

# 150 सिपाही देश सेवा को समर्पित



मंगलवार को पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड की सलामी लेते एसपी धवल जायसवाल



परेड में पहुंचे डीएम एस राजलिंगम को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट करते एसपी

**पासिंग आउट**

- एसपी ने किया परेड का निरीक्षण, ली सलामी
- एसपी ने रिक्रूट को दिलायी देश सेवा की शपथ

**पडरौना, निज संवाददाता।** रिजर्व पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों का छह महीने से चल रहा आरटीसी प्रशिक्षण पूरा होने पर मंगलवार की दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया।

एसपी धवल जयसवाल ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली और सभी आरक्षियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। इसके साथ ही 150 सिपाही देश की सेवा को समर्पित हो गये।

13 जनवरी 2022 से पुलिस लाईन्स कुशीनगर में 150 रिक्रूट आरक्षियों को प्रशिक्षण चल रहा था। इस दौरान उन्हें पुलिस की ड्यूटी के दौरान आने वाली हर चुनौती से निपटने को तैयार किया गया। एसपी ने परेड की सलामी ली। इसके बाद प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों की बाह्य एवं अन्तः विषयों की करायी गयी परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पासिंग आउट परेड में पुरस्कृत किया गया। दीक्षांत परेड में पहुंचे डीएम एस राजलिंगम को एसपी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन सिंह, सीओ तमकुहीराज जीतेन्द्र सिंह कालरा, सीओ खड्डा संदीप वर्मा, सीओ कसया पीयूषकांत राय, आरटीसी प्रभारी शेषनाथ यादव आदि उपस्थित रहे।

# संवेदनशील जगहों पर पुलिस टीम करेगी पहरेदारी




1. श्रावण महीने में नारायणी से जल भरकर कुबेरस्थान में जलाभिषेक करते हैं श्रद्धालु
2. रास्ते के संवेदनशील जगहों पर पहरेदारी में पुलिस के साथ रहेंगे पीएसी के जवान
3. चिह्नित किये गये विशेष जगहों पर आवश्यकता के मुताबिक होगा रूट डायवर्जन
4. कुबेरस्थान सहित जिले के प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी निगरानी

"जिले में प्रमुख कुबेरनाथ शिव मंदिर में निगरानी के लिए तत्काल में पांच सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये हैं। भीड़ को देखते हुए आवश्यकता पड़ने पर यहां और अन्य मंदिरों में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाएंगे। कांवड़ यात्रा को लेकर संवेदनशील जगहों को चिह्नित कराया जा रहा, जहां पुलिस के साथ पीएसी के जवानों को तैनात किया जाएगा। यात्रा में जहां जरुरत पड़ेगा वहां रूट डायवर्जन भी होगा।

रितेश कुमार सिंह, एएसपी

**पडरौना, निज संवाददाता।** जिले की पुलिस श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा को लेकर सक्रियता बरतनी शुरू कर दी है। श्रावण महीने में श्रद्धालु नारायणी नदी से जल भरकर कुबेरस्थान स्थित अति प्राचीन कुबेरनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। पहली बार कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले में विशेष प्रबंध किया जा रहा है। यात्रा में संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की पहरेदारी रहेगी।

श्रावण महीने में जिले में श्रद्धालु जटहा बाजार के पास स्थित नारायणी नदी से जल भरकर कुबेरनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए कांवड़ यात्रा निकालते हैं। यह श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए जटहा-पडरौना मार्ग से पडरौना और यहां से छावनी होते हुए कुबेरनाथ तक की कांवड़ यात्रा पूरी करते हैं। अक्सर श्रद्धालु यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम पडरौना में ही करते हैं। इनके ठहरने एवं नाश्ते भोजन की व्यवस्था स्यंवसेवी संगठनों द्वारा भी की जाती है।

रात्रि विश्राम के बाद श्रद्धालु भोर में कुबेरनाथ के लिए प्रस्थान करते हैं। प्रत्येक वर्ष कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। शासन के निर्देश को देखते हुए पुलिस प्रशासन श्रावण महीने में कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है।

कांवड़ यात्रा के दौरान जटहा बाजार से लेकर कुबेरस्थान जाने एवं वहां से सिधुवा स्थान मंदिर होकर श्रद्धालुओं के लौटने के रास्ते में संवेदनशील जगहों पर पुलिस की पहरेदारी रहेगी। पहरेदारी में पुलिस के साथ साथ पीएसी के जवान भी मौजूद रहेंगे। चिह्नित किये गये विशेष जगहों पर आवश्यकता के मुताबिक होगा रूट डायवर्जन भी किया जाएगा। वहीं कुबेरस्थान सहित जिले के प्रमुख मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगवाये जा रहे हैं। इसकी शुरूआत कुबेरनाथ शिव मंदिर से की जा रही है।

# कंटेनर से 2.16 कुंतल गांजा बरामद, तस्कर फरार

**पटहेरवा, हिन्दुस्तान संवाद।** एसटीएफ एवं पटहेरवा थाने की पुलिस ने मंगलवार को दोपहर संयुक्त कार्रवाई में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ढाबे पर खड़े कंटेनर से 2.16 कुंटल गांजा बरामद किया।

हालांकि इस कार्रवाई में तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहे। कंटेनर पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर काजीपुर गांव के पास एक ढाबे पर खड़ा था। एसटीएफ को यह सूचना मिली थी कि एक कंटेनर पर तस्करों द्वारा भारी मात्रा में गांजा असम से लाद कर कानपुर की ओर ले जाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम बिहार बार्डर पर उस कंटेनर की सुराग में लगी थी। इस दौरान सूचना मिली कि गांजा लदा कंटेनर पटहेरवा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर स्थित गांव काजीपुर के पास एक ढाबे पर खड़ा है। एसटीएफ पटहेरवा एसओ अखिलेश कुमार सिंह को सूचना देते हुए मौके पहुंची।पटहेरवा पुलिस ढाबे पर खड़े कंटेनर को कब्जे में लेकर चालक व तस्करों की खोजबीन करने लगी।

# धर्म परिवर्तन की सूचना पर तीन हिरास

8/20

**गोड़रिया।** विशुनपुरा के जंगल लुअठहां के पकडियहवा टोला में धर्म परिवर्तन की सूचना पर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर थाने पर ले गयी। टोले पर एकत्रित महिला व पुरुषों में कुछ लोग दवा व इलाज के नाम पर तेल बांट रहे थे। इसी दौरान पुलिस को किसी ने सूचना दे दीवहां धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है।

# दुकान संचालक की हत्या के मामले में तीन उठाए गए

**फॉलोअप**

- देसी शराब की दुकान के संचालक की हत्या का मामला
- सहयोगी से भी कई बार हो चुकी पूछताछ, नहीं सामने आई वजह

**अहिरौली बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के मुजडीहा गांव में देशी शराब की दुकान के संचालक की मौत के मामले में हत्या की वजह अब तक सामने नहीं आ सकी है। पुलिस ने संदेह के आधार पर तीन लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है। दुकान पर हत्या के समय मौजूद रहे संचालक के सहयोग से भी पुलिस की कई बार की पूछताछ अब तक बेनतीजा रही है।

बीते रविवार की देर रात अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने चाकुओं से गोदकर शराब की दुकान के संचालक व्यासमुनि यादव की हत्या कर दी गयी थी। वह महराजगंज जिले के सदर कोतवाली थानान्तर्गत नदुआ बाजार का निवासी था। निर्मम हत्या से पूरे इलाके के लोग चिंतित हैं। लोग इस मामले का जल्द खुलासा चाहते हैं। पिछले पांच साल से वह यहां रहकर दुकान का संचालन करता था। महराजगंज से आए व्यासमुनि के परिजनों ने भी पुलिस को बताया है कि उपके परिवार की किसी से रंजिश नहीं है। ऐसे में अब तक हत्या की कोई ठोस वजह सामने नहीं आ सकी है।हत्या के समय घटनास्थल पर मौजूद रहे व्यासमुनि के सहयोगी सुनील कुमार से भी पुलिस ने कई बार पूछताछ की मगर वह भी महज इतना ही बता पा रहा है कि उसने हत्यारों को नहीं देखा। हत्यारे बाइक से आए थे और उनकी संख्या दो थी, उसी ने पुलिस को जानकारी दी है।

पुलिस के लिए भी हत्या की वजह जानना बेहद जरूरी है। अहिरौली बाजार के प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता का इस संबंध में कहना है कि तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। कुछ अहम सुराग मिले हैं। उन पर काम किया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कानपुर ले जाया रहा दो क्विंटल गांजा बरामद

- पटहेरवा पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम को मिली सफलता
- हाईवे पर ढाबा किनारे खड़े कंटेनर में बोरे में छिपाकर रखा गया था गांजा

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा (कुशीनगर)**: असोम के गुहावटी से कानपुर ले जाया जा रहा दो क्विंटल 16.800 ग्राम गांजा पटहेरवा पुलिस व एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स, गोरखपुर ) की संयुक्त टीम ने मंगलवार को काजीपुर के पास हाईवे किनारे खड़े कंटेनर से बरामद किया। तस्कर मौके से फरार हो गए। मुकदमा पंजीकृत कर टीम तस्करों की तलाश में है। कंटनेर में मिले कागजात के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि गांजा तस्कर बाइक से गुवाहाटी गए थे। वहां कंटेनर पर गांजे की खेप लेकर कानपुर के लिए चले।

बिहार से कुशीनगर के रास्ते तस्करों द्वारा गांजा ले जाने की सूचना पर टीम पटहेरवा के काजीपुर के पास हाईवे पर वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान नजदीक स्थित एक ढाबा के सामने कंटेनर के समीप पहुंच कर पुलिस टीम चालक के बारे में पूछने लगी तो उसका पता नहीं चला। शक होने पर कंटेनर की



कंटेनर से बरामद गांजा के साथ पुलिस टीम ● जागरण

तलाशी ली गई तो इस पर अलग-अलग बोरे में छिपाकर कर रखा गया गांजा मिला। पटहेरवा थाने में कंटेनर मालिक, अज्ञात चालक व तस्करों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि गांजा तस्कर गुवाहाटी से यह खेप लेकर कानपुर जा रहे थे। कंटनेर में मिले कागजात के आधार पर यह पता लगा है कि गांजा तस्कर बाइक से गुवाहाटी गए थे। वहां से कंटेनर में गांजा लेकर कानपुर के लिए चले थे।

## सीएचसी से एक्सपायरी दवा देने का वीडियो वायरल

**जासं, कोटवा बाजार**: नेबुआ नौरंगिया सीएचसी से एक्सपायरी दवा रोगियों में वितरित करने का वीडियो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ। इसमें एक व्यक्ति एक्सपायरी दवा देने की बात कह रहा है। फार्मासिस्ट की मेज पर रखी दवा के रैपर पर एक्सपायरी डेट मार्च 2022 लिखी है। प्रभारी चिकित्सक डा. मंतोष कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

# पासिंग आउट परेड के बाद पीएसी को मिले 150 सिपाही



पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में पुलिसकर्मी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते ( बाएं से ) डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसी के रंगरूटों की पासिंग आउट परेड का मंगलवार को आयोजन किया गया। एसपी धवल जायसवाल ने पद व कर्तव्यों की शपथ दिलाई। परेड के पश्चात पीएसी गोरखपुर, सीतापुर व बनारस को 150 नए आरक्षी मिल गए।

जिले में 2021 बैच के पीएसी के 150 रंगरूट पुलिस लाइन में 13 जनवरी 2022 से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। छह माह की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद पासिंग आउट परेड का आयोजन दीक्षा समारोह के रूप में किया गया। गेट से लेकर ग्राउंड तक को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया था। परेड का निरीक्षण कर एसपी ने रंगरूटों का उत्साह बढ़ाया। प्रशिक्षण व परीक्षा के दौरान सर्वाधिक अंक व विषय समूहों में सर्वाधिक अंक पाने वाले 12 रंगरूटों को डीएम एस राजलिंगम व एसपी ने सम्मानित किया। डीएम ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, कसया पीयूषकांत राय, खड्डा संदीप वर्मा, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, आरआइ रूपेश कुमार आदि मौजूद रहे। इस मौके पर रंगरूटों के स्वजन भी मौजूद रहे।

# जिले के 80 चौक-चौराहों पर रहेगी कैमरे की नजर

**जासं, पडरौना कुशीनगर :** अपराध पर अंकुश लगाने को जिला मुख्यालय सहित जनपद के छोटे-बड़े चौराहों पर 80 क्लोज सर्किट (सीसी) कैमरे लगेंगे। कई चौराहे इससे लैस भी हो चुके हैं। इनको पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, ताकि किसी प्रकार का अपराध होने पर अपराधियों के बारे में जानकारी मिल सके। यह पुलिस अधिकारियों के मोबाइल से भी कनेक्ट रहेंगे, ताकि जब चाहें वे इसकी फुटेज देख सकें।

आपरेशन त्रिनेत्र के तहत पडरौना में 16, कसया में नौ तथा हाटा नगर में पांच सहित छोटे-बड़े 80 चौराहों को चयनित किया गया है। यहां कैमरे लगाए जाएंगे। कुबेरस्थान मंदिर सहित कई जगहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा डायल 112 के सभी वाहन कैमरे से लैस होंगे।

**एडीजी की पहल पर गोरखपुर जोन में आपरेशन त्रिनेत्र चलाया जा रहा है। इसके तहत जिले में 80 स्थानों पर सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरा लगवाने वाले दुकानदार, नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, संस्था को सम्मानित किया जाएगा। अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।**



**रितेश कुमार सिंह,** एएसपी, नोडल अफसर, आपरेशन त्रिनेत्र

# एक वारंटी व वांछित आरोपित गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार :** न्यायालय में उपस्थित न होने पर रामपुर माफी गांव के प्रभात पांडेय को अहिरौली बाजार थाने की पुलिस ने होलिया परतावल सड़क की पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया। चाकूबाजी की घटना में वांछित सतीश यादव निवासी सेंदुआर को बरसैना गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने बताया कि आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# आवेदक को समय से दें आरटीआइ की सूचना

## राज्य सूचना आयुक्त ने की लंबित प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी ● जागरण




कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक को संबोधित करते राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह (दांए), सीडीओ रविंद्र कुमार (बांए) ● जागरण

**जासं, देवरियाः** राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह ने कहा कि जन सूचना अधिकारी, जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की मूल भावना का ध्यान रखें। समय से सही सूचना आवेदक को उपलब्ध कराएं। समय से सूचना उपलब्ध कराने से पारदर्शी व्यवस्था बनने के साथ ही कार्य प्रणाली में सुधार होगा। इसका लाभ नागरिकों को सुशासन के रूप में मिलता है। वह मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में देवरिया व कुशीनगर जनपदों में लंबित आरटीआइ प्रकरणों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

- **आयोग में सुनवाई के दौरान जिम्मेदार अधिकारी स्वयं आने का करें प्रयास**
- **बैठक में उपस्थित रहे कुशीनगर के कई अधिकारी**

उन्होंने कहा कि अक्सर देखने को मिलता है कि आरटीआइ के तहत मांगे गए आवेदन सही कार्यालय में नहीं पहुंचते, जिससे सूचना मिलने में समस्या आती है। ऐसे आवेदनों को पांच दिन के भीतर संबंधित विभाग को भेज देना चाहिए। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी का स्थानांतरण होता है तो उसे रिलीव करते समय आरटीआइ के लंबित प्रकरणों की जानकारी अनिवार्य रूप से करें। सूचना देते समय व्यापक लोकहित का ध्यान रखें।

उन्होंने कहा कि राज्य सूचना आयोग में सुनवाई के दौरान जिम्मेदार अधिकारी स्वयं आने का प्रयास करें या ऐसे व्यक्ति को भेजें, जिसे प्रकरण की पूरी जानकारी हो। ताकि प्रकरणों का निस्तारण हो सके। आरटीआइ के तहत 30 दिन के भीतर सूचना देना अनिवार्य है। सभी कार्यालयों में जनसूचना अधिकारी नामित होने चाहिए। पदनाम पटल पर अंकित करें, जिससे आवेदकों को भटकना न पड़े। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जनपद में कुल 521 आवेदनों में 428 का निस्तारण किया गया है। शेष 93 मामलों का शीघ्र निस्तारण कर लिया जाएगा।

इस मौके पर सीडीओ रवींद्र कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, एडीएम वित्त एवं राजस्व कुशीनगर देवीदयाल वर्मा, एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता कमल किशोर, डीपीआरओ कुशीनगर अभय यादव, सीओ कसया पीयूष कांत राय, डीसी मनरेगा राकेश कुमार, तहसीलदार पडरौना सुमित सिंह, अशोक श्रीवास्व व राजेश श्रीवास्तव समेत अधिकारी मौजूद रहे।

# गिरफ्तार नहीं हुआ हत्यारोपित

**कमरे में सोई पत्नी व दो बेटियों को जला दिया था जिंदा, एक बेटी जीवन के लिए कर रही संघर्ष**

**जागरण संवाददाता, रगड़गंज कुशीनगर :** पेट्रोल छिड़क कर पत्नी व तीन बच्चों को जिंदा जलाने वाला वहशी 19 दिन बाद भी पुलिस की पकड़ दूर है। कपतानगंज पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। इसे लेकर गांव के लोगों में भी पुलिस के प्रति आक्रोश है। हत्यारोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधिकारी बार-बार सिर्फ टीमें लगाए जाने की बात कह रहे हैं, मगर हत्यारा क्यों नहीं पकड़ा जा रहा है के सवाल पर चुप्पी साध ले रहे हैं। घटना में हत्यारोपित की पत्नी व बेटे की मौत हो गई तो एक बेटी जीवन से संघर्ष कर रही है। एक बेटा सुरक्षित है।

बीते 23 जून की रात की घटना को याद कर कप्तानगंज थाने के फर्द मुंडेरा गांव के लोग अब भी सिहर जा रहे।गांव के एक घर में मची चीख-पुकार अब भी उनके दिलोदिमाग में बनी हुई है। लोग कह रहे कि जिस पर मासूम बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी थी, उसी ने उन्हें जिंदा जलाकर मार डाला। उस रात रामसमुझ नशे में धुत होकर घर आया। उसकी हालत देख 32 वर्षीय पत्नी सुभावती ने टोका तो वह झगड़ने लगा तथा कहीं चला गया। देर रात जब घर लौटा तो बच्चे व पत्नी उसके पास भोजन लेकर गए, तो उसने खाने मना कर दिया। पति के रवैये से डरी-सहमी सुभावती 10 वर्षीय मुस्कान, आठ वर्षीय अंकित व चार वर्षीय अरुण को लेकर कमरे में सोने चली गई। आधी रात को रामसमुझ ने खिड़की के रास्ते पेट्रोल फेंक आग लगा दी। अंकित ने भाग कर जान बचाई। सुभावती, अरुण व मुस्कान बुरी तरह झुलस गए। गांव के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से उन्हें सीएचसी कप्तानगंज ले जाया गया, वहां से उन्हें मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। जहां अरुण व सुभावती की मृत्यु हो गई। मुस्कान अब भी जीवन के लिए संघर्ष कर रही है। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीमें लगाई गई हैं।

# धार्मिक स्थल बता समुदाय विशेष का प्रदर्शन, छह हिरासत में



शहीमल बाबा स्थान के समीप सड़क जाम किए समुदाय विशेष के लोगों को समझाती पुलिस • जागरण

**जासं, तरयासुजान:** तमकुहीराज कस्बे में हाईवे किनारे बैनामे की भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य के विरोध में मंगलवार को समुदाय विशेष के लोग सड़क पर उतर आए। समूह में तहसील मुख्यालय पहुंचे तथा प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम के समझाने के बाद भी कोई असर होता न देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। एएसपी रितेश कुमार सिंह व चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने 22 नामजद तथा 80 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर धरना दे रहे छह लोगों को हिरासत में लिया है।

बताया जा रहा है कि पूर्व प्रमुख विजय कुमार राय की तमकुहीराज में हाईवे किनारे भूमि है। इसपर निर्माण कार्य चल रहा है। बगल में शहीमल बाबा का स्थान है। दोपहर में समुदाय विशेष के लोग मौके पर गए और धार्मिक स्थल पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य का विरोध किए। विरोध करने वालों में नियामुतुल्लाह, अरशद रजा, नसीम उर्फ मिंटू, महमूद, जमाल और असफाक धरने पर बैठ गए। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग उनके समर्थन में आ गए। तहसील मुख्यालय पहुंच प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम व्यास नारायण उमराव प्रदर्शनकारियों में पांच लोगों को वार्ता के लिए अंदर बुलाया। बातचीत में एसडीएम ने बताया कि निर्माण कार्य धार्मिक स्थल पर नहीं, बैनामे की भूमि पर हो रहा। इस पर विरोध कर रहे लोग भड़क उठे और नारेबाजी करते हुए बाहर निकल आए। माहौल बिगड़ते देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को मौके से खदेड़ दिया। वहीं धरना दे रहे लोगों को हिरासत में ले लिया। एसएचओ तमकुहीराज अश्विनी राव ने सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर एएसपी, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह, तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा, एसएचओ सेवरही, तरयासुजान, पटहेरवा पहुंच गए। पीएसी बुला ली गई। एएसपी ने बताया कि कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे।

# मृत सिपाही के आश्रितों को दी गई आर्थिक मदद




मृत सिपाही के आश्रित को चेक देते डीएम और एसपी । संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** पशु तस्करों की वाहन की चपेट में आने से सिपाही की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने 28 लाख 75 हजार रुपये का चेक दिया।

एसपी की पहल पर पुलिसकर्मियों ने अपने एक दिन का वेतन देने की घोषणा कर 28,75,331 रुपये इकट्ठा की थी।

15 जून की भोर में तरयासुजान पटहेरवा सहित कई थानों की पुलिस जोकवा बाजार में वाहनों की जांच कर रही थी। उसी बीच तस्करों ने पिकअप से सिपाही धर्मवीर यादव को कुचल दिया था।

# ट्रक से दो क्विंटल 16 किग्रा गांजा बरामद

पटहेरवा। क्षेत्र के फोरलेन पर स्थित काजीपुर गांव के सामने पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने ट्रक से दो क्विंटल 16 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। चालक भाग निकला। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में वाहनों की तलाशी के दौरान ट्रक को पकड़ा गया। संवाद

# दीक्षांत समारोह में 150 रिक्रूट आरक्षी हुए शामिल

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस लाइंस में हुआ आयोजन

**पडरौना।** रिजर्व पुलिस लाइंस में रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड के लिए समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एसपी धवल जायसवाल और डीएम एस. राजलिंगम ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसी बीच रिक्रूटों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

एसपी धवल जायसवाल ने पुलिस लाइंस में आरटीसी की परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया गया। एसपी ने 150 रिक्रूट आरक्षियों को बदलते सामाजिक परिदृश्य के अनुसार और नवीन तकनीक के प्रयोग में दक्ष बनाने के लिए प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि



रिक्रूट आरक्षी को पुरस्कृत करते डीएम और एसपी। संवाद

जिले में नागरिक पुलिस एवं पीएसी के पदों पर सीधी भर्ती-2021 में चयनित हुए आरक्षियों का प्रशिक्षण पूरा हो गया है।

# नगर पालिका की लापरवाही सड़क पर भरी जा रही सवारी

## जाम की समस्या बढ़ी, टेंपो स्टैंड पर नहीं हो रही है सफाई, दुर्गंध से चालक और यात्री परेशान



शहर में कठकुयां मार्ग पर ऑटो में सवारी बैठाते चालक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** नगरपालिका की लापरवाही के चलते शहर में टेंपो, टैक्सी और निजी वाहनों के लिए स्टैंड निर्धारित नहीं है। ऐसे में सड़क पर ही वाहनों को खड़ा करके सवारियां भरी जाती हैं। इससे जाम की समस्या बढ़ती ही है, यात्रियों को दिक्कत भी होती है।

आंबेडकर पार्क को नगरपालिका की तरफ से स्थायी टेंपो स्टैंड बनाया गया है। इस पर नगर पालिका की नजर नहीं पड़ती है। इस जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है।

पानी की सुविधा नहीं है। अन्य जगह कोतवाली मार्ग, रामकोला मार्ग सहित पनियहवा और तुर्कपट्टी जाने के लिए प्राइवेट बस स्टैंड, कठकुइयां मार्ग पर टैक्सी स्टैंड, कसया मार्ग का टेंपो स्टैंड और जटहां मार्ग का स्टैंड सिर्फ नाम मात्र का है।

यात्रियों या वाहन चालकों के लिए कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में वाहन सड़क पर खड़े कर सवारियां भरी जाती हैं। इससे यात्रियों को परेशानी होती है।

नगरपालिका की तरफ से समय-समय पर शहर में वाहनों के लिए निर्धारित स्टैंड की नीलामी होती है। शहर में टेंपो और निजी वाहनों के लिए सिर्फ एक स्टैंड संचालित है। इस पर भी नगर पालिका ध्यान नहीं दे रही है। इस जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है। इससे उठने वाले दुर्गंध से लोगों को दिक्कत होती है।

यहां चालक सड़क पर ही वाहनों में सवारियों को भरते हैं। इससे वाहन चालकों और यात्रियों को परेशान होने के अलावा दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। शहर में रामकोला मार्ग पर डिपो वाले बसें खड़ी करके सवारी भरते हैं। इससे जाम लगता है।

### टेंपो स्टैंड पर नहीं दिखती सफाई

नगरपालिका परिषद पडरौना के आंबेडकर पार्क स्थित टेंपो स्टैंड पर स्वच्छता अभियान की सच्चाई दिखती है। यहां सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। भले शासन की ओर से स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। यहां उसका कोई असर नहीं दिख रहा है। स्टैंड पर पेयजल सहित अन्य जरूरी सुविधा न होने से चालकों और यात्रियों को परेशानी होती है।

### टेंपो का 40 रुपये शुल्क, सुविधा नदारद

शहर में आंबेडकर पार्क स्थित टेंपो स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव है। टेंपो चालक संतोष, पट्टू, उपेंद्र, मुहमद्दीन ने बताया कि स्टैंड पर गंदगी का अंबार है। बैठने के लिए सीमेंट से बनाई गई कुर्सियां जर्जर हो चुकी हैं। अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ठेकेदार के सहयोगी एक टेंपो चालक से 40 रुपये वसूलते हैं।



होमगार्ड के सामने सड़क पर ई रिक्शा में सवारी बैठाता चालक। संवाद

*सड़क पर वाहन खड़ा करके सवारी भरने से लोगों को परेशानी होती है। जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। देखने से ऐसा लगता है कि चालकों को चालान का भी डर नहीं है। - **नूर आलम,** पडरौना*



*शहर में प्रतिदिन भीड़ लगती है। सवारी वाहनों से अधिकतर लोग आवागमन करते हैं। टेंपो और ई रिक्शा वाले सड़क पर वाहन खड़ा करके सवारी बैठाते हैं। इससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। - **इमरान,** बेलवा चुंगी*



*सुभाष चौक पर पुलिस के सामने ही टेंपो चालक अपना वाहन रोककर सवारी बैठाते हैं। वहीं, पुलिसकर्मी इस पर ध्यान नहीं देते हैं। जाम लगने के बाद सक्रिय होते हैं। - **मनोज मोदनवाल,** सुभाष चौक*



*शहर में एक ही टेंपो स्टैंड है। इस पर भी नगरपालिका का ध्यान नहीं है। गंदगी का अंबार लगा रहता है। दुर्गंध के बीच सवारी को बैठना पड़ता है। यहां पानी पीने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।- **शिव कुमार सिंह,** व्यवसायी*



*जाम से निजात के लिए शहर के किनारे स्टैंड की व्यवस्था की जा रही है। स्टैंड पर गंदगी का अंबार है तो सफाईकर्मियों की टीम लगाकर सफाई कराई जाएगी। जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। - **विनय जायसवाल,** नगरपालिका अध्यक्ष*

यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया है कि जो भी चालक अपना वाहन सड़क पर रोककर सवारी बैठाते मिले, उसका चालान किया जाए। - **देवी दयाल वर्मा,** एडीएम

# तमकुहीराज में धरना देने वालों को हिरासत में लेने पर हंगामा

## भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारीं, मौके पर कई थाने की पुलिस तैनात

संवाद न्यूज एजेंसी

**तमकुहीराज।** कस्बे में स्थित एक धार्मिक स्थल के पास हो रहे निर्माण का विरोध करते हुए समुदाय विशेष के लोगों ने मंगलवार को धरना शुरू कर दिया। पुलिस ने धरना दे रहे पांच लोगों को हिरासत में ले लिया। उसके विरोध में काफी संख्या में लोग तहसील परिसर में पहुंचकर हंगामा करने लगे। वे हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ने की मांग कर रहे थे। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने लाठियां फटकारीं।

बाद में पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू और सपा नेता उदयनारायण गुप्ता ने पहुंचकर लोगों को शांत कराया और प्रशासन से वार्ता की। हालांकि, कोई निष्कर्ष नहीं निकला। एहतियातन मौके पर आठ थाने की पुलिस और पीएसी तैनात कर दी गई है।



प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन करते लोगों को रोकती पुलिस। संवाद

### धार्मिक स्थल के पास निर्माण के मुद्दे पर विवाद

तमकुहीराज नगर पंचायत में एक धार्मिक स्थान के पास व्यक्ति ने बैनामा ली गई जमीन पर निर्माण शुरू कराया था। कुछ लोग उसे धार्मिक स्थल की जमीन बता रहे हैं। इसी बात को लेकर विवाद है। सोमवार को डीएम एस. राजलिंगम और एसपी धवल जायसवाल मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने तहसीलदार एवं लेखपाल से भूमि की नवैयत की जानकारी प्राप्त की थी। बैनामा कराने वाले ने मंगलवार को उस भूमि पर निर्माण शुरू कराया तो एक समुदाय के लोग बड़ी संख्या में वहां पहुंचे और धरना देने लगे।

धरने की जानकारी होने पर सीओ जितेंद्र सिंह कालरा की अगुवाई में पहुंची पुलिस ने नियामतुल्लाह, नसीम उर्फ मिंटू, अरसद रजा, महमूद खान एवं जमाल को हिरासत में ले लिया। इससे नाराज भीड़ तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर हंगामा करने लगी। भीड़ पुलिस और प्रशासन के विरोध में नारे लगाते हुए एसडीएम कार्यालय की तरफ बढ़ने लगी। यह देखकर पुलिस ने जमीन पर लाठियां पीटते हुए लोगों को खदेड़ना शुरू कर दिया। वहां अफरा-तफरी मच गई।

कई लोग परिसर में खड़ी गाड़ियों पर गिर पड़े। एसडीएम व्यास नारायण उमराव ने लोगों को शांत कराया और विरोध कर रहे लोगों की ओर से पांच लोगों को कार्यालय में बुलाकर वार्ता करने के लिए कहा। इसी दौरान एएसपी रितेश कुमार सिंह, सीओ सदर कुंदन सिंह, पडरौना के कोतवाल निर्भय सिंह और एसओ कसया सुधीर सिंह भी पहुंच गए। वहीं, धरना देने वाले लोगों की पैरवी करने के लिए पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू और सपा नेता उदयनारायण गुप्ता पहुंचे।

हिरासत में लिए गए लोगों को छोड़ने की मांग की गई। काफी देर तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला। हालांकि, शाम तक लोग अपने घर लौट गए। इस दौरान एसएचओ अखिलेश सिंह, अश्विनी कुमार राय, कपिलदेव चौधरी, आशुतोष सिंह सहित अन्य थाने के एसओ व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# छेड़खानी के मामले में मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है पुलिस

## पीड़ित किशोरी की मां ने एसपी से फरियाद कर की कार्रवाई की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**पकड़ियार बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की एक महिला का आरोप है कि उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के मामले में तहरीर देने के एक सप्ताह के बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया। महिला ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने बताया है कि 26 जून को उसकी बेटी धान की रोपाई कर दोपहर में घर लौट रही थी। रास्ते में उसी गांव का एक युवक उसकी बेटी से छेड़खानी करने लगा।

किशोरी के शोर मचाने पर लोग उस ओर पहुंचे तो आरोपी भाग गया। महिला का कहना है कि जब वह युवक के घर पहुंच उलाहना दी तो वहां उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया गया। महिला ने 27 जून को ही थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया।

**नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला**

महिला का आरोप है कि पुलिस सुलह के लिए दबाव दे रही है। दूसरी ओर, इस मामले में एसओ गिरिजेश उपाध्याय का कहना है कि किशोरी के पिता को सीओ के समक्ष प्रस्तुत होना है। उन्होंने कहा कि जांच के सिलसिले में पिता को बुलाया गया है। वहां से मिलने वाली रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# आर्म एक्ट में चालान

**फरेंदा।** पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम गनेशपुर निवासी शैलेन्द्र पासवान को एक अदद चाकू के  साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ 4/25 आमर्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

epaper
हिन्दुस्तान



पुलिस कार्यालय में तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

**महराजगंज, निज संवाददाता।** कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने मंगलवार को शिकारपुर नहर रोड के पास नौ किलो मादक पदार्थ चरस के साथ बिहार के एक आरोपित को गिरफ्तार किया। चरस को वह नेपाल से लेकर आ रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत एक करोड़ रूपए आंकी जा रही है। कोतवाली पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में एसपी डॉ. कौस्तुभ ने एडिशनल एसपी निवेश कटियार के साथ खुलासे की जानकारी दी। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह व स्वाट टीम प्रभारी स्वतंत्र सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शिकारपुर नहर रोड से संदिग्ध को पकड़ा। वह कहीं जाने के

> कोतवाली पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने नौ किलो मादक पदार्थ चरस के साथ बिहार के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसे कहां व किसको डिलेवरी देनी थी।
>
> डॉ. कौस्तुभ, एसपी

फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था। तलाशी में उसके पास से 24 पैकेट चरस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विशाल चौरसिया पुत्र विनय चौरसिया निवासी बगहा गांधीनगर थाना बगहा जिला बेतिया बिहार बताया। अंतर्राष्ट्रीय कीमत में बरामद चरस की कीमत एक करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

**गुडवर्क पर पुलिस टीम को मिलेगा पन्द्रह हजार का ईनाम :** एक करोड़ मूल्य का चरस के साथ आरोपित को पकड़ने वाली पुलिस टीम को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पन्द्रह हजार रुपया पुरस्कार देने की घोषणा किया।

epaper
हिन्दुस्तान

# एक करोड़ की चरस के साथ आरोपित गिरफ्तार



पुलिस कार्यालय में तस्कर की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी डॉ. कौस्तुभ।

**महराजगंज, निज संवाददाता।** कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने मंगलवार को शिकारपुर नहर रोड के पास नौ किलो मादक पदार्थ चरस के साथ बिहार के एक आरोपित को गिरफ्तार किया। चरस को वह नेपाल से लेकर आ रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत एक करोड़ रूपए आंकी जा रही है। कोतवाली पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

> कोतवाली पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने नौ किलो मादक पदार्थ चरस के साथ बिहार के एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उसे कहां व किसको डिलेवरी देनी थी।
>
> **डॉ. कौस्तुभ**, एसपी

फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था। तलाशी में उसके पास से 24 पैकेट चरस बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विशाल चौर[illegible] सी

# मारपीट के मामले में पांच पाबंद

लक्ष्मीपुर। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पैसिया ललाइन में दो पट्टीदारों के बीच हुए मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के पांच लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद कर न्यायालय चालान कर दिया गया। चौकी इंचार्ज लक्ष्मीपुर अंकित सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में महेंद्र, वीरेंद्र, जितेंद्र, श्याम मोहन, दिनेश को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया है।

# मां-बेटे को पुलिस ने भेजा जेल

नौतनवा। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव धोतियहवा के रहने वाले दो वांछित आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार की सुबह अड्डा बाजार बैंक तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व में दर्ज मामले में मां बेटे फरार चल रहे थे। जिन्हें मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है।

# तीन जुआरियों को किया गिरफ्तार

लक्ष्मीपुर। पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के एकमा लक्ष्मीपुर निगम डिपो में तीन जुआरियों को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। चौकी इंचार्ज अंकित सिंह ने बताया कि ने छापेमारी किया। इस कार्रवाई में कृष्ण कुमार निवासी एकमा लक्ष्मीपुर, पशुपति निवासी कोल्हुआ उर्फ सिहोरवा व सिराजुद्दीन निवासी पैसिया ललाइन का चालान कर दिया गया।

# इनवर्टर एव बैटरी चोरी के आरोपित गिरफ्तार

नौतनवा। स्थानीय पुलिस ने एक व्यक्ति को बैटरी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई किया है। थाना निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव बैरवा चंदन पुर निवासी मैनुद्दीन को चोरी के मामले में रतनपुर चौराहे से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसके पास से एक इनवर्टर एवं एक बैटरी बरामद किया गया है।

epaper हिन्दुस्तान

# एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी को जेल

झनझनपुर। चौक थाना क्षेत्र के पिपरिहा चौराहे से प्रतिबंधित पदार्थ के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि सोमवार की रात में मुखबिर ने सूचना दिया कि सिंदुरिया थाना क्षेत्र का मोहनापुर निवासी कश्यप पांडेय प्रतिबंधित मादक पदार्थ (गांजा) लेकर पिपरिहा चौराहे से कहीं जाने के फिराक में है।

# पुलिस ने वापस कराए 35 हजार




महराजगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने फ्राड के जरिए एक ई-वालेट से निकाले गए 35 हजार 5 रुपया साइबर व सर्विलांस सेल के जरिए पीड़ित को वापस कराया। कोतवाली पहुंचकर उसने पुलिस को सराहनीय कार्य के लिए आभार जताया।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि राय ने बताया कि ग्रामसभा रेहांव निवासी चंदन जायसवाल ने प्रार्थना पत्र देकर पुलिस को बताया था कि नौ जून को उसके खाते से आनलाइन फ्राड के जरिए 35 हजार पांच रुपया निकाल लिया गया है।

प्रशिक्षण संपन्न होने पर पुलिस लाइन में हुआ दीक्षांत समारोह, पद व गोपनीयता की दिलाई गई शपथ

# 142 रिक्रूट ने लिया देश सेवा का संकल्प

**पासिंग आउट**

महराजगंज, निज संवाददाता। आरटीसी पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रशिक्षण में पास आउट रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षान्त परेड समारोह हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में एसपी डॉ. कौस्तुभ ने परेड का निरीक्षण के बाद सलामी लिया। पुरस्कार वितरण के बाद एसपी ने आरक्षियों को पद व गोपनीयता का शपथ दिलाया।

दीक्षान्त परेड सुबह सवा नौ बजे से शुरू हुआ। प्रशिक्षण में उत्तीर्ण कुल 142 रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड में शामिल हुए। परेड फाल इन के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद रिक्रूट आरक्षियों का परेड गुजरने लगा। मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी लिया। परेड के बाद पुरस्कार वितरण हुआ। शपथ ग्रहण के बाद दीक्षांत समारोह का समापन हुआ। रिक्रूट से आरक्षी बनते ही जवानों ने खुशियों का इजहार किया। कई रिक्रूट आरक्षियों के परिजन भी आए थे। इस यादगार पल को सभी अपने मोबाइल में वीडियो व फोटा लेकर संजो रहे थे।



एसपी डॉ. कौस्तुभ ने आरक्षियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

- एसपी ने प्रथम स्थान पाने वाले आरक्षियों को किया सम्मानित
- समारोह को यादगार बनाने के लिए मोबाइल से ले रहे थे फोटो

### श्याम मोहन को सर्वश्रेष्ठ रिक्रूट आरक्षी का पुरस्कार

पुलिस लाइन में इनडोर व आउटडोर प्रशिक्षण की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले रिक्रूट आरक्षियों को एसपी ने सम्मानित किया। श्याममोहन पांडेय इनडोर व आउटडोर प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ रिक्रूट आरक्षी चयनित हुए। इनडोर प्रशिक्षण में पांच विषय में परीक्षा हुई थी। इसमें विशाल त्रिपाठी, संदीप कुमार शुक्ला, प्रभात कुमार, प्रभात कुमार व रविन्द्र कुमार को प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। आउटडोर प्रशिक्षण में राजेश कुमार यादव को शारीरिक प्रशिक्षण, प्रदीप कुमार ओझा को पदाति प्रशिक्षण, श्याम मोहन पांडेय को शस्त्र प्रशिक्षण व फील्ड क्राफ्ट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र दिया गया। परेड कमांडर प्रियांशु तिवारी, रवि वर्मा व अजय कुमार को प्रमाण पत्र से एसपी ने सम्मानित किया।

इस मौके पर एडिशनल एसपी निवेश कटियार, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, सीओ निचलौल सुनील दत्त दूबे, सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र, सीओ नौतनवा अनुज, प्रशिक्षु सीओ अनिरूद्ध कुमार, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार, आरटीसी प्रभारी हरि सिंह यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फंदे से लटकती मिली नवविवाहिता की लाश

बरगदवा। बरगदवां खैराटी गांव में मंगलवार को फंदे से नवविवाहिता की लटकती लाश मिली। सूचना पर पहुंचे नौतनवां सीओ ने जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया। मंगलवार को उसकी पत्नी सुन्दरी( 18) का शव घर में छत की कुंडी से दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। शव देख लोगों ने शोर मचाया। किसी ने इस घटना की जानकारी बरगदवां पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को फंदे से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस ने वापस दिलाए रुपये

**महराजगंज:** नदुआ बाजार निवासी चंदन जायसवाल नौ जून को साइबर ठगी का शिकार हो गया था। उसके खाता से 35005 रुपये निकल गए थे। मामले में कोतवाली पुलिस जांच करते हुए इसमें से 15002 रुपये पीड़ित को वापस कराया है। (जासं)

# एंटी रोमियो टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

**जासं, निवलौल:** राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कालेज बाली में पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने आधी आबादी के सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर छात्राओं को जागरूक किया इस दौरान टीम ने एक पिंक बाक्स भी विद्यालय में लगाया। इसके साथ ही टीम ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

छात्राओं को जागरूक करने हुए कांस्टेबल सरिता सिंह व नेहा सिंह ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यदि विद्यालय आते समय या गांव घर पर भी कोई समस्या हो तो तत्काल 112 नंबर डायल कर सूचना दें। यदि बिना पहचान बताए कोई शिकायत करना हो तो विद्यालय में लगे पिंक बाक्स में आप अपनी शिकायत लिखकर डाल सकती हैं। इसके साथ महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 पर भी आप अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। कार्यक्रम को विद्यालय प्रबंधक सनत कुमार राहुल व प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर अग्रवाल ने भी संबोधित किया शिक्षक संजय राय, अमित सिंह, अरविंद राय, ममता केशरी, अनिता कुशवाहा मौजूद रहीं।

# नेपाल भेजा जा रहा तीन पिकअप कपड़ा बरामद

## एसएसबी व कस्टम की संयुक्त टीम ने नौतनवा बाईपास पर घेराबंदी कर चालक को पकड़ा

**जागरण संवाददाता, सोनौली:** एसएसबी व कस्टम की संयुक्त टीम ने मंगलवार की भोर में नौतनवा बाईपास पर तस्करी का कपड़ा लदी तीन पिकअप को पकड़ लिया। कपड़े की यह खेप सोनौली कोतवाली क्षेत्र के हरदीडाली गांव के रास्ते नेपाल ले जाने की तैयारी थी। एसएसबी अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कपड़े की एक बड़ी खेप हरदीडाली गांव के रास्ते नेपाल जाने वाली है। हरदीडाली चौकी एसएसबी निरीक्षक रघुनाथ प्रसाद ने कस्टम विभाग से संपर्क कर एक संयुक्त टीम बनाया, फिर मिली सूचना के आधार पर नौतनवा बाईपास पर घेराबंदी कर तीन कपड़ा लदी पिकअप पकड़ लिया। कपड़ों में 6848 लेडीज सूट व 2320 सलवार शामिल रहे।

पिकअप चालक मोहम्मद शेख निवासी बरवाभोज थाना नौतनवा, गोविंद निवासी सरोजनी नगर वार्ड नौतनवा व मुस्तफा निवासी कस्बा नौतनवा को हिरासत में ले लिया गया। एसएसबी निरीक्षक रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि पकड़े गए पिकअप व कपड़ों को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। कस्टम अधीक्षक एसके पटेल ने बताया कि बरामद तीनों पिकअप व कपड़ा को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।



एसएसबी बीओपी मे बरामद पिकअप के साथ एसएसबी व कस्टमटीम● सौ. एसएसबी

### नौ किलो चरस बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**जासं, महराजगंज:** कोतवाली थाना पुलिस और स्वाट टीम ने मंगलवार को दोपहर में शिकारपुर नहर रोड के पास से एक तस्कर को गिरफ्तार कर नौ किलोग्राम चरस बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने इस बरामदगी की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि शिकारपुर नहर रोड के पास एक युवक नशीले पदार्थ लेकर कहीं जाने की फिराक में है। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार की देखरेख में वरिष्ठ उप निरीक्षक अजीत कुमार सिंह तथा प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक स्वतंत्र कुमार पहुंचे तो वह भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विशाल चौरसिया निवासी बगहा एक गांधीनगर थाना बगहा, जिला बेतिया बिहार बताया। उसके कब्जे से 24 पैकेट चरस बरामद हुआ, जिसका कुल वजन नौ किलोग्राम है।

उसके पास से एक फोन व कुल 1630 रुपये भी बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

www.jagran.com

# दहेज हत्या के आरोपित पति व सास को जेल

**जासं, नौतनवा:** थाना पुलिस ने मंगलवार को दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपितों को अड्डा बाजार बैंक तिराहा से गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

धोतिहवा गांव में बीते शुक्रवार को विवाहिता की मृत्यु के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति व सास पर दहेज को लेकर प्रताड़ित करने व हत्या का मुकदमा किया था। बैरवां जंगल टोला सोनबरसा निवासी चिलकेस ने थाना में दिए तहरीर में बताया था कि बेटी कुसुम की शादी 24 मई वर्ष 2021 को रामकरन गौड़ निवासी ग्राम धोतिहवां बड़का टोला के साथ हुई थी। हैसियत के अनुसार एक लाख रुपये नकद, बाइक आदि सामान दिए थे, लेकिन पति व सास खुश नहीं थे। दहेज को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते रहते थे। उन्होंने दहेज के लिए उसके पति व सास पर फांसी लगाकर हत्या का आरोप लगाया था। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित पति रामकरन गौड़ व सास शिशकली को जेल भेजा गया है।





पुलिस लाइन मे परेड की सलामी लेते एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण



शपथ लेते आरक्षी ● जागरण

# रिक्रूट आरक्षियों का प्रशिक्षण पूरा, सम्मानित

## पीड़ितों की मदद को ध्यान में रखते हुए कर्तव्यों का पालन करें आरक्षी : पुलिस अधीक्षक

**जागरण संवाददाता, महराजगंज:** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सशस्त्र पुलिस के 142 रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षान्त परेड मंगलवार को पूरा हो गया। कर्तव्य निष्ठा की शपथ और पासिंग आउट परेड के साथ ही ये अब पुलिस का हिस्सा बन गए। आकर्षक ढंग से सजे परिसर में पुलिस वर्दी से लैस रिक्रूटों ने उत्साह के साथ परेड निकाली। इस दौरान विषय, बाह्य विषय के परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 13 आरक्षियों को सम्मानित किया गया।



पुलिस लाइन मे आरक्षी को प्रमाण पत्र व मेडल देते एसपी डा. कौस्तुभ ● जागरण

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डा.कौस्तुभ ने निष्ठा व ईमानदारी एवं सतर्कता से दायित्वों का निर्वहन करने और भारतीय संविधान व कानून का पालन करने व कराने की रिक्रूट आरक्षियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी नये आरक्षी, गरीब जरूरतमंद, असहाय पीड़ित लोगों की मदद को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करें और विभाग का नाम रोशन करें।

मुख्य अतिथि ने विशाल त्रिपाठी, संदीप कुमार शुक्ला, प्रभात कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश कुमार यादव, प्रदीप कुमार ओझा, श्याम मोहन पांडेय, प्रियांशु तिवारी, रवि वर्मा, अजय कुमार तथा सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार श्याम मोहन पांडेय को दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार, क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी निचलौल सुनील दत्त दूबे, क्षेत्राधिकारी फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनुज कुमार, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर में

### चोरी के मामले में आरोपित को भेजा गया जेल

**नौतनवा :** चोरी के मामले में एक आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को दोपहर में मिश्रवलिया तिराहा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित मैनुद्दीन निवासी ग्राम बैरवा चंदन की तलाश की जा रही थी। गिरफ्तारी के दौरान एक इन्वर्टर व बैटरी बरामद हुई है। (जासं)

### आरोपित चढ़ा पुलिस के हत्थे, बालिका बरामद

**फुलमनहा :** मंगलवार को गांव की बालिका को भगाने व शादी के लिए दबाव बनाने के मामले का वांछित मोनू निवासी ढोझ्याट को बृजमनगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया। (जासं)

### पत्नी ने ब्लाक किया नंबर तो खा लिया जहरीला पदार्थ

**नौतनवा :** नगर के एक युवक ने पत्नी द्वारा वाट्सएप नंबर ब्लाक कर दिए जाने से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर देख स्वजन उसे नौतनवा के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। मामला सरोजनीनगर वार्ड का है। पत्नी कुछ दिन पूर्व मायके भैरहवा चली गई है। (जासं)

# छेड़खानी के आरोप में तीन की पिटाई, बाल मुड़वाए

## पनियरा क्षेत्र की घटना, वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दो आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**पनियरा (महराजगंज)।** क्षेत्र के एक गांव में छेड़खानी की नीयत से घर में घुसे तीन युवकों को पकड़कर लोगों ने हाथ-पैर बांधकर पिटाई की। उनके बाल मुड़वा दिए।

घटना से सबंधित वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, घटना बीते रविवार रात की है। गांव में एक व्यक्ति के घर में घुसकर तीन युवक, उसकी बहू से छेड़छाड़ करने लगे। घरवालों ने शोर मचाया तो मौके पर काफी संख्या में लोग जुट गए। तीनों युवकों को पकड़ कर पिटाई की। फिर हाथ-पैर बांधकर सिर मुड़वा दिया।

बताया जा रहा है कि पहले तो सुलह-समझौते के बाद मामले को रफा-दफा करने की कोशिश हुई, लेकिन जब घटना से संबंधित वीडियो वायरल हो गया तो पुलिस ने मारपीट के दो आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया।

इस संबंध में सीओ अजय सिंह चौहान का कहना है कि मारपीट के दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

### किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**बृजमनगंज।** क्षेत्र से बीते दिनों बहला फुसलाकर भगाई गई एक किशोरी को पुलिस ने मंगलवार को खोज निकाला। उसके अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक चंद्रहास मिश्र ने बताया कि, किशोरी को आरोपी शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। आरोपी का चालान कर दिया गया है। संवाद

अमर उजाला | महराजगंज | amarujala.com

# दीक्षांत परेड में शामिल हुए 142 रिक्रूट

## पुलिस लाइंस परिसर में आयोजित हुआ समारोह, एसपी ने दिलाई कर्तव्य निर्वहन की शपथ






पुलिस लाइंस ग्राउंड पर दीक्षांत समारोह में परेड करते आरक्षी। दीक्षांत समारोह में आरक्षियों को शपथ दिलाते एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पुलिस लाइंस परिसर में मंगलवार को प्रांतीय सशस्त्र बल के 142 रिक्रूट आरक्षियों का दीक्षांत परेड संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने आरक्षी श्याम मोहन पांडेय को सर्वांग सर्वोत्तम, अंतः व वाह्य विषयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि ने सभी आरक्षियों को निष्ठा से कर्तव्य निर्वहन की शपथ दिलाई और विपरीत हालात में बेहतर ढंग से कार्य करने के टिप्स दिए।

### आरक्षी श्याम मोहन पांडेय को बेहतर प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया

रिक्रूट आरक्षी विशाल त्रिपाठी, संदीप, प्रभात, रविंद्र, राजेश, प्रदीप, प्रियांशु, रवि, अजय को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एएसपी निवेश कटियार, सीओ सदर अजय सिंह चौहान, सीओ निचलौल सुनील दत्त दूबे, सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्रा, सीओ नौतनवां अनुज कुमार, प्रशिक्षु सीओ अनिरुद्ध कुमार, प्रतिसार निरीक्षक मनोज कुमार, आरटीसी प्रभारी हरि सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 13-07-2022

# कंकाल बरामदगी की जांच करने पहुंचे सीओ

सल्टौआ। महिला का कंकाल मिलने के मामले मगंलवार को सीओ रुधौली अंबिका राम सिंवसलांस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का एक बार फिर से बारीकी से मुआयना किया। सीओ ने कहा कि जिले के सभी थानों में दर्ज महिलाओं की गुमशुदगी के फाइल को देखा जा रहा है। मृतका के कपड़े और बूटादार दुपट्टे के आधार पर भी पहचान का प्रयास जारी है। जरूरत के हिसाब से डीएनए जांच भी कराई जाएगी। सोनहा थाने के मौरी परासी के समीप सोमवार की सुबह सरयू नहर के माइनर में मिट्टी में दफन कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई थी।

मौके पर प्रभारी निरीक्षक शंशाक शेखर राय, फोरेंस्सिक टीम के साथ पहुंचे और शव को जमीन से खोदवाकर बाहर निकलवाया था। शव महिला का पाया गया और बगल में ढ़ेर सारे बाल पड़े थे। पहचान के लिए आस-पास के ग्रामीण इकठ्ठा हुए लेकिन पहचान नही हो पाई थी।पुलिस ने कंकाल को कब्जे में ले लिया था।

# तमंचा व बाइक संग आरोपी गिरफ्तार

बभनान। गौर क्षेत्र के इटबहरा गांव के एक घर में चोरी करने के प्रयास करने के मामले में आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा-कारतूस व चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

पुलिस के अनुसार सात जुलाई की रात इटबहरा निवासी नीरज सिंह के घर में चोर घुस गया। परिवार के लोगों के जाग जाने पर वह ईंट फेंककर भाग निकला। नीरज सिंह ने गांव के ही रिंटू सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि आरोपी रिंटू उर्फ अवनीश सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में एसआई रवीन्द्र सिंह, कमलेश कुमार गौड़, हेड कांस्टेबल गंगा यादव, धीरेन्द्र दुबे, अभिषेक नाथ शामिल रहे।

# अवैध शराब के साथ एक को दबोचा

हर्रैया (बस्ती)। हर्रैया, एसओजी और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार की रात नरायनपुर नहर पुलिया से रेक्टीफाइड स्प्रीट निर्मित अपमिश्रित शराब बरामद की है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार टीम ने आरोपी राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हर्रैया के कब्जे से 60 लीटर अवैध शराब पकड़ी है। उस पर आईपीसी 272 व 60(क) आबकारी अधिनियम में हर्रैया थाने में केस दर्ज किया है। आरोपी हर्रैया थाने का गैंगस्टर है। उस पर पूर्व में चार मुकदमे कप्तानगंज व हर्रैया में दर्ज हैं।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हर्रैया शैलेश कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र दो अंगद कुमार गौड़, एसओजी प्रभारी उमेश चन्द्र वर्मा, एसएसआई सुरपति त्रिपाठी, एसओजी के हेड विजय प्रकाश, दिलीप, अभिषेक, विजय, अजय , विश्वजीत व सन्तोष कुमार , विवेक आदि शामिल रहे।

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार सोमवार/ मंगलवार की देर रात करीब पौने एक बजे कुस्महा मोड़ के पास से आरोपी आशीष तिवारी निवासी ग्राम महदेव थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती को 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में धरना देते शिक्षक। • हिन्दुस्तान

# भुगतान होने तक जारी रहेगा शिक्षकों का धरना

- डीआईओएस कार्यालय पर धरना दे रहा है माध्यमिक शिक्षक संघ
- 17 विद्यालयों का वेतन बाधित करने का डीआईओएस पर आरोप

बस्ती, निज संवाददाता। माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) ने शिक्षकों का वेतन बाधित होने के मामले में मंगलवार को दूसरे दिन भी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना जारी रखा। पदाधिकारियों ने मांग किया 17 विद्यालयों के शिक्षकों का दो माह से बाधित वेतन निर्गत किया जाए।

कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षकों का वेतन न मिलने से उनके सम्मुख आर्थिक व मानसिक परेशानियां उत्पन्न हो गई हैं। इसको लेकर शिक्षकों में भारी रोष है। प्रदेश संगठन मंत्री ध्रुव नारायण चौधरी ने कहा कि अकारण 17 विद्यालयों का वेतन बाधित किया जाना बेहद खेदजनक है। इस प्रकरण पर जिला विद्यालय निरीक्षक को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।

जिला अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि जब तक शिक्षकों की समस्या का निराकरण नहीं होता है, हम इस कार्यालय पर शिक्षण कार्य करने के बाद धरना जारी रखेंगे। धरने के अंत में संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक को शिक्षकों के वेतन निर्गत किए जाने हेतु ज्ञापन सौंपा।

धरने को दीपक सिंह प्रेमी, विजय नाथ तिवारी, सत्य प्रकाश मौर्य, नीरज वर्मा, श्रवण गुप्ता, सूर्यदेव सिंह, सुरेंद्र मिश्र, हनुमान पांडेय, राकेश कुमार सिंह, अनिरुद्ध, प्रदीप कुमार त्रिपाठी, सुरजीत कुमार वर्मा, वीरेंद्र वर्मा आदि शिक्षकों व पदाधिकारियों ने संबोधित किया। सुभाष चौधरी, चंद्र प्रकाश, नारायण सिंह, सुरेंद्र कुमार पांडेय, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, रमाकांत पटेल, लक्ष्मीधर पांडेय, त्रिभुवन दत्त, डॉ. सुधीर कुमार, आज्ञा राम, विनय यादव, संजय कुमार, अमित श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षक धरने में शामिल रहे।

# अवैध तमंचा के साथ आरोपित गिरफ्तार

**पुरानी बस्ती :** मंगलवार को पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव व चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेंद्र सिंह की टीम ने सोमवार की देर रात रेलवे स्टेशन रोड से युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित अभिषेक मोदनवाल उर्फ गोलू निवासी पुरानी बस्ती के पास से एक अवैध तमंचा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को एक मुकदमें में आरोपित की तलाश थी। बरामदगी के आधार पर पुरानी बस्ती पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया। (जासं)

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती :** वाल्टरगंज पुलिस ने गांजा के साथ एक आरोपित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार की देर रात कुसम्हा गांव के मोड़ से आशीष तिवारी निवासी ग्राम महदेव थाना वाल्टरगंज को 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# कांवड़िया संघ, डीजे संचालकों के साथ बैठक

**बस्ती :** क्षेत्राधिकारी कलवारी विनय सिंह चौहान व थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने मंगलवार को श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को देखते हुए कांवड़ संघो, डीजे संचालकों, प्रधान व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। उन्हें शासन एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया। सभी से शांति व सौहार्दपूर्वक तरीके से कांवड़ मेला संपन्न कराने में मदद मांगी गई। (जासं)

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट

**बस्ती:** हर्रैया थाना क्षेत्र के बरहटा गांव की रहने वाली किरन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव के मुक्तार, ऊषा देवी, रमेश व महेश ने भूमि विवाद को लेकर उन्हें व स्वजन को अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दी है।

**झांसा दे एटीएम लेकर भाग बाइक सवार, मुकदमा, बस्ती:** छावनी थाने के धौरहरा गांव निवासी सिंपी सिंह ने हर्रैया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मंगलवार को भदावल, हर्रैया स्थित एसबीआइ के एटीएम पर रकम निकालने आईं थीं। इसी दौरान एक बाइक सवार वहां आया व झांसा देकर उनका उनका एटीएम कार्ड ले लिया। उन्हें दूसरा एटीएम देकर चला गया। उनके खाते से चार बार रकम की निकासी की गई। पुलिस ने बाइक सवार एक अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर दी है।

# नकदी व बैंक पासबुक छीनने के मामले में मुकदमा

**बस्ती:** कोतवाली क्षेत्र के बड़ेवन ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति से नकदी व बैंक पासबुक छीनने का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट निवासी बाबूराम निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पांच जुलाई को उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक कोर्ट एरिया से 10 हजार रुपया निकाला था। रकम व बैंक पासबुक लेकर दोपहर करीब दो बजे बड़ेवन ओवरब्रिज के नीचे पहुंचे ही थे कि तभी बाइक से आए एक बदमाश ने उनसे रकम व पासबुक छीन लिया और फरार हो गया। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर लूट का मुकदमा दर्ज कर दी है।

# आपसी रंजिश को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**बस्ती**: लालगंज थाने के बरतनिया छोटका पुरवा निवासी गायत्री देवी पत्नी दिनेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नौ जुलाई को आपसी रंजिश में उनके भतीजे रमेश को गांव के ही एक व्यक्ति ने अपशब्द कहा, मना करने पर मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस, आरोपित रामकेश उर्फ चालू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दी है।

# रेक्टीफाइड स्प्रिट से तैयार 60 लीटर शराब बरामद

**बस्ती:** हरैंया पुलिस, एसओजी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्यवाही में सोमवार की रात नरायनपुर स्थित नहर की पुलिया से रेक्टीफाइड स्प्रिट से निर्मित अपमिश्रित 60 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इसके साथ ही आरोपित राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हरैंया को गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर उसके विरुद्ध अपमिश्रण की धारा के साथ ही आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरैंया शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना हरैंया व कप्तानगंज में पहले से ही चार आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं।

# चोरी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बभनान, बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के इटबहरा गांव के एक घर में चोरी करने वाले आरोपित को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुआ।

इटबहरा गांव निवासी नीरज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि रिंटू सिंह उर्फ अवनीश सिंह सात जुलाई की रात उसके घर में घुसकर चोरी कर रहा था, जब परिवार के लोगों की नजर उस पर पड़ी तो वह भागने लगा।

परिवार के लोग जब उसे पकड़ने की कोशिश किए तो वह उन पर ईंट फेंक कर भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार के पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति थाना क्षेत्र के यासीन चौराहा कछिया के पास खड़ा है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास एक तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल बरामद हुआ। गौर के प्रभारी निरीक्षक बृजेंद्र पटेल ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया।

# 60 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** थाना हर्रैया पुलिस, एसओजी एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अपमिश्रित शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

### हर्रैया पुलिस, एसओजी व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा

एसएचओ शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार रात थानाक्षेत्र के नरायनपुर नहर पुलिया के पास से 60 लीटर अपमिश्रित शराब के साथ राजू गुप्ता उर्फ जरलाहे निवासी नरायनपुर तिवारी थाना हर्रैया गिरफ्तार किया गया।

उसके खिलाफ आईपीसी व आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

वहीं, वाल्टरगंज पुलिस ने क्षेत्र के कुस्महा मोड़ से एक व्यक्ति को 850 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान आशीष तिवारी निवासी महदेव थाना वाल्टरगंज के रूप में हुई। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कोर्ट के आदेश पर सात पर मुकदमा

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि गांव के सूरज, दिनेश, भगौती, सन्नू, मन्नू व दो अन्य अज्ञात ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की। अलमारी में रखा 60 हजार रुपया और जेवरात निकाल लिए। उनकी 19 वर्षीय बेटी को गाड़ी में बैठा कर ले गए।

मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं गौर थाने में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी को गांव निवासी आकाश बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने दोनों घटनाओं में केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## छप्पर में लगी आग, सामान जला

**नगर बाजार(बस्ती)।** नगर थाने के महमूदपुर में मंगलवार शाम करिया यादव के छप्पर में आग लग गई। पुरवा हवा के कारण कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

पुलिस व फायर ब्रिगेड ने आग पर किसी तरह काबू पाया। तब तक घर में रखी मोटरसाइकिल, कपड़ा, अनाज, एक सिलाई मशीन, एक गैस सिलिंडर, एक पंपिंग सेट, पंखा, बैटरी, सोलर पैनल, घर में रखे कपड़े, बर्तन आदि जल चुका था। संवाद

# चोरी का आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** गौर थानाक्षेत्र के इटबहरा गांव के एक घर में चोरी करने के प्रयास का आरोपी मंगलवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस व चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार सात जुलाई की रात इटबहरा निवासी नीरज सिंह के घर में चोर घुस गया। आरोप है कि परिवार के लोगों के जाग जाने पर वह उन पर ईंट फेंककर भाग निकलने में कामयाब रहा।

इस संबंध में आठ जुलाई को नीरज सिंह ने गांव के ही रिंटू सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसएचओ ब्रजेंद्र पटेल के अनुसार आरोपी रिंटू उर्फ अवनीश सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

**मानिकचंद।** पुलिस ने अवैध असलहे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि चौकी प्रभारी दक्षिण दरवाजा जितेन्द्र सिंह और आरक्षी प्रशांत कुमार यादव की टीम ने मंगलवार को आरोपी अभिषेक मोदनवाल उर्फ गोलू निवासी पुरानी बस्ती को संदेह के आधार पर रेलवे स्टेशन रोड पर पकड़ा। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा बरामद किया गया। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

# फोरलेन पर अंग्रेजी शराब लदा वाहन पलटा

## छावनी थानाक्षेत्र के कवलपुर गांव के पास की घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** फोरलेन पर छावनी थाना क्षेत्र के कवलपुर गांव के पास मंगलवार सुबह हादसा हो गया। लखनऊ से गोरखपुर की तरफ जा रही अंग्रेजी शराब से भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में चालक घायल हो गया। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चालक की पहचान बरेली जनपद के महराजगंज थाना क्षेत्र केराजा कंशपुर हल्लौर निवासी राम सुमिरन पुत्र दयाराम के रूप में की गई।

उधर, गाड़ी पलटने से उसमें लदे शराब के गत्ते व बोतलें सड़क पर बिखर गए। जिसे राहगीर व आसपास के गांवों के लोग लूटने लगे। कुछ ही देर में काफी शराब लोग लूट चुके थे। इसी दौरान मौके



डीसीएम पलटने के बाद बिखरे शराब के गत्ते। संवाद

### राहगीर और आसपास के लोग उठा ले गए शराब

पर पहुंचे चौकी प्रभारी योगेंद्र कुमार ने लोगों को वहां से हटाया।

एनएचएआई कर्मियों की मदद से वाहन को सीधा करवाकर शेष बचे शराब के गत्तों को उसमें लदवाया गया। जायसवाल रोड लाइंस के लखनऊ निवासी वाहन स्वामी गोविंद ने बताया कि शराब की खेप लखनऊ से गोरखपुर जा रही थी। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि दुर्घटना के मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

## वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विक्रमजोत।** छावनी पुलिस ने वांछित वारंटी चंद्रावती को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी ने बताया कि एक मुकदमे के सिलसिले में चंद्रावती के विरुद्ध न्यायालय से वारंट जारी किया गया है। संवाद

## भूमि विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया थाना क्षेत्र के बरहटा निवासी किरन देवी ने भूमि विवाद में मारपीट का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि गांव के मुक्तार, ऊषा देवी, रमेश व महेश ने भूमि विवाद में उन्हें व परिवार के लोगों को अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

## भाजपा नेता पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पैकोलिया।** भाजपा नेता अमन शुक्ला पर हुए जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी विशाल सिंह को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

गौर थानाक्षेत्र के परासडीह गांव निवासी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमन शुक्ल ने पैकोलिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया कि शनिवार शाम कार से तेनुआ बाजार जा रहे थे।

पीछे से लग्जरी कार सवार गौर थाना क्षेत्र के कटास गांव निवासी विशाल सिंह, शंभू नाथ सिंह, दिलीप सिंह तथा डुहवा गांव निवासी राजेश जायसवाल और दो अज्ञात लोगों ने उनकी कार में पीछे से टक्कर मार दी। गाड़ी का एयरबैग खुल जाने से उनकी जान बच गई।

इस मामले में पैकोलिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडे ने बताया कि मुख्य आरोपी विशाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

को सूचना परिवार वालों को दी। गांव पहुंचे। कर लिया गया है। संवाद

# पांडुरन के लिए नंदलाल ने किया था बच्चे का अपहरण

## नासिक में खोली (कमरा) ढूंढने के दौरान हुई थी पांडुरन से मुलाकात

**संवाद न्यूज एजेंसी**

अमर उजाला फॉलोअप

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर थाना क्षेत्र के पाल्हा निवासी पांच वर्षीय विभान के अपहरण के मामले में नई-नई बातें खुलकर सामने आ रही है। पुलिस के अनुसार नासिक के पांडुरन के लिए नंदलाल ने बच्चे का अपहरण किया था।

नगर थानाक्षेत्र के हथिया दुबे उत्तमपुर निवासी नंदलाल विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि उसे मुंबई के नासिक में खोली (कमरा) लेना था। इसी दौरान उसकी मुलाकात नासिक निवासी पांडुरन से हुई। पांडुरन ने उसे अपना खोली (कमरा) नंदलाल को रहने के लिए दे दिया।

कुछ माह बाद पांडुरन ने बातों ही बातों में नंदलाल से कहा कि उसके कोई औलाद नहीं है। अगर वह एक बच्चे का इंतजाम कर दे तो बहुत अच्छा होता। इसके एवज में पांडुरन ने उसे चार लाख 50 हजार रुपये देने को कहा।

बच्चे का इंतजाम करने के लिए नंदलाल अपने गांव हथिया दुबे आया। उसने गांव के राज बहादुर सिंह और पाल्हा गांव निवासी राम ललित के साथ मिलकर एक बच्चा चोरी करने की साजिश रची।

इसके एवज में नंदलाल ने दोनों को 75-75 हजार रुपये दे दिया। आरोपियों का कहना है कि राम ललित ने विभान के पिता सनित से संपर्क किया और उसे रुपयों की लालच दी। पहले तो सनित अपने पांच वर्ष के बेटे को बेचने के लिए तैयार हो गया, लेकिन बाद में इनकार कर दिया।

इसके बाद राज बहादुर सिंह और राम ललित निषाद ने अपहरण की साजिश रची। पांच साल के विभान को फुसलाकर अपने साथ ले जाने लगे, लेकिन उसने शोर मचा दिया। जिसके बाद गांव के लोग दौड़ पड़े।

एसओ नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी का कहना है कि तीनों आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं। मामले के सभी पहलुओं की तफ्तीश की जा रही है।

# थाने में हुई डीजे संचालकों की बैठक

**वाल्टरगंज।** कांवड़ यात्रा को देखते हुए थाना क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ थानाध्यक्ष योगेश सिंह ने बैठक की। बैठक में कहा कि सभी संचालक मानक के अनुरूप धीमी आवाज में ही डीजे बजा सकते हैं।

थानाध्यक्ष ने कहा कि आपसी प्रेम, सौहार्द को बनाए रखते हुए कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करें। इस दौरान बलवंत यादव, प्रदीप सिंह, उमेश कुमार, राकेश कुमार, रविशंकर गौंड, अनीता चौहान आदि मौजूद रहे।

उधर, थानाध्यक्ष लालगंज दिलीप कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र के महसों चौकी पर ग्राम प्रधानों व संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। लोगों ने आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई। इस दौरान चौकी इंचार्ज सूर्यभान यादव, विजय गुप्ता, सौरव यादव, दिनेश चंद्र, साहब प्रसाद ,ऋषि कपूर, हनुमान यादव, विजय गुप्ता आदि मौजूद रहे। संवाद

# भूमाफिया पर गैंगस्टर के तहत करें कार्रवाई : डीएम

## जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में सभी एसडीएम को दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने पूर्व में घोषित भूमाफिया पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि चिह्नित भूमाफियाओं पर विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों को संकलित कर एसडीएम व सीओ कार्रवाई करें।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के तहत बटाई पर खेती करने वाले कृषि मजदूरों की मृत्यु होने पर उन्हें योजना के तहत लाभ दिए जाएं। डीएम ने प्रत्येक तहसील में भूमि बैंक बनाने व संपूर्ण विवरण सहित सूची तैयार करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इससे किसी परियोजना के निर्माण के लिए जमीन की तलाश में समय नहीं गंवाना पड़ेगा। हर्रैया में दो व अन्य तीनों तहसीलों में एक-एक मंडी समिति स्थापित करने का प्रस्ताव शासन को भेजने का निर्देश दिया।



कलेक्ट्रेट में डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक की। संवाद

उन्होंने कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत चिह्नित गांवों में पानी की टंकी व ट्यूबवेल स्थापना और आंगनबाड़ी केंद्र के लिए हफ्तेभर में जमीन की तलाश पूरी कर लें।

जनहित गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जिले में जाति प्रमाण पत्र के लिए 3,903, निवास प्रमाण पत्र के लिए 6,356 व आय प्रमाण पत्र के 53,000 आवेदन लंबित हैं। इसे तुरंत निस्तारित किया जाए अन्यथा संबंधित कर्मी पर कार्रवाई करें।

बैठक का संचालन एडीएम अभय कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एसडीएम हर्रैया अमृत पाल कौर, एसडीएम शैलेश दूबे मौजूद रहे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# पुलिस लाइन में बन रहे मिनी माल का एएसपी ने किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने सोमवार को सुबह पुलिस लाइन पहुंचकर अर्ध वार्षिक निरीक्षण किया।पुलिस लाइन परिसर के आवासीय और गैर आवासीय भवनों की मरम्मत रंगाई पुताई कराए जाने के संबंध में विस्तृत आकलन तैयार करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उपरोक्तभवनों का एस्टीमेट तैयार कर आवासीय भवनों को रंगाई पुताई करा कर आदर्श पुलिस लाइन परिसर का रूप दिया जाएगा ।उन्होंने पुलिस लाइन की एक बैरक में बन रहे मिनी शपिंग माल का निरीक्षण किया, कहा कि इस माल में पुलिस कर्मियों को रियायती दरों पर दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त होंगी। पुलिस लाइन में स्थापित जिम्नेजियम को और अधिक उपकरणों से उन्नीत करके जवानों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।



पुलिस लाइन में बन रहे शपिंग मल का निरीक्षण करते एएसपी।

# 38 बोरी खाद के साथ एक गिरफ्तार

कपिलवस्तु (एसएनबी)। भारत नेपाल सीमा पर युरिया खाद की तस्करी करते हुए एसएसबी 43वी वाहिनी की सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने पिलर संख्या 550(45) के पास 10 साइकिलों पर 38 बोरी युरिया लादकर तस्कर नेपाल ले जाने के फिराक में थे। लेकिन नाके पर मुस्तैद रही एसएसबी के जवानों ने तस्करों के मनसुब्बे पर पानी फेर दिया। जैसे ही तस्कर बर्डर क्रस कर खाद को नेपाल ले जाने के फिराक में तस्कर थे तैसे ही एसएसबी के जवानों ने उन्हें दौड़ा कर पकड़ लाया। जिसमे 10 सायकिल पर लदी 38 बोरी युरिया के साथ एक तस्कर पकड़ा गया, पकड़े गए तस्कर की पहचान सुधई पुत्र मगनू निवासी सिसवा वार्ड नं 7 थाना तुलसी डिहवा जिला कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। जब्त किए गए समान को सीमा शुल्क कार्यलय ककरहवा को एसएसबी ने अग्रिम कार्यवाही सुपुर्द कर दिया है।

# गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सेकंड (गैंगेस्टर एक्ट) ब्रिजेश कुमार द्वितीय ने आरोपी को चार साल की सजा सुनाई है। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

मंगलवार को न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद राजबहादुर यादव पुत्र खेलावन यादव निवासी इमिलिया शुमाली थाना शोहरतगढ़ को धारा 3(1) उप्र गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम का दोषी पाया। न्यायाधीश ने आरोपी को चार साल की सजा सुनाई। 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली थी छात्रा, परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने की कार्रवाई

# छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाया, 4 गिरफ्तार

**कार्रवाई**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली कक्षा आठवीं की 14 वर्षीय छात्रा की सोमवार की देर शाम फंदे से लटक कर जान दे देने के मामले में पुलिस ने गांव के ही चार युवकों पर धारा 306 यानी आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

परिजनों ने आरोप लगाया था कि छेड़खानी व रेप के प्रयास से आहत होकर बेटी ने आत्महत्या की है। वहीं सोमवार की रात में तनाव बढ़ता देख एएसपी व कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई थी। मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटना स्थल का दौरा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

- छेड़खानी व रेप के प्रयास से आहत छात्रा ने दे दी थी जान
- तनाव को देख एएसपी कई थानों की पुलिस रात में ही गांव पहुंची

जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की कक्षा आठ की छात्रा ने सोमवार की देर शाम फंदे से लटक कर जान दे दी थी। मृतका के पिता ने कोतवाली पर तहरीर देकर गांव के ही चार युवकों सुहेल पुत्र मेंहदी हसन, फैयाज पुत्र मोहम्मद सलीम, साहुल पुत्र हरिश्चंद्र, गोलू पुत्र नूर मोहम्मद पर रास्ते में रोक कर बेटी के साथ छेड़खानी व रेप का प्रयास करने का आरोप लगाया।

उसने बताया कि बेटी के स्कूल जाते समय ये लोग छेड़खानी करते थे। साथ ही उसे धमकी भी देते थे। साथ ही फोन कर भी परेशान करते थे। सोमवार की शाम बेटी अपने भाई के साथ पैतृक गांव से आ रही थी। भाई रास्ते में रुक कर शौच करने लगा और बेटी आगे बढ़ गई। इस दौरान चारों युवकों ने बेटी को अकेला देख उसे दबोच लिए और रेप का प्रयास करने लगे। बेटी के शोर मचाने पर भाई व अन्य लोग पहुंच गए इससे वह सब भाग गए। आरोप है कि इससे आहत होकर उनकी बेटी ने जान दे दी। वहीं घटना के बाद कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया इससे तनाव बढ़ने लगा। सूचना पर रात में ही एएसपी सुरेश चंद्र रावत, जोगिया, बांसी, सिद्धार्थनगर के साथ कुछ अन्य थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई और लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया है।

वहीं मंगलवार की सुबह एसपी अमित कुमार आनन्द ने मौके पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया। एसपी ने मृतका के परिजनों को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। जोगिया कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार सरोज का कहना है कि सूचना पर वह तत्काल मौके पर पहुंच गए थे।

नामजद आरोपियों के खिलाफ धारा 306 के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एएसपी सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।





जोगिया कोतवाली के एक गांव में छात्रा की खुदकुशी की खबर के बाद मौके पर मौजूद एएसपी सुरेश चंद्र रावत व पुलिस टीम (बाएं)। गांव में फोर्स तैनात की गई है।

# महिला ने ट्रेन के सामने दो बेटों के साथ कूदकर दी जान

- दो दिन पहले दिल्ली से घर आया था पति, सोमवार को हुआ था दोनों के बीच विवाद
- घर से मायके के लिए थी निकली लेकिन बैठी रही रेलवे लाइन के किनारे

**जागरण संवाददाता, (पल्टादेवी) सिद्धार्थनगर:** पति से हुए विवाद को लेकर चिल्हिया थाना के धुसरी गांव के पास महिला ने दो बेटों के साथ ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी। तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना सोमवार की रात लगभग 10 बजे की है। एक बेटे की उम्र 10 वर्ष व दूसरे की आठ वर्ष थी।

चिल्हिया थानाक्षेत्र के भड़ेहर ग्रांट की रहने वाली 30 वर्षीय कुसुम साहनी का पति कन्हैया दिल्ली में रहकर काम करता है। वह नौ जुलाई को घर वापस आया था। ग गांव वालों के अनुसार, सोमवार को किसी बात को लेकर पति व पत्नी के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज होकर कुसुम, दोनों बेटों 10 वर्षीय अभिषेक व आठ वर्षीय रितेश के साथ दोपहर करीब तीन बजे पैदल ही सेमरियाव गांव स्थित मायका के लिए निकली थी, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह मायके नहीं जाकर धुसरी गांव के पास रेलवे लाइन के किनारे रात तक बैठी रही। रात लगभग 10 बजे गोरखपुर की ओर से जैसे ही पैसेंजर ट्रेन आई, बेटों के साथ वह ट्रेन के सामने कूद गई। तीनों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। एसओ चिल्हिया राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि घटना के संबंध में किसी ने तहरीर नहीं दी है। मामले की जांच-पड़ताल कराई जा रही है। प्रथमदृष्टया पति से विवाद की बात सामने आई है। महिला का पति घर पर नहीं मिला। उसकी सास मिली, लेकिन घटना के बारे में वह कुछ भी बता नहीं सकीं। पति से पूछताछ के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मायका पक्ष की ओर से भी किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है।

# छेड़खानी से परेशान किशोरी ने की आत्महत्या

## एक पखवारे से किशोरी को परेशान कर रहे थे मनबढ़, कस्बे में छह थानों की पुलिस तैनात

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: सोमवार की देर रात कोतवाली क्षेत्र के जोगिया कस्बे में पैतृक घर से लौट रही एक किशोरी के साथ तीन नाबालिग समेत चार लोगों ने छेड़खानी की। भाई के दौड़ाने पर आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना से परेशान होकर पीड़िता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन नाबालिग समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। स्वजन का आरोप है कि आरोपित एक पखवारे से उसे परेशान करता था।

लड़की अपने भाई के साथ सोमवार की देर शाम पैतृक घर से लौट रही थी। जोगिया कस्बे के निकट पहुंचने पर भाई ने बहन को घर से थोड़ी दूर पहले साइकिल से यह कहकर उतार दिया कि तुम घर चलो मैं आ रहा हूं। किशोरी पैदल ही घर की ओर चल दी।

इसी बीच आरोपितों ने उसे घेर लिया और छेड़खानी शुरू कर दी। चिल्लाने की आवाज सुनकर भाई ने आरोपितों को दौड़ाया तो सभी फरार हो गए। दोनों घर पहुंचे। उन्होंने स्वजन को रास्ते में हुई घटना की जानकारी नहीं दी। लड़की के आत्महत्या करने के बाद भाई ने रास्ते में हुई घटना की जानकारी स्वजन को दी।

सुरक्षा के लिहाज से कस्बे में उसका, सदर, बांसी, ढेबरूआ, कपिलवस्तु थाने की पुलिस को तैनात किया गया है। एसपी व एएसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। देर रात चार चिकित्सकों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पीड़ित को न्याय दिलाया जाएगा।

## कड़ी सुरक्षा के बीच ककरही घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

जासं, सिद्धार्थनगर: गांव में मनबढ़ों की छेड़खानी से तंग आकर किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन नाबालिग समेत चार को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपित का नाम गांव निवासी गोलू ( बालिग) है। वहीं पुलिस ने सोमवार देर रात पोस्टमार्टम कराया और मंगलवार के तड़के ककरही घाट पर अंतिम संस्कार कराया। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर गांव में कई थानों की पुलिस को तैनात किया है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि देर रात शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अंतिम संस्कार भी हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट को देखने के बाद ही कई प्रश्नों का उत्तर मिल सकेगा। तहरीर में नामजद तीन नाबालिग समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ चल रही है।



घटना स्थल का दौरा कर वापस लौटते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ● जागरण

### मृतका के स्वजन से मिले एसपी

**जोगिया :** किशोरी के आत्महत्या करने के बाद मंगलवार की सुबह पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पीड़ित के मृतक के पिता से मुलाकात की। उन्होंने न्याय का भरोसा दिलाया। स्वजन ने एसपी को बताया कि करीब एक पखवारा पूर्व आरोपित युवक ने लड़की के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया था। इसकी शिकायत आरोपित लड़के के स्वजन से की गयी थी। लोकलाज के भय से पुलिस को घटना की जानकारी नहीं दी थी। एसपी ने मृतका के कमरे की जांच की। स्वजन ने कहा कि लड़की के मोबाइल नंबर पर युवक ने फोन किया था।

**कस्बे में बंद रही दुकानें :** घटना के विरोध में जोगिया कस्बे में लोगों ने दुकानें बंद कर रखी थी। सुरक्षा के लिहाज से गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

# शांतिभंग में पांच गिरफ्तार

जासं,कपिलवस्तु: पुलिस ने मंगलवार को शांति भंग की आशंका में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के नाम शेखाजोत गांव निवासी जैदुल कलाम, एजाज अहमद, रियाज अहमद, उबैदुर्रहमान और सलीम है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक शशिप्रकाश सिंह, अम्बरीश, सोनू, मांधाता, अरविंद शामिल रहे।

# गले से चेन चुराने वाली महिलाएं हिरासत में

जासं, भवानीगंज : थाना क्षेत्र में दूर दराज के चोर आकर भीड़ भाड़ वाले बाजार व मंदिर में घुसकर सोने की चेन पहनी महिला के पीछे लग जाती हैं, फिर किसी औजार से चेन काट नीचे गिरा देती फिर उठा लेती थी। चोरी की घटना कई बार होने से लोग सतर्क थे, मंगलवार को बलुआ समय माता मंदिर परिसर से ऐसी ही दो महिलाओं को चोरी करते रंगे हाथ पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। मंगलवार को उक्त मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगती है, जहां दूर-दराज की महिलाएं नवविवाहित कथा सुनने व दर्शन करने के लिए आते हैं। आए दिन चोरी की घटना से परेशान मंदिर के कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षा के लिए लगे थे। दो महिलाएं जो भीड़ में घुसकर एक महिला के गले की सोने की चैन किसी औजार से काटने का प्रयास कर रही थी को पकड़ लिया। मंदिर परिसर में मौजूद जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष पासवान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, लेकिन पुलिस एक घंटे के बाद घटनास्थल पर पहुंची। थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि चोरी की सूचना मिली थी, दो महिलाओं को थाने पर पूछताछ के लिए लाया गया है।

## 38 बोरी यूरिया के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर: एसएसबी 43वीं वाहनी सीमा चौकी अलीगढ़वा के जवानों ने मंगलवार को गश्त के दौरान 38 बोरी खाद के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। तस्कर 10 साइकिल पर खाद को नेपाल ले जाने की फिराक में थे। नौ तस्कर मौके का लाभ उठाते हुए फरार हो गये। पकड़े गए युवक की पहचान सुधई पासी पुत्र मगनु पासी निवासी सिसवा वार्ड नंबर सात थाना तुलसीडिहवा जनपद कपिलवस्तु नेपाल है। बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक माधव गुप्ता, देवांश, मंजय कुमार, योगेश कुमार आदि शामिल रहे।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

जासं, सिद्धार्थनगर: सदर थाने में दुष्कर्म के आरोपित अखिलेश यादव निवासी पननी थाना मोहाना को जेल चौकी प्रभारी शशांक कुमार सिंह ने दौड़ाकर पकड़ लिया। चौकी प्रभारी हमराहियों के साथ झंडेनगर के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक युवक पैदल आते दिखा।



पुलिस को देखकर वह भागने लगा। शह होने पर चौकी प्रभारी ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसके खिलाफ सदर थाने में मारपीट व दुष्कर्म का मामला दर्ज है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में चौकी प्रभारी के अलावा आरक्षी कैलाश यादव शामिल रहे।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ नोकझोंक

## अधिशासी अधिकारी ने पांच लोगों के खिलाफ दी तहरीर, दो लोगों पर लगाया गया जुर्माना

जासं, शोहरतगढ : अतिक्रमण के खिलाफ नगर व तहसील प्रशासन ने मंगलवार को अभियान चलाया। इस दौरान कुछ लोगो ने अधिकारियों के साथ नोकझोंक किया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने थाने पर पांच लोगों को खिलाफ सरकारी कार्य में व्यवधान व नोकझोंक का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। उन्होंने दो लोगों पर जुर्माना भी लगाया है।

नगर पंचायत की ओर से पुलिस बूथ से भारत माता चौक होते हुए जामा मस्जिद तक सड़क के बगल में किये गए अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चला रहा था। जामा मस्जिद के समीप मुर्गा काटने वालों का मेज हटाया जाने लगा। इस पर कुछ लोगों ने टीम के साथ विवाद शुरू हो गया।

नपं ने मार्ग अवरूद्ध करने वाले नबाब खान व पप्पू अंसारी पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। भारत माता चौक के पास सड़क पर सब्जी की दुकानों को भी हटवाया गया। गोलघर से बुधई स्मारक तक भी अतिक्रमण हटाया गया। ईओ नवीन कुमार सिंह ने कहा कि बार-बार लाउडस्पीकर से प्रचार करने के बाद भी लोग सड़क पर दुकान लगा रहे है। जिससे राहगीरों को परेशानी होती है।

आज अतिक्रमण हटाने के दौरान अल्ताफ हुसैन, इजहार हुसैन, सलमान, करीम, सलमान पुत्र हमीम आदि टीम के साथ नोकझोंक किया इनके खिलाफ पुलिस को सरकारी कार्य में बाधा डालने का तहरीर दिया गया है। जो लोग अतिक्रमण किए हैं, वह स्वेच्छा से हटा लें नहीं तो इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।




शोहरतगढ़ नगर में अतिक्रमण हटवाते अधीशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ● जागरण

## एक नजर में

### कच्ची के साथ महिला गिरफ्तार

इटवा : मिश्रौलिया पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में एक महिला को गिरफ्तार किया। जिसके पास कच्ची शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष घनश्याम सिंह ने बताया कि ग्राम रतनपुर, हाल मुकाम महरथा निवासी गीता नौ लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मुकदमा दर्ज करते हुए महिला को जेल भेज दिया गया। (जासं)

# गैंगस्टर के आरोपित को चार वर्ष कारावास, 10 हजार जुर्माना

**जासं, सिद्धार्थनगर:** गैंगस्टर एक्ट के आरोपित को अपर जिला जज फास्ट ट्रैक बृजेश कुमार द्वितीय की कोर्ट ने आरोपित को चार वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना न अदा करने पर अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान शोहरतगढ़ पुलिस ने कहा कि 72 वर्षीय राजबहादुर यादव पुत्र खेलावन यादव निवासी इमलिया सोमाली थाना शोहरतगढ़ ने अपने अवयस्क पुत्र विनोद यादव के साथ मिलकर 13 वर्षीय किशोरी की दुपट्टे से गला घोटकर वर्ष 2004 में हत्या कर दी। इस मामले में कोर्ट राजबहादुर यादव को आजीवन कारावास की सजा सुना चुकी है। सह आरोपित विनोद उस वक्त नाबालिग था। ऐसी स्थित में उससे जुड़ा मामला किशोर न्यायालय में भेजा गया। सुनवाई के पश्चात कोर्ट ने राजबहादुर को उक्त सजा से दंडित किया।

**पुलिस से की शिकायत:** डुमरियागंज : टिकरिया निवासी युवक ने डुमरियागंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर गांव के एक युवक पर इंटरनेट मीडिया पर उसकी बुजुर्ग मां पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाया है। उक्त गांव निवासी अब्दुल मोगीश ने तहरीर देते हुए कहा कि बकरीद के नमाज अदा करने का समय उन्होंने फेसबुक पर 9 जुलाई की रात्रि पेज पर डाली थी। जबकि गांव के एक व्यक्ति ने उनकी माता को गाली देते हुए मजाक उड़ाया था। जिससे पीड़ित मानसिक तनाव में है।

**विवाहित के साथ छेड़खानी, मुकदमा:** लोटन, एक गांव में विवाहिता के साथ छेड़खानी का प्रकाश में आया है। घटना रविवार की रात की है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दिये गए तहरीर में पीड़ित महिला ने कहा कि उसके पति मुंबई में रहते हैं। गर्मी की वजह से वह अपने घर के कमरे का दरवाजा खोलकर सोई हुई थी। गांव का एक व्यक्ति रात्रि में करीब दो बजे मेरे पास आया और छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर सास दौड़कर आई। आरोपित फरार हो गया। एसओ जोगिया का कहना है कि गांव निवासी श्याम बिहारी सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**पुलिस ने नोटिस कराया चस्पा** : सदर पुलिस ने मंगलवार को मारपीट, दलित उत्पीड़न के मामले में आरोपित छोटू उर्फ शिवमंगल पुत्र विंध्याचल निवासी राम प्रसाद नगर के कोर्ट में हाजिर न होने पर उसके घर नोटिस चस्पा कराया। एसओ ने कहा कि नोटिस चस्पा होने के बावजूद कोर्ट में हाजिर न होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को जेल चौकी की पुलिस टीम ने मंगलवार सुबह झंडेनगर तिराहा से दबोच लिया। पूछताछ करने के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जेल चौकी प्रभारी शशांक कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी एक लड़की की तहरीर पर एक युवक पर दुष्कर्म सहित अन्य मामले में केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम लगी थी। केस दर्ज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। मंगलवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली की आरोपी क्षेत्र के तिराहा के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना को संज्ञान में लेकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। संवाद

# दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने का केस

## आरोपी हिरासत में, लगातार छेड़खानी और बदसलूकी से परेशान होकर किशोरी ने की थी आत्महत्या

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/जोगिया।** छेड़खानी से आजिज आकर किशोरी के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर लिया है। चारों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं, देर रात पोस्टमार्टम हुआ और मंगलवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देर शाम कक्षा आठ में पढ़ने वाली किशोरी ने कमरे में छत के कुंडे से फांसी लगाकर जान दे दी थी। पिता की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि गांव के ही रहने वाले चार युवक तीन माह से बेटी से छेड़खानी कर रहे थे। सोमवार शाम दूसरे गांव में स्थिति घर से लौटते समय उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश किए।

इसी से आहत होकर घर पहुंचकर बेटी ने फंदे से लटक कर जान दे दी। पिता ने आरोपियों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। तहरीर के आधार पर जोगिया पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने और पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज कर लिया। र

देर रात में ही एसओजी और पुलिस की अलग-अलग टीमों ने छापा मारकर चारों को पकड़ लिया। हिरासत में लेकर पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

सुरक्षा के मद्देनजर गांव और चौराहे पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। गड़बड़ी करने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस छावनी में तब्दील हुआ चौराहा, हर तरफ दिखी फोर्स :** मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के कारण पूरे चौराहे और आरोपियों के घरों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था।

चौराहे पर जहां आम जनता की भीड़ होनी चाहिए, वहां पर हर तरफ पुलिस फोर्स तैनाती थी। साथ ही आरोपियों के घरों पर एक-एक थानाध्यक्ष की ड्यूटी लगा दी गई थी। बिना पुलिस की अनुमति के कोई आगे नहीं बढ़ पा रहा था। घटना से आक्रोशित होकर लोग कुछ नुकसान न कर पाएं। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस भ्रमण करती रही।



चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी। संवाद

### विरोध पर करते थे मारपीट

लोगों ने बताया कि इस बार तो घटना में चार ही शामिल थे। इनके साथ कई और भी रहते थे। बीते माह मोहाना क्षेत्र से आई एक बारात में महिलाओं से अभद्रता की थी। जब महिला के परिवारवालों ने प्रतिक्रिया की तो मारपीट की। उसी माह में गांव के बगल में आई एक बारात में एक लड़की से अभद्रता करने पर बारात में आए युवक ने बोला तो उसे मारपीटकर लहूलुहान कर दिया। इनका मनोबल लगातार बढ़ता रहा। आरोपियों पर अंकुश लग गया होता तो आज लड़की की जान नहीं जाती।

### उलाहना देने पर आरोपियों ने किया झगड़ा

मृतका के पिता के मुताबिक वह बेटी को लगातार परेशान कर रहे थे। बेटी ने इस मामले की जानकारी दी तो घर पर उलाहना देकर लौट आए। इसके बाद सभी घर पर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। साथ ही मारने पीटने की धमकी भी दी।

### रात में पोस्टमार्टम, सुबह हुआ अंतिम संस्कार

बिटिया की मौत से परिवार के हर सदस्य का रो-रोकर बुरा हाल है। मामला और तूल न पकड़ने पाए, इसे ध्यान में देखते हुए पुलिस ने रात में शव का पोस्टमार्टम करवा दिया। सुबह होते ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बिटिया की मौत से परिवार के साथ ही आसपास के लोग भी गमगीन दिखे। हर किसी की आंखें नम थीं।

### दुकानें खुलीं, फिर भी सन्नाटा

जिस चौराहे पर मृतका का घर था, वहां हमेशा चहल-पहल रहता था। लेकिन मंगलवार को हर तरफ मायूसी ही दिखी। दुकानें तो खुली थीं, लेकिन सन्नाटा छाया था। जहां कुछ लोग बैठे दिखे, वह घटना से आहत थे और बेटी के बारे में चर्चा करते दिखे। लोगों का कहना था कि इतनी बड़ी घटना होगी कभी सोचा नहीं था।

### पुलिस की लापरवाही भी बड़ी वजह

लोगों के मुताबिक आरोपी और उनके कुछ साथियों का मन इस प्रकार बढ़ गया था कि वह रात दो बजे तक चौराहे और आसपास के गांवों की सड़कों पर घूमते थे। बारात और चौराहे से गुजरने वालों से अभद्रता करते थे। विरोध करने पर बवाल भी करते थे। लेकिन नियमित गश्त करने वाली पुलिस को यह कभी नजर नहीं आया। वह घूमते रहे और पुलिस ने उनसे कभी पूछताछ करने की जहमत नहीं उठाई। जबकि आरोपी चौराहे पर अपनी कार्य शैली को लेकर चर्चा में रहे। फिर पुलिस ने इनसे पूछताछ करना भी जरूरी नहीं समझा।

### पकड़ा गया था एक आरोपी का पिता

चौराहे पर मौजूद लोगों में चर्चा थी कि घटना के एक आरोपी का पिता जिसकी उम्र 65 वर्ष से अधिक है। वह एक नाबालिग से दुष्कर्म करते हुए चार माह पूर्व पकड़ा गया था। लेकिन लोगों ने मामले को पुलिस तक पहुंचने पहले ही सुलह समझौता करवाकर मामले को दबा दिया था। कहीं न कहीं यह भी मनोबल बढ़ाने में अहम रहा।

### रास्ता रोकने से परेशान होकर एक लड़की ने बदली स्कूल

लोगों ने यह भी बताया कि इनका कृत्य इस प्रकार था कि गांव की ही रहने वाली एक लड़की रास्ता रोकने और टिप्पणी करने से परेशान हो गई थी। बीते साल यह मामला सामने आया था। लोकलाज बचाने के लिए लड़की के परिवारवालों ने उसका स्कूल ही बदल दिया था।

# नगर में अतिक्रमण हटाने के लिए हुई नोकझोंक

## शोहरतगढ़ कस्बे में अतिक्रमण हटाने गई थी प्रशासन की टीम

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** अतिक्रमण के खिलाफ शोहरतगढ़ नगर प्रशासन ने ईओ की अगुवाई में मंगलवार को अभियान चलाया। इस दौरान शोहरतगढ़ कस्बे के मार्ग की पटरियों व कस्बे के मार्गों पर दुकान लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर खाली कराया। इस दौरान अतिक्रमण हटाने को लेकर नोकझोंक भी हुई।

टीम ने शाम को कस्बे के पुलिस पिकेट से भारत माता चौक होते हुए जामा मस्जिद तक मार्ग में दुकान, वाहन व बिल्डिंग मैटेरियल रखकर अरुद्ध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई और मार्ग बाधित करने वालों पर जुर्माना लगाया।

मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग में व आबादी में मीट की बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते समय नगर पंचायत कर्मी अतिक्रमण हटाने लगे तो दूसरे समुदाय के लोग इसका विरोध करने लगे। इतने में भीड़ जुट गयी और अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह से कुछ लोगों की नोंकझोंक हो गई। दूसरे समुदाय के कुछ लोगों का कहना है कि यहां से मुर्गा काटकर बिक्री करने वालों की दुकानें नहीं हटायी जाएंगी।

### कस्बे के मार्गों पर दुकान लगाने वालों हटाया गया

दुकान के सामने पर्दा लगाकर बिक्री की जाएगी। वहीं, दूसरे समुदाय के लोगों ने कहा कि जहां मुर्गा काटकर बेचा जाता है, उसी मार्ग से राधाकृष्ण और शिवबाबा मंदिर के लिए श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। यही नहीं इसी मार्ग से होकर सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं भी आती जाती हैं। इससे उनके मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

पुलिस बूथ से भारत माता चौक तक फुटपाथ पर दुकान न लगा पाने से काफी परेशान दिखे। भारत माता चौक के पास सड़क पर सब्जी की दुकान लगाकर बेचने वालों की दुकानों को हटवाया गया। कहा कि रास्ते में कोई भी दुकानदार दुकान नहीं लगाएगा। सब्जी विक्रेताओ ने कहा कि हम कहां दुकान लगाएं। ऐसे में तो हमारे सामने भुखमरी की समस्या आ जाएगी। लोगों का सामान कच्चा माल रहता है, नहीं बिका तो खराब हो जाएगा। वहीं, ईओ नवीन कुमार सिंह का कहना है कि अतिक्रमण को नगर प्रशासन पूरी तरह हटवाने के लिए तैयार है। एनाउंसमेंट करने के बाद भी नहीं हटाने पर कार्रवाई की गई।

समुदाय विशेष के कुछ लोग नोंकझोंक करने लगे तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किया है। उनके विरुद्ध करवाई की जाएगी। वहीं, एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा है कि मार्ग व पटरियों पर कोई भी दुकानदार ठेला व दुकान न लगाएं।

खुले में सड़क मार्ग व आबादी में जानवरों को काटकर बिक्री न करें। ऐसा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी ने बांसी कोतवाली का निरीक्षण किया

## फरियादियों की समस्या समाधान के दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** एसपी अमित कुमार आनंद ने सोमवार देर शाम कोतवाली का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान अपराध रजिस्टर देखा और थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या का समाधान करने के लिए निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार अचानक बांसी कोतवाली जा पहुंचे। उनके कोतवाली पहुंचते ही हड़कंप मच गया। एसपी ने अपराध रजिस्टर देखा। इसके अलावा उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, शौचालय, कंप्यूटर रूम, मेस, बैरक, बिजली उपकरण, सोलर पैनल और साइबर कक्ष का भी निरीक्षण किया।

माना जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक का यह बांसी कोतवाली में पहला निरीक्षण था। प्रभारी कोतवाल भानू प्रताप सिंह मौजूद रहे।



बांसी कोतवाली परिसर का निरीक्षण करते एसपी अमित कुमार आनंद। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# अपहरण कर जान मारने के प्रयास में नामजद आरोपी गिरफ्तार



धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के हैंसर गांव निवासी एक नाबालिग किशोरी का चाकू की नोंक पर उसके घर से अपहरण कर उसे कुआनों नदी के कटार मिश्र पुल से नदी में धक्का देने के आरोप में नामजद आरोपी को धनघटा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विदित हो कि रोज की भांति बीते शुक्रवार की रात को थाना क्षेत्र के हैंसर निवासी पीडिता अपने घर सो रही थी। गर्मी अधिक होने की वजह से पीड़िता अपने घर की छत पर अकेले सो रही थी। शनिवार की भोर में करीब 3 बजे पड़ोसी की छत के सहारे हैंसर गांव निवासी आरोपी रामेश्वर पुत्र सुरेश नामक युवक पीड़िता के घर की छत पर पहुंच गया। आरोप है कि आरोपी रामेश्वर ने चाकू की नोंक पर पीड़िता का अपहरण कर उसे साथ लेकर शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र में कुआनों नदी के कटार मिश्र घाट स्थित पुल पर पहुंच गया और किशोरी को धक्का देकर नदी की धारा के बीच गिरा दिया और खुद भी नदी में कूद गया। आसपास मौजूद स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मेहनत कर किसी तरह किशोरी की जान बचाई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को साथ लेकर थाने पहुंचाया और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची किशोरी की मां ने आरोपी रामेश्वर के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दी थी जिसके आधार पर पुलिस तत्काल आईपीसी की धारा 363 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी रामेश्वर की तलाश कर रही थी। मंगलवार को थाने के उपानिरीक्षक उदयशंकर द्विवेदी हमराही पुलिसकर्मियों की मदद से छापेमारी कर नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

# स्मैक बरामद, दो गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। थाना कोतवाली खलीलाबाद के बरदहिया चौकी की पुलिस ने 35 पुड़िया स्मैक के साथ 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय रवाना किया। बरदहिया पुलिस चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद विजय नरायण प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है। उक्त टीम के द्वारा मंगलवार को 35 पुड़िया (06 ग्राम, 450 मिलीग्राम) स्मैक के साथ 02 अभियुक्तों हिमांशु द्विवेदी पुत्र सत्यनारायण द्विवेदी तथा रेहान मिर्जा पुत्र मिर्जा मुन्ना बेग उर्फ मुशर्रफ बेग को गिरफ्तार कर न्यायालय-जेल रवाना किया गया।

# आत्महत्या करने जा रही वृद्धा को बचाया

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। शहर कोतवाली के मुखलिसपुर रेलवे ट्रैक के समीप आत्महत्या करने की नियत से जा रही वृद्ध महिला की जान पुलिसकर्मियों द्वारा ली गयी। पुलिसकर्मियों ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को सूचित करते हुए वृद्ध महिला को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को वार्ड में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत रेलवे ट्रैक मुखलिसपुर से इवेन्ट संख्या 14398 से कालर ने एक वृद्ध महिला द्वारा रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास करने के संबंध में सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों मु.आ. पन्नेलाल यादव, आरक्षी हरिशंकर गौड़, हो. चा. राकेश पाण्डेय द्वारा 07 मिनट में घटना स्थल पर पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास करने जा रही महिला को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवाया। इस संबंध में थाना कोतवाली खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास कर रही महिला की जान बचाई गई। जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

# 73 वाहनों का पुलिस ने किया चालान, वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के लिए चल रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को 73 वाहनों का चालान किया गया। इनसे 49 हजार 500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा लापरवाही बरत रहे लोगों को कड़ी चेतावनी दी गई। साथ ही नियमों की जानकारी भी दिया।

# आत्महत्या करने जा रही वृद्धा को बचाया

संतकबीरनगर। पुलिस ने आत्महत्या करने जा रही वृद्धा को बचा कर जिला अस्पताल भेजवाया। पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के रेलवे ट्रैक मुखलिसपुर रोड से एक व्यक्ति ने एक वृद्ध महिला द्वारा रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास करने के संबंध में सूचना दी।

सूचना मिलते ही पीआरवी ने सात मिनट में मौके पर पहुंचकर आत्महत्या का प्रयास करने जा रही महिला को बचाया। उसके बाद जिला अस्पताल पहुंचाया। इसकी सूचना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दिया।

# रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना के भुजैनी गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश में मारपीट का मामला प्रकाश में आया।

पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामले में आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज किया है। निरीक्षक अपराध दीपक दूबे ने बताया कि पीड़ित संतोष कुमार पुत्र सभापति ग्राम भुजैनी ने अपने शिकायत में बताया कि परिवार के संतमोहन, उज्ज्वल, मोहन व महेश ने पुराने झगड़े की रंजिश को लेकर हमारे घर पर आकर गाली देते हुए मार-पीट की। जान माल की धमकी दी। मेरा भाई सोनू बीएसएफ का जवान है, उन्हें भी फोन करके धमकी देते रहते हैं। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, गाली गलौज व धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# शांतिभंग में पुलिस ने 20 को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने का प्रयास करने वाले 20 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई। इसमें धनघटा पुलिस ने आठ, महुली पुलिस ने चार, मेंहदावल पुलिस ने तीन और बेलहरकला पुलिस ने पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# 35 पुड़िया स्मैक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर, निज संवाददाता।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मंगलवार को स्मैक बेचने जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया।

उनके पास से 35 पुड़िया स्मैक भी बरामद किया गया। गिरफ्तार ड्रग तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया। निरीक्षक विजय नरायण प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को 35 पुड़िया (6 ग्राम, 450 मिलीग्राम) स्मैक के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान हिमांशु द्विवेदी पुत्र सत्यनारायण द्विवेदी, नेदुला चौराहा, रेहान मिर्जा पुत्र मिर्जा मुन्ना बेग उर्फ मुसर्रफ बेग निवासी बंजरिया के रूप में हुई। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने अलग-अलग मुकदमा दर्ज किया है।

# दुष्कर्म का आरोपी हुआ गिरफ्तार

संतकबीरनगर। धनघटा पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेजा गया।

इंस्पेक्टर धनघट ने बताया कि हैंसर बाजार निवासी रामेश्वर पुत्र सुरेश 8 जुलाई को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में वादिनी की तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से आरोपी की तलाश की जा रही थी।

# 17 पुड़िया स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : खलीलाबाद स्थित मेंहदावल बाईपास के निकट माता वैष्णो देवी मंदिर के पास मंगलवार को सुबह करीब 10 बजे पुलिस ने 17 पुड़िया स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। खलीलाबाद के कोतवाली प्रभारी विजय नारायन प्रसाद ने बताया



कि लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भ्रमण के दौरान दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 17 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। आरोपितों की पहचान हिमांशु द्विवेदी निवासी नेदुला व रेहान मिर्जा निवासी बंजरिया कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुई। आरोपितों ने बताया कि वह लोग घूम-घूमकर स्मैक बेचने का काम करते हैं। आरोपितों पर मादक पदार्थ निरोधक अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवक ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर** : खलीलाबाद पीआरडी में तैनात युवती से शादी का झांसा देकर बस्ती जिले के युवक ने दुष्कर्म किया। युवती ने आरोपित पर शादी के एवज में रुपये लेने के साथ ही अन्य आरोप भी लगाए हैं। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र की युवती ने बताया कि वह पीआरडी में तैनात है। इस दौरान उसका संपर्क बस्ती जिले के नगर थाना के ग्राम कोटवा भरतपुर केकराई निवासी इंद्रजीत शुक्ला से हो गई। युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंज़ाम देता रहा। युवक ने 53 हजार सात सौ रुपये ले लिया है। अब शादी की बात करने पर युवक टाल मटोल करते हुए जाति सूचक गाली दे रहा है। युवती ने आरोप लगाया है कि युवक का संबंध कई अन्य युवतियों के साथ है, जिससे मोबाइल पर वह बातचीत करता है। कोतवाली प्रभारी विजय नरायन प्रसाद ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। आरोपित पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# सावन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए थानावार मजिस्ट्रेट नामित

- 14 को सावन शुरू, 12 अगस्त को होगा समाप्त, कड़ी सुरक्षा के बीच करेंगे जलाभिषेक
- सरयू के बिड़हरघाट पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार की लगी ड्यूटी

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर:** डीएम दिव्या मित्तल ने सावन माह में शिवालयों में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए थानावार मजिस्ट्रेट नामित कर दिया है। इसके अलावा धनघटा तहसील क्षेत्र में सरयू नदी के बिड़हरघाट में तहसीलदार व नायब तहसीलदार की ड्यूटी लगी है।

14 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है, वहीं 12 अगस्त को यह समाप्त होगा। कांवरिये सरयू नदी के बिड़हरघाट पर जल भरकर तामेश्वरनाथ धाम मंदिर व अन्य शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। डीईएसटीओ एनके सिंह को कोतवाली खलीलाबाद, मेंहदावल की तहसीलदार निशा श्रीवास्तव को बखिरा, खलीलाबाद व सेमरियावां के बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी को दुधारा, मेंहदावल के बीडीओ अमरेश कुमार को मेंहदावल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार को धर्मसिंहवा, बेलहरकला के बीडीओ रामानंद वर्मा को बेलहरकला, नाथनगर के बीडीओ अशोक कुमार श्रीवास्तव को महुली तथा पौली के बीडीओ महावीर सिंह को धनघटा थानाक्षेत्र के लिए मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि खलीलाबाद के तहसीलदार शेख आलमगीर को तामेश्वरनाथधाम मंदिर में प्रत्येक रविवार, सोमवार, श्रावण त्रयोदशी व रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व सुबह चार बजे से दोपहर के 12 बजे तक, नायब तहसीलदार विजय कुमार गुप्त को यहां पर इसी दिन दोपहर के 12 बजे से रात के आठ बजे तक तथा खलीलाबाद के बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी को इसी दिन रात के आठ बजे से सुबह के चार बजे तक ड्यूटी लगाई गई है।

धनघटा के तहसीलदार रत्नेश तिवारी को सरयू नदी के बिड़हरघाट पर सावन माह के प्रत्येक रविवार, सोमवार, त्रयोदशी व रक्षाबंधन के एक दिन पूर्व सुबह चार बजे से दोपहर के 12 बजे तक तथा नायब तहसीलदार योगेंद्र कुमार पाण्डेय को इसी दिन रात के आठ बजे से सुबह चार बजे तक के लिए ड्यूटी लगाई गई है। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर यह पहल की गई है। उन्होंने बताया कि मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है।

## जलाभिषेक के लिए मिले कांवड़ यात्रियों को सुविधा : जिला प्रभारी

**जासं, संतकबीर नगर :** हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आनंद शंकर पाठक के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट में पहुंचे। उन्होंने डीएम से जलाभिषेक के लिए शिवालयों में जाने वाले कांवड़ यात्रियों को अच्छी सुविधा दिलाने की मांग की। हियुवा के जिला प्रभारी ने कहा कि 14 जुलाई से सावन माह शुरू हो रहा है। जनपद के श्रद्धालु नदियों से जल भरकर भोले शिवशंकर को चढ़ाने के लिए पैदल शिवालयों में जाते हैं। इनकी सुविधा पर जिला प्रशासन विशेष ध्यान दें। ये जिस मार्ग से जाएं, उस मार्ग से पहले ही मछली, मुर्गा की दुकानों को हटा दिया जाए। इनकी सुरक्षा के लिए जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान टुनटुन राय, राजू उपाध्याय, वेद प्रकाश त्रिपाठी, महेश वर्मा, संदीप चौरसिया, संजय चौहान, दिनेश चतुर्वेदी, सुनील पाण्डेय के अलावा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पीएम आवास में शराब की दुकान चलने की पुष्टि, नहीं हुई कार्रवाई

**जागरण संवाददाता ,मेंहदावल, संतकबीर नगर** : नगर पंचायत के रुईहट्टा मोहल्ले में स्थित एक प्रधानमंत्री आवास में देशी शराब की दुकान चलाए जाने की पुष्टि होने के एक पखवारा बीत जाने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज भी धड़ल्ले से यहां देशी शराब की दुकान संचालित हो रही है। इससे जिम्मेदारों के कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मेंहदावल के रुईहट्टा मोहल्ले के कई लोगों ने कस्बे के एक प्रधानमंत्री आवास में देशी शराब दुकान चलाए जाने की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में किया था। इस दुकान को लेकर स्थानीय लोग प्रदर्शन भी कर चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा कि आबादी के बीच में शराब की दुकान होने से शराबियों का जमावड़ा रहता है। महिलाओं व युवतियों का घर से निकलना दुश्वार हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत को जागरण ने बीते 21 जून के अंक में प्रधानमंत्री आवास में चल रही शराब की दुकान शीर्षक के साथ प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस खबर का संज्ञान लेकर मेंहदावल की तहसीलदार निशा श्रीवास्तव दुकान पर पहुंचकर जांच की थी। इसमें प्रधानमंत्री आवास में शराब की दुकान चलने की पुष्टि हुई थी। उन्होंने प्राथमिक स्तर पर दुकान में पर्दे लगाने का निर्देश दिया था। तहसीलदार ने इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजा था। एक पखवारा बीत जाने के बाद भी अभी तक देशी शराब की दुकान हटाए जाने को लेकर जिम्मेदारों ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया।

जिससे आबादी के बीच में अभी भी शराब की दुकान संचालित हो रही है। लोग इसे लेकर आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि यदि कानून कोई काम नहीं होगा तो लोग दुकान को अपने स्तर से हटाएंगे। तहसीलदार, मेंहदावल निशा श्रीवास्तव ने कहा कि जांच में प्रधानमंत्री आवास के पैसे से बने घर में शराब की दुकान चलाने की पुष्टि हुई थी। कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को कुछ दिन पूर्व प्रेषित की जा चुकी है। उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के क्रम में कार्रवाई की जाएगी।



# थाने में गंदगी देख विधायक ने जताई नाराजगी

**धनघटा।** भाजपा विधायक गणेश चंद चौहान ने मंगलवार को धनघटा थाने का निरीक्षण किया। थाने में गंदगी देख नाराजगी जताई। खराब आरो मशीन को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए।

विधायक ने निरीक्षण के दौरान देखा की थाना परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जगह- जगह कूड़ा करकट रखे गए हैं तो झाड़ झंकार भी है। क्षेत्र पंचायत से लगाया गया आरोप प्लांट लगने के बाद से ही खराब पड़ा हुआ। आरो प्लांट खराब होने की जानकारी थानाध्यक्ष केडी सिंह ने विधायक को दिया तो उन्होंने तत्काल खंड विकास अधिकारी हैंसर बाजार से फोन पर संपर्क किया। विधायक ने कहा कि आरो मशीन लगने के बाद से ही खराब पड़ा रहना अच्छी बात नहीं है। विधायक ने कहा कि थाने की चहारदीवारी बनवाने के साथ थाना परिसर में जल्द ही इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर एसआई चंदन कुमार, अशोक कुमार दुबे मौजूद रहे। संवाद

# वाहन स्वामी और अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** बोलेरो की चपेट से गंभीर रूप से घायल हुए सेवानिवृत्त शिक्षक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को वाहन स्वामी और अज्ञात चालक पर केस दर्ज कर लिया।

धनघटा क्षेत्र के आगापुर गुलरिहा गांव निवासी संदीप का आरोप है कि 23 जून की शाम उसके पिता 65 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभान

## 30 जून को गंभीर रुप से घायल हुए थे सेवानिवृत्त शिक्षक

यादव बाइक से बकौली कला स्थित मकान पर भतीजे सर्वेश के साथ जा रहे थे। धनघटा की तरफ से पौली की तरफ तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक चालक सर्वेश को मामूली चोटें आईं।

इलाज के लिए उन्हें सीएचसी मलौली ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद गोरखपुर के एक अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया है।

थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि बोलेरो स्वामी रोहित कुमार निवासी अलीनगर थाना महुली और अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# दिव्यांग युवक के शव का अंतिम संस्कार करने आए लोग भागे

## सोमवार को श्मशान में डोम ने संदेह जताते हुए पुलिस को दी थी सूचना



पोस्टमार्टम हाउस पर बैठे सिकंदर के परिजन। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। बोरे में दिव्यांग युवक का शव लेकर कुछ लोग सोमवार रात आमी नदी के अजगईबा घाट पर अंतिम संस्कार करने पहुंचे। एसपी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्ट हुई है।

डोम ने शव की स्थिति देखकर हत्या की आशंका जताते हुए डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस ने चिता से अधजली लाश को कब्जे में ले लिया। जबकि शव लेकर आए लोग भाग निकले। परिजनों ने मामा पर साथियों के साथ मिलकर दिव्यांग भांजे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

वाराणसी जिले के चौक क्षेत्र के मीरघाट निवासी रोहित चौधरी ने बताया कि वह आमी नदी के अजगईबा घाट पर डोम का काम करते हैं। सोमवार रात तीन लोग बोरे में शव लेकर घाट पर अंतिम

### मामा समेत तीन लोगों पर हत्या के आरोप में केस दर्ज



सिकंदर (फाइल फोटो)

संस्कार करने आए।

शव की स्थिति देखकर आशंका हुई कि हत्या कर चुपके से शव का अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पूछताछ करने पर तीनों चिता पर रखे शव को छोड़कर भाग गए। डोम ने मोबाइल फोन से 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी।

इसके बाद एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ अंशुमान मिश्र, कोतवाल विजय नारायन प्रसाद और जेल चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। डोम ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कोतवाली क्षेत्र के जंगलऊन के बेलदारी टोला निवासी संजय अपने दो साथियों के साथ भांजे सिकंदर पुत्र रामनगीना निवासी नरायनपुर उर्फ कोटिया थाना सिकरीगंज जिला गोरखपुर का शव लेकर थे। पोस्टमार्टम हाउस पर पीड़ित पिता राम नगीना ने साले संजय पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। हालांकि हत्या की वजह वह नहीं बता पाए।

कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि डोम रोहित चौधरी की तहरीर पर सिकंदर के मामा संजय और दो अज्ञात पर हत्या कर शव को छिपाने की कोशिश के आरोप में केस दर्ज किया गया है। दर्ज मुकदमे में पीड़ित पिता की तहरीर भी जोड़ी जाएगी। आरोपी मामा के पकड़े जाने के बाद घटना की वजह सामने आएगी।

## युवक की एक टांग न देखकर गहराया शक

शोभित कुमार पांडेय

संतकबीरनगर। जैसे ही बोरे से युवक का शव निकाला गया, उसकी एक टांग गायब देखकर डोम रोहित चौधरी को हत्या का शक गहराया गया। उसने रात में शव लेकर आए लोगों की तस्वीर भी मोबाइल फोन में कैद कर ली।

गोरखपुर जिले के सिकरीगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर उर्फ कोटिया गांव निवासी 22 वर्षीय सिकंदर पुत्र राम नगीना दो भाई और तीन बहन हैं। सिकंदर भाइयों में बड़ा था। दो बहनों की शादी हो चुकी है। पिता मजदूर हैं। पिता का कहना है कि सिकंदर ननिहाल जंगलऊन के टोला बेलदारी में मामा संजय के घर अक्सर आता-जाता था। दस दिन पहले सिकंदर मामा के घर गया था।

ननिहाल में उसकी मौत कैसे हुई यह जांच का विषय है। कोतवाल विजय नारायन प्रसाद ने बताया कि डोम रोहित चौधरी ने शव लेकर आए लोगों की तस्वीर भी खींची है। उसमें सिर्फ एक शख्स का चेहरा साफ दिख रहा है। संवाद

### डोम ने रात में मोबाइल फोन से खींची थी आरोपियों की तस्वीर

### आरोपी मामा को कोस रहे थे पीड़ित परिजन

पोस्टमार्टम हाउस पर पीड़ित पिता राम नगीना ने साले संजय पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। बहन मंध्या और चाचा रामू ने बताया कि छह साल पहले सिकंदर ट्रैक्टर की चपेट में आ गया था। उसका बायां पैर घुटने के नीचे कट गया था। वह वैशाखी के सहारे चलता था।

# मां-बेटी समेत चार पर मुकदमा दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के टुंगपार निवासी महिला ने गांव की मां-बेटी समेत चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया है।

क्षेत्र के टुंगपार निवासी नीतू सिंह पत्नी सोनू सिंह का आरोप है कि सोमवार को पुरानी रंजिश में गांव की अंगीरा देवी ने उसे अपशब्द कहा। एतराज जताने पर परिजनों के साथ मिलकर उसकी पिटाई कर दी।

एसओ रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि टुंगपार गांव निवासी नीतू सिंह की तहरीर पर अंगीरा देवी पत्नी महेंद्र, समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# स्मैक के साथ दो युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को 35 पुड़िया स्मैक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाल ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान हिमांशु द्विवेदी निवासी नेदुला चौराहा और रेहान मिर्जा निवासी बंजरिया कोतवाली के रूप में हुई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है । संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# एक महिला समेत दो लोगों को किया गिरफ्तार

खरगूपुर। सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं न्यायालय के आदेश पर लैंगिक अपराध में आरोपित एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल रवाना किया है। बिशुनापुर बेलभरिया निवासी मनीष कसौंधन ने सोशल मीडिया पर धार्मिक अभद्रता का प्रयोग किया गया था। थानाध्यक्ष कुबेर तिवारी ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# शाकाहारी ग्राहक को परोसा मांस, चेतावनी दी

- पुलिस प्रशासन व खाद्य विभाग ने की जांच पड़ताल
- अम्बेडकर चौराहे के पास के एक रेस्टोरेंट का मामला

गोण्डा, संवाददाता। शाकाहारी खाना खाने पहुंचे एक व्यक्ति को मांसाहारी खाना परोसने के मामले में नाराज ग्राहक ने डीएम से इसकी शिकायत की। जिसपर डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभाग के अफसरों ने छापेमारी की। एसडीएम सदर वीके सिंह, सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम के अलावा खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहीत अधिकारी विनय सहाय अपनी टीम मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेन्द्र मोहन त्रिपाठी के साथ रेस्टोरेंट पर पहुंचे।

टीम ने भोजन पकाने के किचन से लेकर परोसने में प्रयोग में आने वाले बर्तन आदि की जांच की। टीम ने सब्जियों के दो नमूने भरे जिसे जांच के लिए खाद्य अन्वेषण प्रयोगशाला को भेजा गया है। टीम ने रेस्टोरेंट संचालक को निर्देश दिया कि ग्राहकों को खाना परोसने में कोई भी कंफ्यूजन न हो इसके लिए वेज व नानवेज पकाने के किचन अलग अलग रखे जाएं। वहीं इनके लिए खाना परोसने के वेटर भी अलग करके रखे जाएं जिससे इस तरह की घटनाओं का दोहराव न हो।



शिकायत पर रेस्टोरेंट में पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अफसर। • हिन्दुस्तान

**रेस्टोरेंट में होते रहेंगे रुटीन निरीक्षण :** रेस्टोरेंट में रुटीन निरीक्षण किए जाएंगे। होटल, ढाबों और ठेले खोमचे वालों पर भी टीमें गौर करेंगी। टीम लोगों को जागरुक करेंगी।

एसडीएम सदर वीके सिंह ने बताया रेस्टोरेंट पर कोई छापेमारी न होकर ये एक प्रकार का रुटीन निरीक्षण था। जनता दर्शन में आई शिकायत के चलते निरीक्षण करने आए थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

इटियाथोक। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि संतोष पुत्र भगवान दीन निवासी सहजाजोत पूरे सिधारी ने घर में घुसकर नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार किया था। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था।

# 70 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

गोण्डा। विभिन्न थानों की पुलिस ने 70 लीटर कच्ची शराब बरामद कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। उमरी पुलिस ने लक्ष्मी कुमार को दस लीटर, कटरा बार पुलिस ने रामप्रसाद से 10 लीटर, नवाबगंज पुलिस ने राजू निषाद 20 लीटर, तरबगंज पुलिस ने हरिहर सिंह से 20 लीटर बरामद किया है।

# किशोर की मौत के मामले में पांच लोगों पर केस दर्ज

मोतीगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के मंगरावा गांव में एक पेड़ से युवक का शव लटका हुआ पाया गया था। इस मामले में भाई की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतक के भाई रामआशीष तिवारी का आरोप है कि उसका गांव के ही जुगुलदत्त तिवारी, लवकुश, शिवप्रसाद, अमित, मोनू तिवारी से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। पांचो लोग अक्सर उसके भाई को अपशब्द कहते रहते थे। चार दिन पहले शाम पांच बजे घर से शौच के लिए कहकर उसका भाई निकला था लेकिन जब रात 9 बजे तक घर वापस नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की तो पता चला गांव के उत्तरी छोर पर आम के पेड़ की डाल से उसका शव लटक रहा था। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मृतक के भाई रामआशीष तिवारी की तहरीर पर जुगुलदत्त तिवारी, लवकुश, शिवप्रसाद ,अमित व मोनू के खिलाफ पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने सहित विभिन्न धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वहीं मंगलवार को मृतक के भाई राम अशीष तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## मां ने गेम खेलने से रोका तो लगाई फांसी

करनैलगंज। मां ने बेटे को देर रात्रि तक मोबाइल में गेम खेलने से मना किया तो बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मामला ग्राम पंचायत उल्लहा के मजरा हरसहाय पुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी जगदेव अवस्थी का 19 वर्षीय पुत्र राममनोहर अवस्थी रात्रि 2 बजे तक मोबाइल में गेम खेलता रहा। उसकी मां ने उसे मोबाइल रखकर सोने व सुबह जल्दी उठकर स्कूल की तैयारी करने को कहा। जिससे क्षुब्ध होकर उसने घर के सामने लगे अमरूद के पेड़ से लटककर फांसी लगा ली। कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया कि रात्रि अधिक होने से मां ने मोबाइल पर गेम खेलने से युवक को मना किया था।

# दरोगा पर यौन शोषण का मुकदमा

**कार्रवाई**

- नगर कोतवाली में तैनात है आरोपी दरोगा वसी अहमद
- महिला ने दरोगा पर धर्म छिपाकर संबंध बनाने का लगाया था आरोप

**गोण्डा, प्रमुख संवाददाता।** शहर की एक महिला की तहरीर पर नगर कोतवाली में तैनात दरोगा के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मंगलवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला ने सोमवार को एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की थी। एएसपी शिवराज ने बताया कि दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी, बलात्कार और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

शहर की रहने वाली महिला ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि दरोगा वसी अहमद ने अपना असली नाम छिपाकर खुद को रिंकू शुक्ला बताकर उससे दोस्ती की। तीन साल से विवाह करने का झांसा देकर दरोगा ने उसका यौन शोषण किया। बाद में उसे पता चला कि दरोगा दूसरे संप्रदाय का है। आरोप लगाया है कि इस दौरान वह गर्भवती हुई तो दरोगा ने उसका गर्भपात करा दिया। इलाज और घरेलू खर्च के लिए नियमित तौर पर नकद और बैंक खाते में भुगतान करता रहा। शादी की बात उसने पहले अपनी बहनों की शादी करने की बात कही। जब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो दरोगा ने बीते 27 जून को रात में आइसक्रीम में कोई जहरीला पदार्थ खिला दिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला ने तो यह भी आरोप लगाया था कि पुलिस अफसर मामले में सुलह-समझौते का दबाव बना रहे थे। आखिरकार पुलिस ने प्रथम दृष्टया जांच कराकर दरोगा वसी अहमद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर अभी तक बैकफुट पर ही नजर आ रही थी। मुकदमा लिखे जाने के बाद पुलिस महकमे में इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी की जा रही हैं।

# चोरी की दस बाइकों के साथ एक गिरफ्तार

- गिरोह के अन्य सदस्यों को तलाश रही पुलिस
- बाइक चोर गिरोह का हुआ भंडाफोड़

**गोण्डा, संवाददाता।** पुलिस ने बाइक चोरी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर चोरी की दस बाइक भी बरामद किया है।

एएसपी शिवराज व सीओ सदर लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि बाइक चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए नगर कोतवाली व एसओजी की टीम को लगाया गया था। संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान बाइक चोर गिरोह के सदस्य शिवम उर्फ शुभम तिवारी निवासी पिपरी मांझा थाना कटरा बाजार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि अपने गिरोह के सदस्यों के साथ अलग-अलग जिलों से बाइकें चोरी करते थे। इसके बाद नम्बर प्लेट बदलकर बेच देते थे। एसपी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के भी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

गिरफ्तारी वाली टीम में नगर कोतवाल पंकज कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी अमित कुमार शामिल रहे।

# कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बना रहे शादी का दबाव, की शिकायत

**संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा) :** अध्यापिका ने मंगलवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पर शादी करने का दबाव बनाने व अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं जिलाध्यक्ष ने भी अध्यापिका के विरुद्ध तहरीर दी है।

धानेपुर के एक परिषदीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिका ने दी गई तहरीर में कहा कि वह कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मकान में किराए पर रहती थीं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शादी करने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि उन्होंने अश्लील वीडियो भी बना रखी है। शादी नहीं करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हैं। अब उसने दूसरे जगह मकान किराए पर ले लिया है। वहां भी वह पहुंचकर परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष वीरेंद्र पटेल का कहना है कि उन्होंने भी अध्यापिका के खिलाफ तहरीर थाने पर दी है। अध्यापिका की हरकत ठीक नहीं थी। इसलिए कमरा खाली करा दिया। इससे नाराज होकर वह उन पर आरोप लगा रही हैं। उन पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि तहरीर मिली है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है।

## दुष्कर्म में आरोपित दबोचा

**इटियाथोक :** घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपित संतोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि संतोष के खिलाफ छेड़छाड़ के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित की तलाश की जा रही थी। (संसू)

## युवक जहरखुरानी का शिकार

**इटियाथोक :** दूबे कलेना गांव का रहने वाला जामिर जहरखुरानी का शिकार हो गया। पीड़ित के मुताबिक वह राजस्थान से वापस घर आ रहा था। बस स्टेशन के पास बाइक सवार दो लोगों के झांसे में आकर वह बाइक पर बैठ गया। रास्ते में सुभागपुर के पास चाय में नशीला पदार्थ डाल कर पिला दिया। होश में आने पर अपने को दुल्हन जंगल में पाया। सामान कपड़े, रुपये व मोबाइल गायब था। पैदल चलकर घर पहुंचा। (संसू)

# दारोगा ने धर्म छिपाकर किया शारीरिक शोषण, मुकदमा

संवाद, गोंडा : धर्म व नाम छिपाकर महिला से शादी का वादा कर शारीरिक शोषण करने वाले उपनिरीक्षक के खिलाफ नगर कोतवाली में धोखाधड़ी, दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। आरोपित दारोगा मौजूदा समय पुलिस लाइंस में तैनात है।

नगर कोतवाली के एक मुहल्ला की रहनी वाली महिला ने दी गई तहरीर में कहा कि उप निरीक्षक मुहम्मद वसी अहमद ने अपना नाम रिंकू शुक्ल बताया। इसके बाद वर्ष 2019 में उससे दोस्ती हो गई। उप निरीक्षक ने शादी का वादा कर उसका शारीरिक शोषण किया। महिला का कहना है कि जब भी वह शादी के लिए कहती तो उप निरीक्षक पहले बहन की शादी करने की बात कहकर टाल देता। महिला का कहना है कि इस दौरान वह कई बार गर्भवती भी हुई लेकिन, उप निरीक्षक शादी के पहले बच्चे होने से मना करता रहा और उसका गर्भपात करा दिया। महिला का कहना है कि इस दौरान उप निरीक्षक उसके सभी खर्चों का भुगतान करता रहा। इसका रिकार्ड उसके पास है। महिला ने कहा कि शादी का दबाव अधिक बनाया तो उसने जान से मारने का प्रयास किया। कहा कि बीते 27 जून की रात उप निरीक्षक वसी अहमद आइसक्रीम लाया। उसमें कुछ जहरीला पदार्थ मिलाकर उसे खिला दिया। इसके बाद उसकी तबीयत खराब हो गई। उसका इलाज जिला अस्पताल में हुआ। बीते चार जुलाई को इसकी शिकायत नगर कोतवाली में की लेकिन, जांच की बात कहकर आरोपित पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि बीते 10 जुलाई की रात महिला थाना की पुलिस उसे घर से उठा लाई। उसे प्रताड़ित किया गया। इस दौरान आरोपित उपनिरीक्षक वहां मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि आरोपित उप निरीक्षक वसी अहमद के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। विभागीय जांच भी कराई जा रही है।

# दबंगों की पिटाई से सिर फटा, पुलिस ने लिख दी एनसीआर

**जागरण टीम, गोंडा :** नगर कोतवाली के देवरिया चूड़ामणि गांव में जमीन विवाद में दबंगों ने वेदप्रकाश की पिटाई कर दी। इससे उसका सिर फट गया। बेहोशी की हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। घायल की पत्नी गिरजा देवी ने अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज से मिलकर नगर कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एएसपी ने जांच रिपोर्ट तलब की है।

गिरजा देवी ने कहा कि उसका पति वेदप्रकाश खेत के पास खड़ा था। दबंग उसके पति से अभद्रता करने लगे। विरोध पर लोहे के राड से हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया। दबंगों को बचाने के लिए पुलिस ने एनसीआर की कार्रवाई की। जबकि दबंग परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कोतवाली पुलिस उन लोगों की नहीं सुन रही है। उधर वजीरगंज के ग्राम पंचायत टिकरी (महलीपुरवा) निवासी अरूण कुमार कश्यप ने मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में कहा कि सोनू कश्यप व उसकी पत्नी कंचन देवी ने मंगलवार सुबह धारदार हथियार से हमला कर दिया। माता सुशीला देवी के दाहिने हाथ का अंगूठा काट दिया। पिता समय प्रसाद बीच-बचाव करने के लिए पहुंचे तो आरोपितों ने उनपर भी हमला कर दिया। इसमें दोनों को चोट आई हैं। थानाध्यक्ष सीपी सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

वहीं बाबागंज में सोमवार की रात कस्बा बाबागंज में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

# एसपी के आदेश पर नौ माह बाद दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**संवाददसूत्र, परसपुर (गोंडा) :** डेहरास के छितौनी गांव में मारपीट के दौरान हुई अमर बहादुर सिंह की मौत के मामले में एसपी आकाश तोमर के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।



ऊषा सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि अमर बहादुर सिंह को गांव के दबंगों ने 28 नवंबर को लाठियों से पिटाई कर दी। बेटे को बचाने के लिए गई तो उसकी भी पिटाई की गई। उसकी तहरीर पर पुलिस ने गांव निवासी राजकुमार सिंह, राहुल सिंह, श्यामू सिंह व सूर्यभान सिंह के विरुद्ध एनसीआर की कार्रवाई कर पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया। 29 नवंबर को स्वजन घायल अमर बहादुर को लखनऊ ले जा रहे थे। उसकी रास्ते मृत्यु हो गई। मां ऊषा हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर काटती रहीं लेकिन, उसका मुकदमा नहीं लिखा गया। दबंगई से मजबूर होकर उसे गांव छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा। थाना प्रभारी समशेर बहादुर सिंह ने कहा कि चारों आरोपितों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा करके जांच शुरू कर दी गई है।

# वाहन चोर गिरोह का राजफाश

# एक गिरफ्तार, 10 बाइक मिली



चोरी की बरामद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार आरोपित व मौजूद पुलिसकर्मी ● जागरण

**संसू, गोंडा :** नगर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का राजफाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके निशानदेही चोरी की दस बाइक बरामद की गई हैं। गिरोह के सदस्य चोरी की गई मोटर साइकिल का पंजीकरण नंबर प्लेट बदलकर बेचा करते थे।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देश पर वाहन चोरों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली पंकज सिंह टीम के साथ सोमवार की रात गश्त पर थे। रेलवे कालोनी के पास कटरा बाजार थाना के पिपरी मांझा निवासी शिवम उर्फ शुभम तिवारी को चोरी के मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया। एएसपी ने कहा कि पूछताछ के दौरान शिवम ने बताया कि वह अपने गिरोह के सदस्यों के साथ अलग अलग जिलों से बाइक चोरी करते हैं। इसके बाद नंबर प्लेट बदलकर वह बाइक को बेचकर कमाई करते हैं। शिवम के बताए स्थानों से चोरी की दस बाइक बरामद की गई है। गिरोह के सदस्यों ने लखनऊ समेत अन्य जिलो से बाइक की चोरी की है। एएसपी ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यो की तलाश के लिए टीमें लगाई गई हैं। उधर इटियाथोक पुलिस ने आठ चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय की अगुवाई में पुलिस टीम गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर सिसई बहलोलपुर पक्के बाबा मजार के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान कुछ लोग आते दिखे। पूछताछ में इन लोगो ने लखनऊ, सुलतानपुर, मोतीगंज, धानेपुर, इटियाथोक समेत कई स्थानो पर वाहन की लूटपाट करते थे। गैंग का मुखिया राजेन्द्र कुमार गौतम जो पूरेसुकाली थाना धानेपुर का रहने वाला है। राजेंद्र कुमार गौतम, रंजीत मौर्या निवासी चौड़ही मौजा पूरे सुकाली, सत्य कुमार सोनकर निवासी पंचपुरवा मौजा पूरे सुकाली थाना धानेपुर व अकबर निवासी परसिया थाना इटियाथोक को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने कहा कि पकड़े गए बाइक चोरों की निशानदेही पर कुछ और बाइक की बरामदगी पर टीमें कार्य कर रही हैं।

# अपहरण के आरोपित की हालत बिगड़ी, कराया भर्ती

**संसू, गोंडा :** युवती के अपहरण के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। न्यायालय से पुलिस जब आरोपित को कारागार में दाखिल करने ले जा रही थी तभी उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परसपुर की युवती के अपहरण मामले में सकरौर गांव के अजय प्रताप उर्फ मुन्ना के खिलाफ मुकदमा किया गया था। सीओ कर्नलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को आरोपित को जब जेल ले जा रहे थे इसी बीच उसकी तबीयत अधिक खराब हो गई। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। सीओ ने कहा कि चिकित्सक ने उसकी हालत में अभी सुधार बताया है। तबीयत खराब होने के बारे सभी बिंदुओं की पड़ताल कराई जा रही है।

## पुरानी रंजिश में पीटा, केस

**परसपुर (गोंडा)।** सुसंडा रामरंगीलेपुरवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। सुसुंडा रामरंगीले पुरवा निवासी फतेह बहादुर पांडेय ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर रविवार सुबह आरोपी उससे अभद्रता कर लाठी-डंडा से पीटने लगे। आसपास के लोगों ने उसे बचाया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि अकबाल बहादुर पांडेय, अच्छन कुमार पांडेय, शिवशंकर पांडेय व दीप नरायन पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# दंपती पर धारदार हथियार से हमला

संवद न्यूज एजेंसी

**वजीरगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के टिकरी में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर दंपती पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया।

परिजनों ने दोनों को जनपद चिकित्सालय में भर्ती कराया है। अरुण कुमार कश्यप निवासी टिकरी मजरा महली पुरवा ने बताया कि मंगलवार सुबह घर के सामने रखे मोरंग, गिट्टी, बालू आदि हटाने के विवाद को लेकर सोनू कश्यप व उसकी पत्नी कंचन ने उसकी मां सुशीला देवी के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बचाने आए पिता सम्मय प्रसाद पर भी विपक्षियों ने वार कर उन्हें भी घायल कर दिया। दोनों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## युवक ने फांसी लगा दी जान

**मोतीगंज (गोंडा)।** सोमवार की देर रात क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर के मजरे पूरे अन्नूपुरवा में एक 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगा ली। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि सोमवार की रात सूचना मिली कि सूरज सिंह ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। (संवाद)

# गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**परसपुर (गोंडा)।** एक युवक के पुत्र की कुछ लोगों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पुत्र को बचाने आई मां की भी पिटाई की गई। मामले में थाने पर महज एनसीआर दर्ज की गई है। बाद में पुत्र की इलाज के दौरान मौत हो गई। पीड़िता की शिकायत पर एसपी के आदेश पर मंगलवार को चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्राम छितौनी निवासिनी उषा सिंह ने एसपी को दिए पत्र में कहा कि उसके पुत्र अमर बहादुर सिंह को 28 नवंबर 2021 की शाम को गांव के कुछ लोगों ने लाठी-डंडा से मारापीटा। बचाने पहुंची तो आरोपियों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया। उसके पुत्र को जिला अस्पताल भेजा गया। 29 नवंबर को ही उसकी मौत हो गई।

# वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

## चोरी की बाइक के साथ पकड़ा आरोपी, 10 बाइक बरामद

संवद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की नौ बाइक बरामद की है। एसओजी व कोतवाली नगर की संयुक्त टीम ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बढ़ने पर एसओजी को बाइक चोर गिरोह का खुलासा करने के लिए लगाया गया था। दोनों टीमें एक सप्ताह से बाइक चोर गिरोह का पता लगाने में जुटी थीं। सोमवार की देर रात सूचना मिली कि एक युवक चोरी की बाइक लेकर बेचने के लिए निकलने वाला है।

इसी सूचना पर एसओजी प्रभारी अमित कुमार व व कोतवाल नगर पंकज कुमार सिंह की संयुक्त टीम ने सोमवार की रात रेलवे कॉलोनी के पास से एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवक ने नाम शिवम तिवारी उर्फ शुभम निवासी पिपरी माझा थाना कटरा बाजार बताया। उसकी निशनदेही पर रेलवे कॉलोनी से और नौ बाइक बरामद हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए शिवम तिवारी ने पूछताछ में बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर अलग-अलग जनपदों से बाइक चोरी करता था। गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।



गोंडा की नगर कोतवाली में बरामद कर लाई गई चोरी की बाइकें। -संवाद

### नंबर प्लेट बदलकर बेचते थे बाइक

**चोरी** की बाइकों के साथ पकड़े गए शिवम तिवारी ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग जनपदों से बाइक चोरी करके रेलवे कॉलोनी में एक स्थान पर एकत्र करके उसका नंबर प्लेट बदल देते थे। इसके बाद ग्राहकों को कम पैसों में बाइक देने का लालच देकर उसे बेचते थे। इससे उनकी अच्छी कमाई होती थी।

# पीएसी को मिले 236 जवान

## पॉसिंग आउट परेड में दिखा उत्साह...महानिरीक्षक पीएसी मध्य जोन ने रिक्रूट को दिलाई सेवा की शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** 30वीं वाहनी पीएसी परेड ग्राउंड पर मंगलवार को छह माह से प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों की पॉसिंग आउट परेड हुई। पॉसिंग आउट परेड में रिक्रूट जवानों में उत्साह दिखा। परेड के बाद पीएसी को 236 जवान मिल गए। आईजी पीएसी अपर्णा कुमार ने जवानों को प्रमाण पत्र वितरित किया। साथ ही सेवा के मंत्र भी बताए।

पॉसिंग आउट परेड की मुख्य अतिथि आईजी पीएसी मध्यजोन अपर्णा कुमार ने परेड की सलामी ली और 236 रिक्रूट आरक्षियों को अपने कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए पद की शपथ दिलाई। रिक्रूट आरक्षियों को नियमित व्यायाम, अध्ययन व बेसिक पुलिसिंग के टिप्स दिए। कहा कि पीएसी का जवान जनसेवा के लिए जाना जाता है। पीएसी के सम्मान का मौलिक आधार उच्चकोटि की सत्य निष्ठा एवं ईमानदारी है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, पीएसी के अधिकारी, प्रशिक्षक समेत पीएसी के जवान मौजूद रहे।



पीएसी ग्राउंड में पासिंग आउट परेड के दौरान पद की शपथ लेते रिक्रूट आरक्षी। -संवाद

**सुजीत व कृष्ण कुमार को शील्ड देकर किया सम्मानित...** आईजी पीएसी ने अन्तः कक्षीय व साक्षात्कार विषयों में प्रथम स्थान पाने वाले रिक्रूट आरक्षियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर उनकी हौसला अफजाई की। संपूर्ण परेड का संचालन कर रहे रिक्रूट आरक्षी सुजीत सिंह व संपूर्ण परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर रिक्रूट आरक्षी कृष्ण कुमार यादव को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**इन्हें मिला प्रशस्ति पत्र...** पॉसिंग आउट परेड के बाद आईजी ने रिक्रूट आरक्षियों के कुशल प्रशिक्षण के लिए सेनानायक त्रिभुवन सिंह, उप सेनानायक उमेश कुमार यादव, सहायक सेनानायक जय प्रकाश सिंह, शिविर पाल शिव कुमार, सुबेदार, सैन्य सहायक व प्रभारी आरटीसी अनुराग यादव, आउटडोर प्रभारी शंभू मिश्रा, इनडोर प्रभारी कुलदीप पांडेय व आरटीसी मेजर प्रेमचंद्र व रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्य में लगे सभी प्रशिक्षकों की भी सराहना की और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# कांग्रेस नेता ने बनाया अश्लील वीडियो

## ब्लैकमेलिंग से तंग शिक्षिका की तहरीर सोशल मीडिया पर वायरल, विधायक बनाने का दिया था झांसा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** शिक्षिका को अपने चंगुल में फंसाने के लिए आरोपी कांग्रेस नेता ने तरह-तरह के हथकंडे अपनाए। उसे विधानसभा चुनाव में पार्टी से टिकट दिलाकर विधायक बनाने का झांसा दिया। वह झांसे में नहीं आई तो नहाते समय अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का भी प्रयास किया। पीड़िता द्वारा इटियाथोक थाने में दी गई तहरीर सोशल मीडिया पर वायरल होने से इसका खुलासा हुआ। मगर पुलिस पर भी पीड़िता को लोकलाज का हवाला देकर सुलह का दबाव बनाने का आरोप लग रहा है।

सोशल मीडिया पर एक शिक्षिका की तहरीर इन दिनों वायरल हो रही है। इटियाथोक थानाध्यक्ष के नाम से लिखी गई इस तहरीर में जिले के कांग्रेस के एक बड़े नेता पर जाल में फंसाने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। पीड़िता का कहना है कि वह झांसे में नहीं आई तो कांग्रेस के नेता ने उसे विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाकर विधायक बनवाने का झांसा दिया। चुनाव लड़ने के लिए सरकारी नौकरी छोड़नी पड़ती, इसका हवाला देकर शिक्षिका ने आरोपी से पीछा छुड़ाने की कोशिश की। आरोप है कि इसके बाद कांग्रेस के नेता ने नहाते वक्त उसका वीडियो बना लेने की बात कहते हुए ब्लैकमेल कर शोषण की कोशिश की। इस पर उसने इटियाथोक थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दे दी, जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। आरोप है कि इटियाथोक पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय पीड़िता को लोकलाज का डर दिखाकर सुलह करने का दबाव बना रही है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने मामले पर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो कुछ लोगों को लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय बुलाया गया है।

> “ सोशल मीडिया पर शिक्षिका की तहरीर वायरल होने की बात कही जा रही है। मगर पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है। यदि तहरीर मिलेगी तो सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-शिवराज,** अपर पुलिस अधीक्षक

# मजहब छिपा युवती से दुष्कर्म करने वाले दरोगा पर केस

**गोंडा।** मजहब छिपाकर युवती को प्रेमजाल में फंसाकर दो साल तक दुष्कर्म करने, कई बार गर्भपात कराने और जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी दरोगा के खिलाफ एसपी के आदेश पर नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है।

शहर की रहने वाली युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि पूर्व में नगर कोतवाली में तैनात रहे दरोगा वसीम अहमद से दो साल पहले उसकी मुलाकात हुई थी। वसीम ने उसे अपना नाम रिंकू शुक्ला बताया था। दरोगा शादी का झांसा देकर दो वर्ष तक उससे दुष्कर्म करता रहा। इस दौरान वह कई बार गर्भवती हुई तो आरोपी बदनामी का हवाला देकर गर्भपात करा देता था।

युवती का आरोप है कि 27 जून की रात आरोपी ने आइसक्रीम में जहरीला पदार्थ मिला उसे खिलाकर जान से मारने की कोशिश की। जब वह शिकायत करने नगर कोतवाली गई तो पता चला कि रिंकू शुक्ला नहीं वह तो वसीम अहमद है। उसने केस दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन कोतवाली में सुनवाई नहीं हुई। सोमवार को पीड़िता ने एएसपी शिवराम से शिकायत की। इसके बाद एसपी के आदेश पर मंगलवार को आरोपी दरोगा वसीम अहमद के खिलाफ नगर कोतवाली में केस दर्ज कराया गया है। कोतवाल पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती का मेडिकल कराया जाएगा। संवाद

### ड्यूटी पर नहीं पहुंचा आरोपी

**आरोपी** दरोगा की 15 दिन पहले तक कटरा थाने में तैनाती थी। फिर तत्कालीन एसपी ने उसे लाइन हाजिर कर दिया था। जहां से उसे क्यूआरटी में लगाया गया था। दुष्कर्म का केस दर्ज होने पर मंगलवार को आरोपी दरोगा ड्यूटी पर नहीं पहुंचा।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। मॉडल थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। मारपीट करने के मामले में तीन वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक राजकुमार यादव, कांस्टेबल राहुल पटेल, मुकेश चौधरी ने कोलुही बिनोनी निवासी राजकुमार पुत्र मंगरे, अर्जुन पुत्र विश्वनाथ व राधिका उर्फ जग प्रसाद पुत्र बुद्धू को गिरफ्तार किया है।

हिन्दुस्त

# महिलाएं व छात्राएं शारीरिक रूप से प्रशिक्षण जरूर लें

**बलरामपुर, संवाददाता** । महिलाएं व छात्राएं शारीरिक रूप से प्रशिक्षण जरूर लें। किसी भी दशा में अपराधियों से डरे नहीं। कोई मनचला परेशान करे तो पुलिस को सूचना दें। यह बातें मंगलवार को मिशन जागरूकता अभियान में थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने कही।

थानाध्यक्ष मिशन जागरूकता अभियान के तहत ग्राम कोयलिहा में अभियान चला रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रयासरत है कि लोग जागरूक हों तथा अपने अधिकार को समझें। लड़का-लड़की में भेद न करें। कांस्टेबल रणविजय सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत पुलिस गांव-गांव जागरूकता अभियान चला रही है। सभी लोग अपने अधिकार को जानें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करें।

हिन्दुस्त

# प्रशासन सुस्त, धड़ल्ले से हो रहा पॉलीथीन का प्रयोग

## लापरवाही

तुलसीपुर, संवाददाता। स्थानीय आदर्श नगर पंचायत में चौराहों पर बिना किसी भय या डर के दुकानों, ठेलो तथा चाय के होटलों पर पॉलीथिन का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। दुकानदार सामानों को पॉलिथीन में रखकर खुलेआम बेचते नजर आ रहे हैं।

क्षेत्रवासी मिथिलेश कनौजिया, सोनू श्रीवास्तव, मुजीब खान, पवन कुमार पासवान, बद्री प्रसाद कुरील, अभिषेक कुमार यादव, मूरत प्रजापति सहित तमाम लोगों ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश पर प्रदेश सरकार ने पॉलिथीन प्रयोग को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया है। दुकानदारों को पॉलीथिन का प्रयोग करने पर पांच हजार रुपए व छह माह की सजा का प्रावधान है। वहीं पॉलिथीन भंडारण करने वालों पर पांच लाख रुपए व 10 साल की सजा का प्रावधान है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत प्रशासन पॉलीथिन प्रतिबंध होने के बावजूद कहीं भी छापेमारी नहीं होती है और न ही इसको लेकर गाइडलाइन जारी किया जाता है। कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है।

# जिला महिला अस्पताल में चल रहा अवैध निर्माण, अफसर मौन

**संसू, बलरामपुर :** जिला महिला अस्पताल परिसर में सेवानिवृत महिला कर्मचारी के परिवारजन जबरन निर्माण करा रहे हैं। इस निर्माण को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विनीता राय ने अवैध बताते हुए आवास खाली करने का नोटिस पूर्व में जारी करने की बात कही है।

इंद्रदेव तिवारी व धर्मदेव ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत महिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से सूचना मांगी थी कि महारानी इंद्र कुवंरि महिला चिकित्सालय में नज्जन खां द्वारा अस्पताल तोड़ कर नया निर्माण किया जा रहा है। किसकी अनुमति से निर्माण हो रहा है। साथ ही अस्पताल का कर्मी न होने के बाद भी किस अधिकार से निर्माण करा रहे हैं। इस पर सीएमएस ने याची कर्ताओं को दी सूचना में कहा है कि अस्पताल में आवास का निर्माण सेवानिवृत्त उपचारिका स्वर्गीय माजरी दयाल के पति द्वारा किया जा रहा है जो अवैध है। इस संबंध जनपद स्तरीय न्यायालय में वाद भी लंबित है।

# गैंसड़ी विधायक पर खलिहान की जमीन कब्जा करने का आरोप

**जासं, बलरामपुर :** गैंसड़ी विधानसभा से सपा विधायक डा. एसपी यादव पर पचपेड़वा में खलिहान की जमीन पर शेख मंसूर अली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनाने का आरोप लगाते हुए दो लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। जिलाधिकारी श्रुति ने एसडीएम तुलसीपुर को जांच सौंपी है।

डीएम से की गई शिकायत में बलरामपुर नगर के मुहल्ला टेढ़ी बाजार निवासी अभिषेक मिश्र व मनीष शुक्ल ने आरोप लगाया है कि खलिहान की जमीन पर पचपेड़वा में शेख मंसूर अली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अवैध तरीके से बनाया गया है। इस विद्यालय के प्रबंधक पूर्व मंत्री डा. एसपी यादव के पुत्र राकेश यादव हैं। जिस समय विद्यालय का निर्माण हुआ, उस समय डा. एसपी यादव राज्यमंत्री थे और प्रदेश में सपा की सरकार थी। अभिलेखों में हेराफेरी कर भूमि पर कब्जा किया गया है। एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दुबे ने बताया कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



पचपेड़वा में स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - जागरण

वर्ष 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पिछड़े क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनुदान एवं सरकारी जमीन पर असेवित कन्या इंटर कालेज बनवाने का शासनादेश जारी किया था। उसी के तहत तत्कालीन डीएम व एसडीएम ने जमीन उपलब्ध कराई थी। उसी जमीन पर विद्यालय का निर्माण हुआ है। मैंने कोई सरकारी जमीन अवैध तरीके से कब्जा नहीं किया है।

\- **डा. एसपी यादव**, सपा विधायक गैंसड़ी।

# अनुसूचित जाति की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, दो पर केस

संवादसूत्र, जरवा (बलरामपुर) : एक गांव में अनुसूचित जाति की किशोरी के साथ सोमवार की शाम सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। हैवानियत की शिकार किशोरी दूसरे दिन मंगलवार की दोपहर गन्ने के खेत में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। जरवा कोतवाली की पुलिस ने चौहत्तर कला गांव निवासी जुहैद उर्फ भल्लू व सुहेल निवासीगण नयानगर मकुनहवा के विरुद्ध मुकदमा लिखा है। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है।

- खेत में खून से लथपथ अचेत मिली आरोपितों की तलाश रही पुलिस
- अहमदाबाद में रहता है पिता, चाचा ने दर्ज कराई रिपोर्ट

पीड़िता के चाचा का आरोप है कि सोमवार की शाम साढ़े छह बजे किशोरी शौच के लिए खेत गई थी। वहां घात लगाए बैठे जुहैद व सुहेल उसे गन्ने के खेत में घसीट ले गए। किशोरी को मार-पीटकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी के घर न लौटने पर स्वजन ने काफी खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार सुबह बघेलखंड चौकी पर सूचना दी गई। पुलिस ने किशोरी की तलाश शुरू की, तो वह दोपहर साढ़े 12 बजे गन्ने के खेत में अचेत पड़ी थी। उसके कपड़े फटे व खून से लथपथ थी। होश आने पर किशोरी ने स्वजन को आपबीती बताई। किशोरी का पिता अहमदाबाद में मजदूरी करता है। पीड़िता की मां, चाचा व भाई ने कोतवाली में तहरीर दी। यहां पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए बैठा लिया गया। अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# सपा विधायक पर खलिहान की भूमि पर स्कूल बनवाने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

## शिकायत पर डीएम ने एसडीएम तुलसीपुर को सौंपी मामले की जांच

**बलरामपुर।** पूर्व मंत्री व गैसड़ी से सपा विधायक डॉ. एसपी यादव पर खलिहान की जमीन पर स्कूल बनवाने का आरोप लगा है। इसकी शिकायत पर डीएम ने एसडीएम तुलसीपुर को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

डीएम श्रुति से की गई शिकायत में बलरामपुर नगर के टेढ़ी बाजार निवासी अभिषेक मिश्र व मनीष शुक्ल ने कहा कि पचपेड़वा स्थित शेख मंसूर अली कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिहान की जमीन पर अवैध तरीके से बनाया गया है। सपा विधायक डॉ. एसपी यादव के पुत्र राकेश यादव इस विद्यालय के प्रबंधक हैं। जिस समय इस विद्यालय का निर्माण हुआ, उस दौरान डॉ. एसपी यादव प्रदेश की सपा सरकार में राज्यमंत्री थे। जिस जमीन पर विद्यालय बना है, वह खलिहान में दर्ज थी। मगर अभिलेखों में हेराफेरी कर इस जमीन पर कब्जा करके विद्यालय का निर्माण कराया गया है। इन लोगों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दूबे ने बताया कि डीएम के निर्देश पर मामले की जांच कराकर यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

**सरकार के निर्देश पर हुआ है निर्माण :** गैसड़ी से सपा विधायक डॉ. एसपी यादव का कहना है कि वर्ष 1995 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने पिछड़े क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी अनुदान पर तथा सरकारी जमीनों पर असेवित कन्या इंटर कॉलेज बनवाने का शासनादेश जारी किया था। उस शासनादेश के तहत तत्कालीन डीएम व एसडीएम ने जमीन उपलब्ध कराई थी।

# नहीं होने देंगे किसी का उत्पीड़नः शैलू सिंह

संवाद न्यूज एजेंसी

## भाजपा मंडलीय सम्मेलन में पूर्व विधायक ने दिलाया भरोसा

**बलरामपुर।** किसी पार्टी व संगठन के लिए कार्यकर्ता ही पूंजी होता है। कार्यकर्ताओं का मान सम्मान सर्वोपरि है। क्षेत्र में किसी भी कार्यकर्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी पात्रों को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाएगा।

ये बातें मंगलवार को गैसड़ी में भाजपा मंडलीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू ने कही। कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। उनके मान सम्मान के लिए हर संभव संघर्ष किया जाएगा। क्षेत्र के सभी पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर लगवाकर दिलाया जाएगा। क्षेत्र की तमाम सड़कों के लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। शीघ्र ही इनके मंजूरी मिलने की संभावना है। इस अवसर पर रामदीन वर्मा, राजेंद्र ओझा, लालमन यादव, रवि मिश्रा व गोविंद पांडेय सहित पार्टी के गैसड़ी, पिपरा, गनेशपुर व बालापुर मंडल के तमाम पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गैसड़ी में भाजपा मंडलीय सम्मेलन में मौजूद पूर्व विधायक शैलू सिंह व अन्य। -संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# कोटेदार के विरुद्ध लोगों ने मोर्चा खोला

पयागपुर। पयागपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत झाला तरहर में खाद्यान्न न मिलने पर ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। नाराज ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी पयागपुर को शिकायती पत्र भी सौंपा है। झाला तरहर के छांगुर यादव,पवन कुमार, उदय राज, मायाराम, भाई लाल, मुन्नी देवी, बिंदु देवी, संजू देवी, ननकाना, राजितराम, मालिकराम आदि लोगों ने कोटेदार के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार टॉप लगवाकर वापस कर देते हैं। राशन नहीं दे रहे हैं, ऊपर से धमकी दी जाती है। उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की तरफ से प्रार्थना पत्र मिला है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# गुरु कुम्हार है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट...

## गुरु पूर्णिमा

बहराइच, संवाददाता। गुरु कुम्हार शिष्य है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट। जिस प्रकार कुम्हार अनगढ़ मिट्टी को तराशकर उसे सुंदर घड़े की शक्ल देता है। उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को हर तरह का ज्ञान देकर उसे विद्वान और सम्माननीय बनाता है। कबीरदास जी का यह दोहा आज के बदलते दौर में भी गुरु शिष्य की सनातन परंपरा का साक्षी है। अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष व अभिनिवेश को दूर करने की कला गुरु के हाथ में होती है।

## गुरु का कोई विकल्प नहीं



बहराइच। गुरु का कोई विकल्प नहीं है। माता-पिता से लेकर शिक्षा देने वाले शिक्षक व अर्धांगिनी के रूप में 24 घंटे देखभाल करने वाली पत्नी भी उनके लिए गुरु के समान है। गुरु का दंड भी पुरस्कार है। मूलरूप से दरभंगा बिहार के रहने वाले एसएसपी कहते हैं कि बदलते माहौल में गुरु की परिभाषा भले ही बदल गई हो, लेकिन गुरुजी सामने होते हैं, तो सिर झुक जाता है, और हाथ चरण छूने के लिए आगे बढ़ जाते हैं। गुरु से मिले ज्ञान से ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

केशव कुमार चैधरी, एसएसपी, बहराइच

- गुरुजनों को देखकर झुक जाता है सिर, चरण छूने को बढ़ जाते हैं हाथ
- बदलते माहौल में आज भी अटूट है गुरु-शिष्य की सनातन परंपरा

## जीवन के अंधकार को दूर करने की युक्ति हैं गुरु



बहराइच। गुरु मृदंग हैं जिनके बजते ही जीवन का अंधकार दूर हो जाता है। गुरु वह दीक्षा है, जो सही मायने में मिलती है। गुरु व सत चित आनंद हैं, जो जिंदगी की खुशियों को चार चांद लगाता है। बिना गुरु के ज्ञान असंभव हैं। हर कठिनाइयों से उबारने वाला एक मात्र गुरु ही है। गुरु के चरण में रहकर ही हमें दिव्य ज्ञान प्राप्त हो सकता है। जिंदगी के हर मोड़ पर गुरुजनों ने राह दिखाई है। जिसकी बदौलत वे आज यहां पहुंचे हैं।

सुभाष त्रिपाठी, विधायक, पयागपुर

## आज भी गुरु को याद कर भर आती हैं आंखें

मैं भूगोल विषय से एमए की डिग्री पाने के बाद किसान पीजी कॉलेज में अस्थाई शिक्षक के रूप में तैनात था। स्थाई शिक्षक चयन के लिए दूसरे शिक्षक का नाम मेरे स्थान पर भेजा गया। इसकी जानकारी मैंने आरबीएस कॉलेज आगरा में कार्यरत अपने गुरु डॉ. मधुसूदन सिंह को दी।



संयोगवश वह शिक्षक हमारे गुरु के मित्र थे। सवाल डिग्री कॉलेज में स्थाई शिक्षक का था, इसलिए इस काम के लिए मेरे गुरु मुझसे भी ज्यादा गंभीर हो गए और आगरा से चलकर कानपुर तक आए। गुरु के प्रयास से न केवल मुझे उच्च शिक्षा हासिल हुई बल्कि भविष्य निर्माण भी हुआ। आज भी उनका चेहरा जब सामने आता है तो सिर श्रद्धा से झुक जाता है, और आंखें भर आती हैं।

मेजर डॉ. एसपी सिंह, पूर्व प्राचार्य, किसानी पीजी कॉलेज, बहराइच

## पिता ही मेरे गुरु, एक फटकार ने बदली जिंदगी



तुमने सिखाया, उंगली पकड़ कर हमें चलना, तुमने बताया कैसे गिरने के बाद संभलना, तुम्हारी वजह से आज हम पहुंचे इस मुकाम पे। प्रारंभिक शिक्षा के दौरान आदतें गलत हो गई। एक दिन पिता जी ने गुरु की भांति शिक्षा दी। फिर एमएलके कॉलेज बलरामपुर चला गया। वर्ष 2009 में एमबीबीएस में चयन हुआ। पिता ही गुरु की भूमिका में भी रहे हैं।

डॉ. विकास मिश्र, मेडिकल कॉलेज, बहराइच

# डीआईजी ने रिक्रूट पासिंग आउट परेड की सलामी ली

**बहराइच, संवाददाता।** पुलिस लाइन में मंगलवार को छह महीने से प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट सिपाहियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। परेड में मुख्य अतिथि देवीपाटन रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेन्द्र अग्रवाल रहे। डीआईजी ने परेड की सलामी ली।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने रिक्रूट सिपाहियों को अपने कर्तव्यों का सफलता पूर्वक निर्वहन करने को उनके पद की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में रिक्रूट आरक्षियों को नियमित व्यायाम, अध्ययन व जनता के बीच उच्च कोटि की पुलिसिंग को आवश्यक टिप्स दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों के कुशल एवं उच्च कोटि के प्रशिक्षण को जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक लाइन अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन्स केपी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार दुबे एवं रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण कार्य में लगे शारीरिक एवं अन्तः विषय के सभी प्रशिक्षकों की भी सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



मंगलवार को पासिंग आउट परेड की सलामी लेते देवी पाटन रेंज के डीआईजी।

**तीन टोलियों में परेड का संचालन किया गया** :बहराइच। परेड का संचालन प्रथम कमाण्डर रिक्रूट सिपाही हर्षित अग्निहोत्री, द्वितीय कमाण्ड रिक्रूट सिपाही रोहित कुमार व तृतीय कमाण्डर रिक्रूट सिपाही ललित कुमार ने कुशलता पूर्वक किया।

**सात टोलियां बनाकर प्रशिक्षण दिया गया** :पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय ने इस जनपदीय आरटीसी को 167 रिक्रूट आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान करने को आवंटन किया गया था। जिनको सात टोलियों में विभक्त कर 10 प्रशिक्षकों ने 13 जनवरी से अब तक 180 दिवस यानि छह महीने प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण अवधि में बाह्य कक्षीय व अन्तः कक्षीय प्रशिक्षण के तहत अनुशासन, परेड, कानून की जानकारी का प्रशिक्षण, वर्तमान सेवारत व सेवानिवृत्त अनुभवी प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षित किया गया।

## डीएम व अन्य अफसरों ने की सहभागिता

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, लाइन्स अशोक कुमार, सीओ लाइन केपी सिंह, जिले में तैनात सीओ डॉ. जंग बहादुर यादव, विनय कुमार द्विवेदी, कमलेश कुमार सिंह, राजीव सिसौदिया, जेपी त्रिपाठी, पीआरओ गौरव सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार दुबे मौजूद रहे।

# घर में अकेली दलित किशोरी से छेड़छाड़

विशेश्वरगंज। एक दलित परिवार के घर में सोमवार रात किशोरी अकेली थी। एक युवक ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़छाड़ की। किशोरी ने शोहदे का कड़ा प्रतिरोध करते हुए शोर मचाया। जिससे आरोपी फरार हो गया। विशेश्वरगंज थाने के एक गांव में एक दलित परिवार के सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक घर में घुस आया। उसने किशोरी के साथ रेप की कोशिश में उसके साथ छेड़छाड़ की। अचानक हुए इस हमले से किशोरी घबरा गई। उसने साहस कर युवक की हरकतों का कड़ाई से प्रतिरोध कर शोर मचाया, तो आसपास के लोग दौड़े। इस बीच किशोरी को छोड़कर शोहदा फरार हो गया। थानाध्यक्ष श्याम देव चौधरी में बताया कि छेड़छाड़ के मामले में तहरीर मिली है। जिस पर आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज, छेड़छाड़ व दलित उत्पीड़न अधिनियम में नेठिया गांव निवासी प्रमोद यादव को नामजद कर केस दर्ज किया गया है।

# काली फिल्म की डायरेक्टर सहित दो पर मुकदमा दर्ज

## नाराजगी

- देवी के गलत प्रदर्शन पर आहत हैं समाज के लोग
- सेक्युलरिज्म के नाम पर हिन्दू आस्था पर चोट

पयागपुर, संवाददाता। विवादित फिल्म काली को लेकर पयागपुर थाने में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा फिल्म की डायरेक्टर लीना मणि मेकलाई के विरुद्ध आन लाइन एफआईआर दर्ज कराई गई है।

केस दर्ज कराने वाले युवक ने कहा है कि विदेशी डायरेक्टर की इस फिल्म में दिखाए गए प्रदर्शन से लोगों की भावना आहत हुई है।

पयागपुर थाने के हटवा गोपाल निवासी हरिद्वार सिंह ने बताया कि काली फिल्म में हिन्दू धर्म के भावनाओं को आहत किया गया है। फिल्म के समर्थन में टीएमसी सांसद ने भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। ऐसे में फिल्म की डायरेक्टर लीना व टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ आनलाइन एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं पर कोई कार्यवाई नहीं की गई, तो भविष्य में लोगों का मनोबल बढ़ेगा, और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी। इसके खिलाफ उन्होंने प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है।

# खुशखबर : पीएसी को मिले 167 नए कांस्टेबल

## पुलिस लाइन में आयोजित पीएसी की 29 वीं पासिंग आउट परेड की डीआइजी ने ली सलामी





पुलिस लाइन मैदान मे पासिंग आउट परेड करते प्रशिक्षणरत आरक्षी व निरीक्षण करते डीआइजी उपेंद्र अग्रवाल • जागरण

जासं, बहराइच : पीएसी को 167 नए कांस्टेबल मिले हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन परिसर में देवीपाटन मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक उपेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। डीआइजी ने पासिंग आउट परेड में सभी रिक्रूट को पद, कर्तव्य, देश सेवा की शपथ दिलाई। इसके साथ ही शानदार परेड की सलामी ली। परेड में छह माह से प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन देखने योग्य था। डीआइजी ने नियमित व्यायाम, अध्ययन एवं जनता के बीच उच्च कोटि की पुलिसिंग के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने रिक्रूट आरक्षियों को अपने कर्तव्य का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। रिक्रूट आरक्षियों के कुशल एवं उच्च कोटि के प्रशिक्षण के लिए अपर पुलिस अधीक्षक लाइन अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन केपी सिंह, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार दुबे व रिक्रूट आरक्षियों के अन्य प्रशिक्षकों की सराहना की। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

परेड का संचालन प्रथम कमांडर रिक्रूट आरक्षी हर्षित अग्निहोत्री, द्वितीय कमांड रिक्रूट आरक्षी रोहित कुमार व तृतीय कमांडर रिक्रूट आरक्षी ललित कुमार ने कुशलतापूर्वक किया गया। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय ने 167 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए यहां भेजा था। सात टोलियों में विभक्त कर 10 प्रशिक्षकों ने 13 जनवरी से छह माह का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण अवधि में वाह्य कक्षीय एवं अंतः कक्षीय प्रशिक्षण के अंतर्गत अनुशासन, परेड, कानून की जानकारी सेवारत व सेवानिवृत्त अनुभवी प्रशिक्षकों ने दी। इस मौके पर जिलाधिकारी दिनेश चंद्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिना आवास बनवाए हड़पा धन, पूर्व प्रधान समेत तीन से होगी वसूली

**जासं, बहराइच :** मिहींपुरवा ब्लाक के चिकनिया निवासी गुलाबचंद्र व अन्य ग्रामीणों की अपात्र को आवास देने की शिकायत लोकपाल मनरेगा की जांच में सही पाई गई। अपर आयुक्त मनरेगा ने बीते सात जून को इसकी जांच के आदेश दिए थे।मनरेगा लोकपाल उमेश तिवारी ने बताया कि तकनीकी टीम ने गांव का स्थलीय निरीक्षण कर सत्यापन किया।जांच में सामने आया कि चिकनिया गांव निवासी शकुंतला देवी के खाते से अशिक्षित होने का लाभ उठाकर पूर्व ग्राम प्रधान पुष्पा देवी, ग्रामपंचायत के पूर्व सचिव जितेंद्र कुमार वर्मा ने साजिश कर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास बनवाए बिना ही 1.20 लाख रुपये हड़प लिए। तीनों को दोषी पाते हुए समान रूप से उनके खाते से इस धनराशि की वसूली करने की संस्तुति की।उन्होंने अपर आयुक्त मनरेगा को पत्र भेजा है।

# कोइरी समाज के अपमान से मौर्य समाज में रोष, कार्रवाई की मांग

**जासं, बहराइच:** फेसबुक पर प्रधानमंत्री की आपत्तिजनक फोटो अपलोड करने और कोइरी अनुसूचित जाति के लोगों के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग करने को लेकर प्रगतिशील विश्व मौर्य परिषद अखंड भारत की जिला इकाई ने विधायक सुभाष त्रिपाठी व एसपी केशव कुमार चौधरी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष आशीष कुमार मौर्य ने बताया कि फेसबुक पर कोइरी की बेटी आइडी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री की बेहद आपत्तिजनक फोटो अपलोड की गई है। अपने प्रोफाइल में पुलिस विभाग, कोइरी व अनुसूचित समाज की बहन बेटियों के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है, जो सभ्य समाज के लिए असहनीय है।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाम सिंह कुशवाहा, तहसील सदर अध्यक्ष शिवकुमार मौर्य, पटवारीलाल मौर्य, हनुमान प्रसाद, ब्लाक उपाध्यक्ष तेजावपुर राजू मौर्य उपस्थित रहे।

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

# दो वर्ष बाद फिर सावन में बहेगी भक्ति की रसधार

## मंदिरों में उमड़ेगा श्रद्धा का हुजूम सुरक्षा के लिए किए जाएंगे कड़े प्रबंध





सिद्धनाथ शिव मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु व मौजूद उमाकांत गिरी महाराज (दाएं से दूसरे)। व सावन आरंभ से पूर्व मंदिर में किया जाता रंग-रोगन • जागरण

**जासं, बहराइच :** सावन का महीना गुरुवार से शुरू हो जाएगा। कोरोना के चलते दो वर्ष बाद फिर से मंदिरों में भक्ति की रसधार बहेगी। इस बार कोई प्रतिबंध नहीं है तो मंदिरों में जप, तप, यज्ञ और रुद्राभिषेक आदि के अनुष्ठान किए जाएंगे। इसे लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है।

सिद्धनाथ मंदिर महाभारत कालीन है। इसके अलावा पीपल चौराहा स्थित शिवमंदिर, संधारन मंदिर और मौनीबाबा मंदिर सहित कई बड़े मंदिर हैं, जहां सावन में प्रतिदिन हजारों लोग भगवान शिव का रुद्राभिषेक करेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी तमाम प्राचीन शिवमंदिर हैं। यहां हजारों लोग पवित्र नदियों में स्नान करके मंदिरों में रुद्राभिषेक करते हैं। नगर पालिका ने स्वच्छता के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। प्रत्येक शिवमंदिर जाने वाले रास्तों पर साफ कराकर चूना डलवाया जाएगा। यह व्यवस्था सावन भर नियमित कराई जाएगी।

**सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध :** मंदिरों के आसपास स्वच्छता के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। सुरक्षा में मजिस्ट्रेट के अलावा इलेक्ट्रानिक सर्विलांस तकनीक प्रयोग में लाई जाएगी। सुरक्षा को ध्यान में रख जिले को जोन और सेक्टरवार बांटा गया है। इसके साथ 25 सौ पुलिस के जवान, बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी, दो कंपनी पीएसी और रिजर्व पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। सभी क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। बड़े मंदिरों के आसपास पुलिस के अलावा इलेक्ट्रानिक सर्विलांस से निगरानी रखी जाएगी।

> श्रद्धालु जहां जल भरेंगे, रात्रि विश्राम एवं रुद्राभिषेक करेंगे। तीनों स्थानों पर कड़ी सुरक्षा रहेगी।
> **–केशव कुमार चौधरी,** पुलिस अधीक्षक



मंदिर जाने वाले मार्ग पर पत्थर लगाते श्रमिक • जागरण


क मेडिकल सेन्टर, बहराइच

# बहराइच के एसडीएम व उनके भाई की पिटाई

संवाद न्यूज एजेंसी

सुल्तानपुर। गोसाईंगंज क्षेत्र के देवरिया गांव में तीन दिन पूर्व भूमि विवाद में चचेरे भाई ने परिवार के साथ मिलकर गांव पहुंचे बहराइच जिले के मिही पुरवा तहसील के एसडीएम की पिटाई कर दी। पिटाई से एसडीएम को गंभीर चोटें आई हैं।

पुलिस ने एसडीएम के भाई की तहरीर पर दंपती और पांच अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। मंगलवार को घटना का वीडियो वायरल होने के बाद मामला सार्वजनिक हुआ। देवरिया गांव निवासी हरिश्चंद त्रिपाठी का अपने चचेरे भाई राजीव कुमार त्रिपाठी से भूमि का विवाद चल रहा है। हरिश्चंद त्रिपाठी के बड़े भाई ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी बहराइच के मिहींपुरवा में एसडीएम हैं।

आठ जुलाई को एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी गांव आए थे। आरोप है कि विवादित भूखंड पर एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी अपने भाई हरिश्चंद्र त्रिपाठी के साथ मिलकर निर्माण कर रहे थे। नौ जुलाई को इसकी जानकारी प्रतापगढ़ में संस्कृत के प्रवक्ता राजीव कुमार त्रिपाठी को हुई तो वे भी गांव आ गए। नौ जुलाई की



खुद को बचाते एसडीएम। -संवाद

## घटना का वीडियो वायरल, दंपती समेत सात के खिलाफ केस

सुबह दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर राजीव कुमार त्रिपाठी समेत अन्य लोगों ने एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी की पिटाई कर दी। कुछ लोगों ने वीडियो भी बनाया।

पुलिस ने एसडीएम ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के भाई हरिश्चंद्र त्रिपाठी की तहरीर पर राजीव कुमार त्रिपाठी, उनकी पत्नी पत्नी व पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना प्रभारी संदीप राय ने बताया कि हरिश्चंद्र त्रिपाठी की तहरीर पर राजीव त्रिपाठी, शोभना त्रिपाठी व पांच अज्ञात के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला, बलवा का केस दर्ज किया गया है।

# 166 रिक्रूट ने पूरी की ट्रेनिंग, तैनाती जल्द

## पुलिस अधीक्षक ने कर्तव्यों के निर्वहन की दिलाई शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी





पुलिस लाइन मैदान में आयोजित परेड का निरीक्षण करते डीआईजी व मौके पर मौजूद अधिकारी। -संवाद

**बहराइच।** पुलिस लाइन में बीते छह माह से प्रशिक्षणरत 166 रिक्रूट आरक्षियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल के डीआईजी उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने परेड की सलामी ली। एसपी केशव चौधरी ने रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इन रिक्रूट को जल्द तैनाती मिलेगी।

रिक्रूट आरक्षियों को सात टोलियों में विभक्त कर 10 प्रशिक्षकों ने छह माह का प्रशिक्षण प्रदान किया। वर्ष 1980 में स्थापित स्थायी आरटीसी प्रशिक्षण केंद्र का इस बार 29वां सत्र संपन्न हुआ। परेड का संचालन प्रथम कमांडर रिक्रूट आरक्षी हर्षित अग्निहोत्री, द्वितीय कमांडर रिक्रूट आरक्षी रोहित कुमार व तृतीय कमांडर रिक्रूट आरक्षी ललित कुमार ने किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधन में रिक्रूट आरक्षियों को नियमित व्यायाम, अध्ययन व उच्च कोटि की पुलिसिंग के निर्देश दिये। संचालन प्रशांत पांडेय ने किया। इस मौके पर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र, एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीएमओ डॉ. एसके सिह आदि मौजूद रहे।

सुरक्षा

दो कंपनी पीएसी व ढाई हजार सिपाही रहेंगे मुस्तैद

# सावन पर सतर्कता : दो जोन और छह सेक्टर में बंटा जिला

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिले को दो जोन व छह सेक्टर में बांटा गया है। मंदिर से लेकर सरयू तट तक पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। मंदिरों में महिला पुलिसकर्मियों की संख्या ज्यादा रहेगी जिससे अराजकता न हो सके। दो कंपनी पीएसी व ढाई हजार सिपाही मुस्तैद रहेंगे।

सावन माह का शुभारंभ 14 जुलाई से हो रहा है। जिले के सभी शिवमंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन कांवड़ मार्ग सही करा रहा है तो पुलिस सुरक्षा के मद्देनजर तैयारी कर रही है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए जिले को छह सेक्टर व दो जोन में बांटा गया है। एक जोन की जिम्मेदारी एएसपी नगर कुमार ज्ञानंजय सिंह व दूसरे जोन की जिम्मेदारी एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार को सौंपी गई है। सेक्टरों की जिम्मेदारी सीओ को सौंपी गई है। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले पुलिस-प्रशासन ने अपील की है कि नई परंपरा शुरू न की जाए। एसपी केशव चौधरी ने बताया कि महिला कांवड़ियों के बीच सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मी मुस्तैद रहेंगी। माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



बहराइच के रेलवे स्टेशन के पास गश्त करती पुलिस। -संवाद

## सोशल मीडिया पर रहेगी निगरानी

एसपी ने बताया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। माहौल खराब करने वाली पोस्ट का तत्काल संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई की जाएगी। ग्रुप एडमिन भी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। ऐसे में सभी से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

### तैयारी पर एक नजर

| | |
|---|---|
| एएसपी | दो |
| सीओ | छह |
| इंस्पेक्टर | 40 |
| दरोगा | 90 |
| सिपाही | 2500 |
| पीएसी | दो कंपनी |



### चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी फोर्स

सावन माह में जलाभिषेक के दौरान जनपद में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात रहेगी। किसी भी श्रद्धालु को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। घाट से लेकर मंदिर तक फोर्स तैनात की जाएगी। खाका तैयार कर लिया गया है।
- केशव चौधरी, एसपी

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2022

# गैंगस्टर एक्ट के तीन दोषियों को 10 वर्ष की कारावास, जुर्माना

**जासं, श्रावस्ती :** गैंगस्टर एक्ट के तीन दोषियों को अपर जिला सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट ) अजय सिंह ने दोष सिद्ध ठहराते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर आरोपितों को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विशेष लोक अभियोजक गजराज मिश्र ने बताया कि सिरसिया थानाध्यक्ष राधेश्याम पुष्कर ने 10 जून 2009 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि सिरसिया क्षेत्र के शंकरपुर निवासी कलामुद्दीन अपने भाई मुकद्दर व मेराज अहमद के साथ गैंग बनाकर जिले में आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए हत्या जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

तीनों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट ) अजय सिंह की कोर्ट पर हुआ। अपर जिला जज ने तीनों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है।

# एएसपी ने ली परेड की सलामी

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन में मंगलवार को परेड ग्राउंड पर परेड का आयोजन किया गया। इसमें एएसपी केसी गोस्वामी ने सर्व प्रथम परेड की सलामी ली और बारीकी से परेड का निरीक्षण भी किया। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित सभी कर्मचारियों को पीटी कराई तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रत्येक दिन पीटी, योगासन आदि करने के लिए प्रेरित किया। एएसपी ने परेड की सलामी के बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

# शांतिभंग में पांच पाबंद

**श्रावस्ती** : विभिन्न थाना क्षेत्र में पांच व्यक्तियों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। सभी को न्यायालय पर पेश किया गया। (वि.)

# महिलाओं की समस्याओं का शीघ्र करें निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** एसपी ने मंगलवार को गिलौला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभारी सहित विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध की समीक्षा की। इस दौरान लंबित विवेचनाओं को शीघ्र पूरा करने व वांछितों को जेल भेजने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मंगलवार गिलौला थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय व परिसर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया। थाना

## गिलौला थाने का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

प्रभारी सहित विवेचकों के साथ मीटिंग कर लंबित एहकमात व अपराध की समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं का निस्तारण करने व लंबित प्रार्थना पत्रों का भी गुणवत्तापूर्ण ढंग से यथाशीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया।

अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। साथ ही अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना व लावारिस तथा मुकदमाती मालों के निस्तारण के लिए संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिया।

महिला हेल्प डेस्क का भ्रमण कर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वह शिकायत लेकर आने वाली महिलाओं की समस्या को सरलता पूर्वक सुनकर उसका यथाशीघ्र निस्तारण करें। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष गिलौला विशुनदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

# पॉक्सो-महिला अपराध के मामलों में दिलाएं सजा



पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी। -संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाखाओं में तैनात सभी पुलिसकर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

इस दौरान शाखा प्रभारियों को रिकार्डों का सही ढंग से रख रखाव करने, डीसीआरबी शाखा को अभियान चलाकर अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई कराने, विशेष किशोर पुलिस इकाई व एएचटीयू शाखा को पॉक्सो एक्ट व बालश्रम संबंधी मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इसके साथ ही जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को जनशिकायती प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारण कराने आदि विषयों पर कार्यशाला आयोजित कराने को कहा।

साइबर सेल को ऑनलाइन फ्राड से संबंधित शिकायतों में पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने, मॉनीटरिंग सेल को पॉक्सो व महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने व एलआईयू शाखा को पासपोर्ट वेरीफिकेशन का समय से निस्तारण करने व अभिसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय करने के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, पेशकार पुलिस अधीक्षक उप निरीक्षक अजय कुमार, उप निरीक्षक अर्जुन पटेल सहित सभी शाखाओं के शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# तीन गैंगस्टरों को दस-दस साल की सजा, जुर्माना भी लगाया

**श्रावस्ती।** सिरसिया के तीन गैंगस्टर को न्यायालय ने दस-दस वर्ष कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला जून 2009 का है। मामला अपर जिला जज त्वरित न्यायालय में चल रहा था। सिरसिया थानाध्यक्ष ने 10 जून 2009 को एक एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें कहा था कि कलामुद्दीन अपने भाई मुकद्दर व एक अन्य मेराज अहमद निवासी ग्राम शंकरपुर के साथ गैंग बनाकर जिले में आर्थिक व भौतिक लाभ लिए हत्या जैसी घटनाओं को करता है। उसके विरुद्ध पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। जिसकी सुनवाई अपर जिला सत्र न्यायाधीश( फास्ट ट्रैक कोर्ट) पर हो रही थी। सुनवाई करने के बाद अपर जिला जज अजय सिंह ने तीनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए 10-10 वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी गजराम मिश्र ने बताया कि अर्थदंड अदा न करने पर तीनों को एक वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। संवाद

# शक्ति मोबाइल टीम ने किया जागरूक



**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति के तहत अब महिलाओं को पुलिस बाजार व चौराहों पर भी जागरूक कर रही है। पुलिस महिलाओं को उनके अधिकार बता रही है। मंगलवार को शक्ति मोबाइल टीम द्वारा सोनवा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर चौपाल लगा कर महिलाओं को जागरूक किया गया। सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम ककंधू व सोनवा स्टोर पर आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी संज्ञा भारती ने कहा कि कहीं आते जाते यदि रास्ते में अथवा कार्यस्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई आपको परेशान करे तो घबराएं नहीं। बल्कि ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर काल कर पुलिस को सूचना दें। केंदुआ गांव में आयोजित चौपाल के दौरान महिला आरक्षी अर्जिता यादव व सोनी देवी ने कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी। (संवाद)

## कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के पश्चिमी केवटनपुरवा निवासी गजेंद्र निषाद के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की है। (संवाद)

## अपर पुलिस अधीक्षक ने ली सलामी

**श्रावस्ती।** रिजर्व पुलिस लाईन भिनगा के परेड ग्राऊंड में मंगलवार को रैतिक परेड का आयोजन हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी द्वारा सलामी ली गई। उन्होंने यूपी 112 वाहनों का निरीक्षण कर मौजूद पुलिसकर्मियों को बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाने, जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे। (संवाद)

## शांतिभंग की आशंका में 11 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोमवार रात 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। दूसरी ओर, पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मंगलवार को 91 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 1,58,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से सभी थाना प्रभरियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार शाम को इकौना थाने की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान गजेन्द्र निषाद पुत्र गूंजी निवासी पश्चिमी केवटन पुरवा थाना इकौना के रूप में हुई।

# दुरुस्त रखें रजिस्टर, समय से आएं दफ्तर

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही रजिस्टरों को दुरुस्त रखने और समय से आफिस आने का निर्देश दिया।

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, पेशी अपर पुलिस अधीक्षक, पेशी क्षेत्राधिकारी लाईन/नगर, महिला शिकायत प्रकोष्ठ को देखा। इसके अलावा उन्होंने डीसीआरबी, अपराध शाखा, विशेष किशोर पुलिस ईकाई, एएचटीयू, आयोग सेल, आगन्तुक हेल्प डेस्क, आईजीआरएस शाखा, जन शिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, विधिक शाखा, विशेष जांच प्रकोष्ठ, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल, मीडिया सेल व स्थानीय अभिसूचना इकाई का भी निरीक्षण किया।



पुलिस आफिस परिसर का निरीक्षण करते एसपी।

निरीक्षण के दौरान एसपी की ओर से शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही समस्त शाखा प्रभारियों को रिकार्डो का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, डीसीआरवी शाखा को अपराधियों पर कार्रवाई कराने, जनशिकायत व आईजीआरएस शाखा को प्रार्थना पत्रों का फीडबैकं लेकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# 91 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 91 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर एक लाख 58 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी दी गई।